माघ कृष्ण पक्ष पंचमी 11:36 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कानपुर, बुधवार, 31 जनवरी 2024
वर्ष 2, अंक 160, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल 16
मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रहीं हैं स्मृति सिन्हा 2

# तेजस्वी से ईडी ने 8 घंटे की पूछताछ, 60 सवाल दागे

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन घोटाले में उनके पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी के समन के बाद तेजस्वी पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी के 12 अफसरों की टीम ने पूछताछ शुरू की, जो लगभग आठ घंटे तक चली। उनसे करीब 60 सवाल किए गए।

तेजस्वी जब बाहर निकले तब पहले से वहां मौजूद उनके समर्थकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। तेजस्वी ने भी पूरे जोश के साथ हाथ हिलाया और विक्ट्री साइन दिखाया। इस दौरान ईडी कार्यालय के बाहर उनकी बड़ी बहन राज्यसभा सांसद मीसा भारती और बड़े भाई पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के अलावा बड़ी संख्या में राजद के विधायक, पूर्व मंत्री और कार्यकर्ता उपस्थित थे। आरोप के अनुसार, लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था।

### जमीन के बदले नौकरी घोटाला



### घोटाला मामले में सीबीआई दाखिल करेगी आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत को अवगत कराया कि वह राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में एक माह के भीतर पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष यह दलील दी। कहा गया कि अंतिम रिपोर्ट फरवरी के अंत तक दाखिल कर दी जाएगी।

### लापता होने के आरोपों के बीच रांची पहुंचे हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई घंटों तक उनके पते ठिकाने को लेकर बने असमंजस के बीच रांची में अपने आधिकारिक आवास पहुंच गए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में बड़ी संख्या में विधायक और मंत्री एक बैठक में हिस्सा लेने से पहले सोरेन का अभिवादन करते नजर आए। मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। सोरेन ने ईडी को ईमेल भेजकर सूचित किया था कि वह बुधवार को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बयान देने के लिए तैयार हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से 36 लाख रुपये, एक एसयूवी और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

### भाजपा नेता की हत्या मामले में केरल की कोर्ट का फैसला

# पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा

अलप्पुझा (केरल), एजेंसी

केरल की एक अदालत ने दिसंबर 2021 में अलप्पुझा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अन्य पिछड़ा वर्ग शाखा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, मावेलिक्कारा वीजी. श्रीदेवी ने दोषियों को सजा सुनाई। विशेष अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल के अनुसार, मामले में दोषी ठहराए गए कुल 15 व्यक्तियों में से 14 को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया था। न्यायाधीश ने मौखिक रूप से कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की वजह से एक दोषी को अदालत में पेश नहीं किया जा सका, जिसे पेशी के दौरान सजा सुनाई जाएगी। अदालत ने मामले में 20 जनवरी को 15 लोगों को दोषी ठहराया था।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव श्रीनिवासन पर 19 दिसंबर, 2021 को उनके परिवार के सामने पीएफआई और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हत्या कर दी थी।

### सभी प्रशिक्षित हत्यारे थे : अभियोजन पक्ष

अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए अधिकतम सजा का अनुरोध करते हुए कहा था कि पीएफआई के ये सदस्य एक प्रशिक्षित हत्यारा दस्ते से जुड़े थे और जिस क्रूर तथा वीभत्स तरीके से पीड़ित को उसकी मां, बच्चे और पत्नी के सामने मारा गया वह इसे दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी के अपराध के दायरे में लाता है।

### श्रीनिवासन को आज न्याय मिला : भाजपा

अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि श्रीनिवासन को न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई– महान शहीद रंजीत श्रीनिवासन को आज न्याय मिला... हम फैसले से खुश हैं और इसका तहे दिल से स्वागत करते हैं।

### फैसले से श्रीनिवासन का परिवार संतुष्ट

फैसले पर श्रीनिवासन के परिवार ने कहा कि वे इससे संतुष्ट हैं। श्रीनिवासन की पत्नी ने कहा कि यह एक असाधारण दुर्लभ मामला था और हमारा नुकसान बहुत बड़ा है। हम घटना की गहन और ईमानदार जांच करने के लिए अभियोजन और जांच अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।

## एक नजर

### पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी की हादसे में मौत

**जयपुर।** राजस्थान में अलवर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम सड़क हादसे में बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल और उनका बेटा घायल हो गया, जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। मानवेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे हैं। थानाधिकारी नेकीराम ने बताया कि दिल्ली से जयपुर आ रहे सिंह की (एसयूवी) कार नौगांव के पास एक पुल की दीवार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। उन्हें अलवर के सोलंकी अस्पताल ले जाया गया, चिकित्सक विक्रांत सोलंकी ने बताया कि मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। मानवेन्द्र सिंह और उनके बेटे हमीर सिंह तथा चालक नरेंद्र का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अनेक नेताओं ने शोक जताया है।

### रामदेव की मोम प्रतिमा का दिल्ली में अनावरण

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव की आदमकद मोम की प्रतिमा का मंगलवार को दिल्ली में मैडम तुसाद न्यूयॉर्क में अनावरण किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव स्वयं भी उपस्थित रहे और उन्होंने कुछ आसन भी किए। मर्लिन एंटरटेनमेंट्स ने एक बयान में कहा कि प्रशंसकों के लिए मोम की प्रतिमा उपलब्ध होगी। मोम की प्रतिमा का अनावरण दर्शकों के लिए एक उपहार और योगी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है जो लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। मैडम तुसाद न्यूयॉर्क के प्रवक्ता टियागो मोगोडोरो ने कहा कि स्वामी रामदेव की प्रतिमा आध्यात्मिक ज्ञान और स्वास्थ्य के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतिनिधित्व करता है।

### अमृतसर में हेरोइन और ड्रोन बरामद

**जालंधर।** पंजाब के अमृतसर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संदिग्ध हेरोइन के पैकेट के साथ एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को सीमा पार तस्करों द्वारा ड्रोन के माध्यम से नशीले पदार्थों की खेप गिराने के प्रयास के बारे में बीएसएफ खुफिया तंत्र की विशेष सूचना पर जवानों ने गांव दाओके, अमृतसर के विनसिटी में सीमा बाड़ क्षेत्र के पास व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया।

# सपा ने घोषित किए 16 प्रत्याशी डिंपल समेत तीन परिवार के

## लोकसभा चुनाव : धर्मेंद्र बदायूं से तो अक्षय यादव फिरोजाबाद से लड़ेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने मंगलवार को 16 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी से चुनावी मैदान में उतारा गया है। संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया गया है। राजधानी लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं उम्मीदवारों की इस सूची में डिंपल यादव समेत तीन उम्मीदवार अखिलेश यादव के परिवार से ही है। इनमें चचेरे भाईयों धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम भी शामिल है।

समाजवादी पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनन्द भदौरिया, उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा को टिकट दिया है।

लालजी वर्मा बीते विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा छोड़कर वे सपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया था। वे चुनाव जीतकर विधायक भी बने। विधायक रहते अब सपा ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी अधिकृत तौर पर घोषित किया है। बसपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके लालजी टांडा सीट से भी विधायक रह चुके हैं।



पत्नी डिंपल यादव के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। (फाइल फोटो)

- उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा होंगे मैदान में
- अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को टिकट

### सपा ने मारी बाजी

लोस चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की सूची जारी के मामले में सपा ने बाजी मार ली है। घोषित प्रत्याशियों को अपना प्रचार शुरू करने में ज्यादा वक्त मिल जाएगा। पार्टी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर सूची जारी करते हुए यह भी लिखा कि सपा ने कांग्रेस और रालोद गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने का फैसला किया है। उप्र. की 80 में से 60 सीटों पर सपा ने लड़ने का फैसला लिया है। सात सीटें रालोद को दी गई है, 11 सीटें सपा ने कांग्रेस को दी है। हालांकि, 11 सीट की बात पर कांग्रेस की तरफ से स्पष्ट सहमति नहीं दी गई है।

## जम्मू-कश्मीर में शक्तिशाली विस्फोटक बरामद

**जम्मू।** पुलिस ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में मलेशियाई बैटरी से लैस दो शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा श्मशान घाट के पास बेईन नाला के किनारे सुबह-सुबह तलाशी अभियान के दौरान झाड़ियों में छिपाई गई पॉलिथीन में पैक दो संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। तत्काल बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को बुलाया गया। जांच में पता चला कि दोनों वस्तुएं आईईडी थीं। पुलिस ने कहा कि प्रत्येक आईईडी एक प्लास्टिक बोतल के भीतर थी। बोतल और इसमें एक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक 9वी बैटरी (मलेशियाई), एक सर्किट, स्प्लिंटर्स के रूप में काम करने वाले स्क्रू और विस्फोटक सामग्री जैसे घटक शामिल थे। इसके अतिरिक्त आईईडी रखने वाले प्लास्टिक कंटेनरों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से लेपित किया गया था।

# सीआरपीएफ के 3 कमांडो नक्सली मुठभेड़ में शहीद



- छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर सीमा पर तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़, 17 अन्य घायल

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ के तीन कमांडो शहीद हो गए और 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस महानिदेशक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी. ने बताया कि यह घटना बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुडेम गांव के समीप उस वक्त हुई, जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल तलाश अभियान चला रहा था। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी।

कोबरा कमांडो की 201वीं बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 150वीं बटालियन का एक दल इलाके में अग्रिम अभियान शिविर (एफओबी) स्थापित करने के लिए काम कर रहा था, तभी अपराह्न करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। एफओबी एक दूरस्थ शिविर है, जिसका उद्देश्य मुख्य नक्सली क्षेत्रों में सक्रिय सुरक्षा बलों को अभियानगत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

सीआरपीएफ की 'कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन' (कोबरा) जंगल में युद्ध अभियान चलाने वाली इकाई है। सूत्रों ने बताया कि कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इनमें से चार जवानों की हालत गंभीर है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है।

# 84 आईपीएस अफसरों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र शासन ने मंगलवार को 84 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें एक ही जिले में तीन साल से जमे और हाल ही प्रोन्नत अफसरों को नई तैनाती दी गई है। कुछ अफसरों को उनके तैनाती स्थल पर ही प्रमोशन दिया गया है। इस तबादले में कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात कई अफसर बदले गए हैं। यह तबादला लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

गृह सचिव डॉक्टर संजीव गुप्त और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को तैनाती स्थल पर ही एडीजी के पद पर प्रमोशन दिया गया है। डीआईजी कानून व्यवस्था एल रवि कुमार को आईजी कानून-व्यवस्था बनाया गया हैं। लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात जेपीसी आकाश कुलहरि को उनकी तैनाती स्थल पर आईजी बनाया गया है। कानपुर कमिश्नरेट में जेपीसी आनंद प्रकाश तिवारी को हटाकर आईजी भवन कल्याण बनाया गया है। अलीगढ़ रेंज के डीआईजी शलभ माथुर को वहीं आईजी रेंज बना दिया गया है।

### बदलाव : अब संजय पीलीभीत और जोगिंद्र रामपुर के डीएम

**लखनऊ।** रामपुर और पीलीभीत में जिलाधिकारी पद के तबादले में फेरबदल किया गया है। अब संजय कुमार सिंह रामपुर की जगह पीलीभीत के डीएम होंगे, जबकि बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह रामपुर के डीएम होंगे। विशेष सचिव गृह राजेश राय कौशांबी और विशेष सचिव नमामि गंगे प्रवीण मिश्र को मऊ का डीएम बनाया गया है। राज्य संपत्ति अधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह को फर्रुखाबाद का डीएम व मऊ में डीएम रहे अरुण कुमार को विशेष सचिव नमामि गंगे बनाया गया है। अमरोहा की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रतिभा सिंह आगरा की सीडीओ बनाई गई हैं।

### पेपर लीक मामला

## आरआरबी के पूर्व अध्यक्ष को पांच साल की जेल

**नई दिल्ली।** हैदराबाद में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने 2010 में 1,936 सहायक स्टेशन मास्टर और सहायक लोको पायलट की भर्ती के लिए प्रश्नपत्रों के लीक होने के सिलसिले में रेलवे भर्ती बोर्ड मुंबई के तत्कालीन अध्यक्ष सतेंद्र मोहन शर्मा और नौ अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई मामलों के लिए प्रधान विशेष न्यायाधीश (हैदराबाद) ने जिन लोगों को सजा सुनाई है, उनमें आसन-मैंगलोर रेल विकास निगम के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ए के जगन्नाधम भी शामिल हैं। अदालत ने शर्मा पर 1.75 लाख रुपये और जगन्नाधम पर 1.31 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सभी 10 आरोपियों पर कुल 7.87 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। एजेंसी ने 15 जून, 2010 को आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था और 13 सितंबर 2010 को तीन महीने के भीतर आरोप पत्र दाखिल किया था।

# भाजपा ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव जीता

चंडीगढ़, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में जीत हासिल की और तीन शीर्ष पदों पर कब्जा बरकरार रखा। इसे आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इस बीच आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया और चुनाव परिणामों को रद करने तथा हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध किया।

महापौर पद के लिए परिणाम घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के दो दलों के पार्षदों ने चंडीगढ़ नगर निगम सदन में हंगामा किया और वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के चुनाव का बहिष्कार किया। भाजपा के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने कांग्रेस समर्थित आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को हराकर जीत हासिल की। सोनकर को 16 मत मिले, जबकि कुमार के पक्ष में 12 मत आए। आठ मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। भाजपा के उम्मीदवार कुलजीत संधू और राजिंदर शर्मा क्रमशः वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर पद के लिए निर्वाचित घोषित किए गए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा गुंडागर्दी में संलिप्त रही और आज का दिन लोकतंत्र के लिए काला दिन है।

- आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट का रुख किया

### भाजपा ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई : मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि मंगलवार को भारतीय राजनीति के इतिहास में 'काले दिन' के तौर पर याद किया जाएगा, क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आज चंडीगढ़ के मेयर के चयन के दौरान लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई हैं। मान ने पंजाब भवन में पत्रकारों से कहा कि इस मौके को हमारे लोकतंत्र के इतिहास में काले दिन के तौर पर याद रखा जाएगा।

### रोडवेज बस-डीसीएम से भिड़ी स्कूल वैन

# एक छात्र समेत तीन लोगों की मौत

संवाददाता, उझानी/कछला (बदायूं)

- भीषण हादसे में स्कूल वैन में सवार 7 अन्य छात्र भी घायल
- वैन के चालक के ओवरटेक करने की वजह से हुआ हादसा

**अमृत विचार :** रोडवेज बस को ओवरटेक करने के चक्कर में बच्चों को लेकर स्कूल जा रही वैन सामने से आ रही डीसीएम से टकराकर अनियंत्रित हो गई। हादसे में रोडवेज बस ने पीछे से अनियंत्रित वैन को टक्कर मार दी। भीषण हादसे में एक छात्र समेत वैन चालक और उसके डेढ़ साल के बेटे की मौत हो गई। जबकि सात अन्य छात्र-छात्राएं घायल हो गए।

उझानी क्षेत्र के गांव जनईया निवासी उमेश (28) पुत्र यशपाल के पास ईको वैन थी। वह गांव फूलपुर के बच्चों को उझानी क्षेत्र के गांव बुटला बोर्ड स्थित कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज में लाने-ले जाने का काम करता था। मंगलवार सुबह वह घर से वैन लेकर निकला तो डेढ़ साल का बेटा दुष्यंत भी साथ जाने के लिए जिद करने लगा। उमेश ने वैनर में बैठा लिया। वह फूलपुर पहुंचा। तेजपाल की बेटी मेहर (9), कृतिका (7), बेटा आलेख (6), सुरेंद्र मौर्य की बेटी राधा (11) व स्वाति (17), विक्रम की बेटी सरिता (6) व शीतल, छत्रपाल के बेटे निशांत (6) को कॉलेज लेकर जा रहा था। सुबह करीब 9.30 बजे बरेली-मथुरा राजमार्ग पर करुआ पुल के पास फूलपुर मोड़ पर अलीगढ़ डिपो की बस को ओवरटेक किया तभी सामने से आई डीसीएम से वैन टकराकर अनियंत्रित हो गई। पीछे से रोडवेज बस ने वैन को टक्कर मार दी। हादसे में वैन चालक उमेश, उसके बेटे दुष्यंत और छात्र आलेख की मौत हो गई। घायल छात्र-छात्राओं को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। स्वाति की हालत गंभीर होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज सैफई भेजा गया। उमेश के पिता यशपाल की तहरीर पर डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## वसूली मामले में मुंबई के पुलिस आयुक्त को दी क्लीनचिट

**ठाणे।** सीबीआई ने पर्याप्त सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और अन्य के खिलाफ दर्ज कथित जबरन वसूली के मामले को बंद करने के संबंध में रिपोर्ट पेश की है।

एजेंसी ने 18 जनवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाणे के समक्ष एक क्लोजर रिपोर्ट पेश की। अदालत फरवरी में रिपोर्ट पर विचार कर सकती है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मामले में तथ्य और परिस्थितियां आरोपों को साबित नहीं करतीं या किसी भी आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई भी सबूत का खुलासा नहीं करतीं।

# प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई की अधिसूचना पर लें निर्णय

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सहायक अध्यापकों की प्रोन्नति के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए, राज्य सरकार से कहा है कि वह प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद) द्वारा जारी 11 सितंबर 2023 की अधिसूचना पर निर्णय ले। उक्त अधिसूचना के तहत एनसीटीई ने जूनियर बेसिक व नर्सरी स्कूलों के प्रधानाध्यापक-प्रधानाध्यापिका तथा सीनियर बेसिक स्कूलों के सहायक व प्रधान अध्यापक-अध्यापिका के पदों पर प्रोन्नति के लिए टीईटी को अनिवार्य किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने हिमांशु राना व अन्य की याचिका पर पारित किया।

याचिका में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981 के नियम 18 की वैधता को चुनौती दी गई है। याचियों की ओर से अधिवक्ता अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने दलील दी कि वर्ष 2010 में टीईटी लागू होने के बाद ही नियुक्ति व प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया था, इसके लागू होने से पूर्व नियुक्ति पाए अध्यापकों के लिए यह व्यवस्था दी गई थी कि वे अपने पदों पर कार्यरत रहेंगे परंतु प्रोन्नति पाने के लिए उन्हें भी टीईटी पास करना होगा। कहा गया कि 11 सितम्बर 2023 को अधिसूचना जारी करते हुए, एनसीटीई ने पुनः इस बात को स्पष्ट किया है कि प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य शर्त है, बावजूद इसके नियम 18 के तहत टीईटी न पास करने वाले अध्यापकों को प्रोन्नति दी जा रही है।

न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए, मामले में विचार की आवश्यकता जताई व केंद्र तथा राज्य सरकार समेत सभी प्रतिवादियों को तीन सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। साथ ही एनसीटीई के 11 सितम्बर 2023 के अधिसूचना के तहत निर्णय लेने के उपरांत ही प्रोन्नति करने का आदेश दिया है। हालांकि न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश अर्ह अध्यापकों के प्रोन्नति में बाधा न माना जाए तथा इस सम्बंध में की गई कार्रवाई वर्तमान याचिका के परिणाम के अधीन होंगी।



- सहायक अध्यापकों को लेकर हाईकोर्ट ने दिया आदेश
- एनसीटीई ने प्रोन्नति के लिए टीईटी को किया है अनिवार्य
- सभी प्रतिवादियों को 3 सप्ताह में जवाबी हलफनामा देने का आदेश



# राहुल और जडेजा के चोटिल होने से बढ़ीं चयनकर्ताओं की मुश्किलें

## पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर श्रृंखला में वापसी करने पर

नई दिल्ली, एजेंसी

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के पहले टेस्ट मैच में चोटें लगने से चयनकर्ताओं के सामने दुविधा पैदा हो गई है कि उनकी जगह किन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाए। दरअसल पहले मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला में वापसी पर है। जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन करके मैच अपने पाले में कर लिया।



### 4 स्पिनरों के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

भारतीय टीम इंग्लैंड की तरह ही 4 स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ उतर सकती है। ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके। जडेजा की ही तरह सौरभ बाएं हाथ के स्पिनर हैं और हाल ही में शतक भी लगा चुके हैं।

### रविंद्र जडेजा और राहुल का विकल्प तलाशना मुश्किल

जडेजा और राहुल दोनों ही मांसपेशियों में दर्द से जूझ रहे हैं। जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल है और राहुल वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं। विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं। लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे। वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं, जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

### अनिल कुंबले ने कुलदीप यादव को दी तरजीह



स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। चार टेस्ट के अपने कॅरिअर में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। उन्होंने पांच पारियों में नाबाद 85 और नाबाद 95 रन बनाए हैं और दो विकेट भी लिए हैं।

### पूर्व चयनकर्ता ने दी 3 स्पिनरों के साथ उतरने की सलाह

पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है। हमें इंग्लैंड की नकल करके चार स्पिनरों को उतारने की जरूरत नहीं है। अपनी धरती पर दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हमारी ताकत रहे हैं। हमें उसी पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पारी की शुरुआत शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को करनी चाहिए और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए।

# इंग्लैंड के खिलाड़ियों में भारत को मात देने की क्षमता : बेन स्टोक्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम में जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है वे भारत को उसकी धरती पर मात देने में सक्षम हैं। टॉम हार्टले ने अपने पहले टेस्ट में ही भारत की दूसरी पारी में 7 विकेट लेकर इंग्लैंड को 28 रन से यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



इंग्लैंड की टीम हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में सिर्फ एक तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ मैदान में उतरी और उसकी यह रणनीति कामयाब रही।

स्टोक्स ने कहा कि कभी-कभी अनुभवहीनता को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है। हालांकि इसमें संदेह नहीं कि अनुभवी खिलाड़ी इन परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करता है। इस दौरे के लिए हमने जिन स्पिनरों को चुना है, वे भारत को हराने का सबसे अच्छा मौका देंगे। हम चाहते हैं कि वे परिणाम के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

# अक्षदीप सिंह ने पैदल चाल में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



चंडीगढ़, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को पुरुषों के 20 किलोमीटर वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर अपना ही एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

उत्तराखंड के सूरज पंवार दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने पेरिस ओलंपिक का एक घंटे 20 मिनट 10 सेकंड का क्वालीफाइंग मार्क पार किया। उन्होंने एक घंटे 19 मिनट 43 सेकंड का समय निकाला। वह पेरिस ओलंपिक में पैदल चाल के लिए क्वालीफाई करने वाले चौथे भारतीय हैं।

प्रेमजीत सिंह बिष्ट और विकास सिंह भी क्वालीफाई कर चुके हैं। एक देश से तीन ही खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं और अब भारतीय एथलेटिक्स संघ को तय करना है कि इन चारों में से कौन पेरिस जाएगा।

# मुशीर का शतक, सुपर 6 मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 214 रन से रौंदा

## 296 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 81 रन पर हुई ढेर

ब्लूमफोंटेन, एजेंसी

मुशीर खान के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मंगलवार को अंडर-19 विश्वकप में सुपर-6 के पहले मुकाबले न्यूजीलैंड को 214 रनों से हरा दिया है। मुशीर खान ने 131 रन की शतकीय और आदर्श सिंह ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 8 विकेट पर 295 रनों का स्कोर खड़ा किया।

296 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। न्यूजीलैंड ने पहले ही ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज टॉम जोन्स का विकेट शून्य पर गवां दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड के विकेट लगातार गिरते चले गए। जेम्स नेल्सन 10 रन, कप्तान ऑस्कर जैक्सन 19 रन, जैक कमिंग16 रन, एलेक्स थॉम्पसन 16 रन बनाकर आउट हुए।

शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। सौमी पांडे के 4 विकेट, मुशीर खान और राज लिंबानी के दो-दो विकेट, नमन तिवारी और अर्शीन कुलकर्णी के एक-एक विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को 28.1 ओवर में 81 रन पर ढेर कर विश्व कप का पहला सुपर 6 मुकाबला जीत लिया।



**131** रन की पारी खेली मुशीर खान ने

**52** रन बनाए अदर्श सिंह ने 58 गेंदों में

### शुरुआती झटकों के बाद मुशीर ने संभाली पारी

टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का विकेट पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर खो दिया। इसके बाद आदर्श सिंह ने मुशीर खान के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। आदर्श 58 गेंद में छह चौके की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान उदय सहारन ने मुशीर के साथ 87 रन की साझेदारी की। उदय 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अरावेली अवनीश 17 रन, प्रियांशु मोलिया 10 रन, सचिन दास 15 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच मुशीर खान ने शतक जड़ा। यह उनका इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक है। मुशीर खान ने टूर्नामेंट में चार मैच की चार पारियों में 81.25 की औसत से 325 रन बना चुके हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक है। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 295 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से मेसन क्लार्क ने 4 विकेट लिए। रयान त्सोर्गस, इवाल्ड श्रेडर, जैक कमिंग और ओलिवर तेवतिया ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## खेल डायरी

### दीप्ति शर्मा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर



**दुबई।** भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढ़कर आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में मंगलवार को संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि भारत की रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा 3 पायदान गिरकर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई। दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं है, इसमें दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। बल्लेबाजों में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा रौड्रिग्स 13वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर है। आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, जबकि उनकी हमवतन ताहलिया मैकग्रा दूसरे स्थान पर हैं।

### भारत क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हारा

**मस्कट।** मोहम्मद राहील की हैट्रिक के बावजूद भारत को एफआईएच हॉकी-5 पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को नीदरलैंड ने 7-4 से हार का सामना करना पड़ा। राहील के अलावा मनदीप मोर ने भारत के लिए गोल दागे। नीदरलैंड के लिए सैंडर डे विज्न और अलेक्जेंडर शॉप ने दो-दो गाल किए, जबकि लुकास मिडेनडोर्प, जैमी वान आर्ट और पेपिन रेयेंगा ने एक-एक गोल किया। मैच की शुरुआत काफी अच्छी रही और भारत के लिए राहील ने पहले ही मिनट में गोल दागा। इसके बाद नीदरलैंड को सैंडर ने बराबरी दिलाई। भारत ने जवाबी हमले तेज किए और सातवें मिनट में राहील ने दूसरा गोल दाग दिया। इसे शॉप ने दसवें मिनट में उतारा। मनदीप ने अगले मिनट फिर बढ़त दिलाई। इसके बाद मिडेनडोर्प और वान आर्ट ने गोल दाग दिए।

### अनीष और विजयवीर फाइनल की दौड़ से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के अनीष भानवाला और विजयवीर सिद्धू मिस्र के काहिरा में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप चरण एक की पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर में 579 के समान स्कोर के साथ क्रमशः 10वें और 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय अभिनव चौधरी मिस्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक सिटी निशानेबाजी रेंज में 569 अंक के साथ 22वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में अंजुम मोदगिल, प्रिया ब्रिजपाल सिंह और आशी चौकसी एलिमिनेशन दौर से आगे बढ़ने में सफल रहे और बुधवार को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे।

### त्रीशा-गायत्री दूसरे दौर में, अश्विनी-तनीषा से होगी भिड़ंत

थाईलैंड मास्टर्स

**बैंकॉक।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले में लोक लुइ और विंग युंग एनजी की हांगकांग की जोड़ी को हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। छठी वरीय भारतीय जोड़ी ने पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे और 14 मिनट में 16-21, 21-10 21-18 से जीत दर्ज की। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की हमवतन गैर वरीय जोड़ी से भिड़ेंगी। तनीषा और अश्विनी ने लिंग फैंग हू और शियाओ मिन लिन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-13, 21-17 से हराया। पुरुष एकल में भारत के समीर वर्मा और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रामण्यम दो क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में सफल रहे। समीर ने अमेरिका के होवार्ड शू को पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के पहले दौर में 21-9, 21-16 से हराने के बाद चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ को 16-21, 21-16, 21-15 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। मुथुस्वामी ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को 9-21, 21-17, 21-12 से हराने के बाद थाईलैंड के कोराकृत लाओत्राकुल को 20-22, 21-10, 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। समीर पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस जबकि मुथुस्वामी मलेशिया के जुन हाओ लियोंग से भिड़ेंगे।

# दिव्या देशमुख ने दर्शकों पर लगाया लिंगभेद का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि हाल ही में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान दर्शकों की ओर से लिंगभेद का सामना करना पड़ा।

नागपुर की 18 वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय मास्टर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में अपने इस खराब अनुभव का ब्योरा दिया है। उन्होंने लिखा कि मैं काफी समय से इस पर बोलना चाहती थी लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने का इंतजार कर रही थी। मैंने देखा है कि शतरंज में दर्शक महिला खिलाड़ियों को बहुत हलके में लेते हैं। हाल ही में खुद यह अनुभव किया। कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिस पर गर्व है। उन्हें लोगों ने बताया कि दर्शकों का ध्यान उनके खेल पर था ही नहीं बल्कि बाकी गैर जरूरी चीजों जैसे कपड़े, बाल, लहजे पर था।



देशमुख चैलेंजर श्रेणी में 4.5 स्कोर करके 12वें स्थान पर रहीं। उन्होंने कहा कि पुरुष खिलाड़ियों को उनके खेल के लिए जाना जाता है जबकि महिलाओं के मामले में उलटा है।

उन्होंने कहा कि वह इससे काफी दुखी थी। यह काफी दुखद है कि जब महिला शतरंज खेलती है तो वह कितना भी अच्छा खेले, लोग खेल पर ध्यान नहीं देते। महिला खिलाड़ियों को रोजाना इसका सामना करना पड़ता है और वह तो 18 साल की ही हैं। इतने साल तक ऐसी ही गैर जरूरी चीजों पर यह सब झेला है। महिलाओं को भी समान सम्मान मिलना चाहिए।

# जोसेफ चोट के कारण आईएलटी-20 से बाहर

**गाबा।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 7 विकेट लेने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ गाबा टेस्ट मैच के दौरान लगी चोट के कारण आईएलटी-20 से बाहर हो गए हैं। वह दुबई कैपिटल्स का हिस्सा थे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद इसका हिस्सा बनना था।

जोसेफ को गस ऐटकिंसन की जगह टीम में शामिल किया गया है। ऐटकिंसन इस समय भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेल रही इंग्लैंड की टीम का हिस्सा हैं। ऐटकिंसन के वापस आने की स्थिति में भी जोसेफ पेशावर की टीम के साथ बने रहेंगे।

# मुंबई ओपन चैंपियनशिप 5 फरवरी से

मुंबई, एजेंसी

मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे, जिसका आयोजन 6 साल के बाद मुंबई में 5 से 11 फरवरी तक होगा। आयोजन क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (ब्रेबॉर्न स्टेडियम) में होगा।

मुंबई ओपन के तीसरे सत्र में एकल वर्ग में शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि युगल वर्ग में छह खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर सीरीज का हिस्सा है। विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज अमेरिका की कायला डे टूर्नामेंट के एकल में भाग लेने वाली 32 खिलाड़ियों में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी हैं। वह 2016 में अमेरिकी ओपन में लड़कियों की एकल वर्ग की चैंपियन रही है। जापान की नाओ हिबिनो और फ्रेंच ओपन की पूर्व सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक एकल में शीर्ष 100 में शामिल दो अन्य खिलाड़ी है।

अंकिता रैना एकल मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। युगल में भारत की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी प्रार्थना थोम्बरे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो को मुख्य ड्रॉ में सीधा प्रवेश मिला है। टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड धारकों के नामों की जल्द घोषणा होने की संभावना है।



# बॉलीवुड हलचल

## स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी पुष्पा २




दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 इस साल 15 अगस्त को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा द राइज की जबरदस्त सफलता के बाद अब मेकर्स इसका सीक्वल पुष्पा 2 लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने पुष्पा 2 का नया पोस्टर लॉन्च किया है। पुष्पा 2 : द रूल का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा कि पुष्पा राज का शासन शुरू होने में बस 200 दिन बाकी। 15 अगस्त को दुनियाभर में होगी रिलीज। पुष्पा : द राइज को सुकुमार ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म के निर्देशक सुकुमार और अभिनेता अल्लू अर्जुन मई के अंत तक पुष्पा 2 की शूटिंग खत्म करने की कोशिश में हैं। कहा जा रहा है कि अभी फिल्म की लगभग 100 दिनों की शूटिंग बाकी है, जिसे खत्म करने के लिए टीम अगले 5 महीनों तक लगातार शूटिंग करेगी।

### वीडियो में बोल्ड अंदाज में दिखने पर सोशल मीडिया पर ट्रोल हुईं साक्षी चोपड़ा

रामानंद सागर की पड़पोती साक्षी चोपड़ा की बोल्ड फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं। साक्षी चोपड़ा इन दिनों अपने एक गाने को लेकर चर्चा में हैं। साक्षी चोपड़ा के गाने के नाम घोस्ट्स है। जिसको लेकर एक्ट्रेस खूब ट्रोल हो रही हैं। इस वायरल हो रहे गाने में साक्षी चोपड़ा बेहद बोल्ड अंदाज में दिखाई दीं। साक्षी चोपड़ा को उनके बोल्ड अंदाज को लेकर खूब ट्रोल हो रही है। साक्षी चोपड़ा के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए यूजर्स उनकी तुलना उर्फी जावेद से करते हुए नजर आए तो वहीं फैंस को साक्षी चोपड़ा का ये बोल्ड अंदाज काफी पसंद आ रहा है। फैंस साक्षी चोपड़ा के इस डांस वीडियो की जमकर तारिफ करते हुए नजर आए।

## मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं स्मृति सिन्हा

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा की पहली मराठी और हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली फिल्म 2 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी। स्मृति सिन्हा इस फिल्म के जरिये मराठी और हिंदी में डेब्यू कर रही हैं। वह इस फिल्म को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म में उनके साथ पुष्कर जोग, पूजा सावंत, दिशा परदेशी और पुष्कराज चिरपुटकर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि यह उनके लिए शानदार मौका है अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का। पूरा भरोसा है कि उनका काम मराठी ऑडियंस को भी बेहद पसंद आएगा। साथ ही हिंदी भाषी लोगों को भी फिल्म मुसाफिरा अपनी ओर आकर्षित करेगी। स्मृति सिन्हा ने कहा कि उन्हें अपनी मेहनत और काबिलियत पर भरोसा है। उन्होंने हमेशा कोशिश की कि अपने हिस्से का किरदार पूरी संजीदगी से निभाएं, वह चाहे रियल लाइफ में हो या रील लाइफ में।



## तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज



अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी जल्द ही रोमांटिक फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। टाइटल ट्रैक में शाहिद और कृति के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। यह गाना राघव और तनिष्क बागची द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इस गाने को दोनों ने असीस कौर के साथ मिलकर गाया है। इसके बोल बागची ने लिखे हैं। शेख जानी बाशा ने गाने की कोरियोग्राफी की है। दिनेश विजान निर्मित तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

### सनी लियोनी ने नोएडा में खोला रेस्टोरेंट



बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी ने फूड इंडस्ट्री के बिजनेस में कदम रखा है। सनी ने अपना खुद का रेस्टोरेंट शुरू किया है, जिसकी ओपनिंग राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा शहर में की गई है। इसको लेकर सनी लियोनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ वीडियो और फोटोज भी शेयर की हैं। सनी लियोनी के रेस्टोरेंट का नाम चिका लोका है। सनी लियोनी ने बताया कि वह एक्टिंग और फिल्मों के साथ बिजनेस में कदम बढ़ा रही हैं। रेस्टोरेंट के अलावा वे और भी कई सारे आइडियाज में काम करना चाहती हैं।

### ऋतिक रोशन को कॉमेडी फिल्म करने का बेसब्री से इंतजार



ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच ऋतिक रोशन ने कहा कि वह पिछले कुछ समय से कॉमेडी फिल्म करने का इंतजार कर रहे हैं। ऋतिक रोशन ने कहा कि वह एक कॉमेडी फिल्म करने के लिए उतावले हैं। लेकिन कोई स्क्रिप्ट नहीं मिली है। वह अमेरिकी कॉमेडी फिल्म हैंगओवर जैसी कहानी की तलाश में हैं। इस तरह से ऋतिक रोशन ने अक्षय कुमार और अजय देवगन को टक्कर देने के लिए सोच लिया है। दरअसल, अक्षय कुमार और अजय देवगन कॉमेडी फिल्में करते नजर आते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### ब्यूटी पार्लर के बहाने प्रेमी के साथ निकल गई दुल्हन

चौबेपुर। पड़ोसी कानपुर देहात जनपद के एक गांव से सोमवार की रात चौबेपुर क्षेत्र के एक गांव में बारात आई थी। बताया जाता है कि बारात आने के बाद जनवासे में बारातियों के स्वागत-सत्कार के साथ जलपान आदि के बाद आगवानी की तैयारी चल रही थी। दूल्हा भी उत्साह से लबरेज था और बाराती मौज-मस्ती के साथ अगवानी में नाचने-झूमने के लिए तैयार हो रहे थे। हर तरफ खुशी और उत्साह का माहौल था। जनवासे में अगवानी की तैयारियों के बीच खबर पहुंची कि दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। वह सजने-संवरने के बहाने घर से ब्यूटी पार्लर के लिए निकली थी। वहां से मौका पाकर वह अपने प्रेमी के साथ निकल गई। दुल्हन के गायब होने की खबर फैलते ही कन्या पक्ष के साथ बारातियों में हड़कंप मच गया। दुल्हन ही नहीं, दूल्हा के परिजनों और नाते-रिश्तेदारों के होश उड़ गए। दुल्हन के ऐन वक्त पर लापता हो जाने से पहले तो बाराती खरी-खोटी सुनाते रहे और फिर हताश होकर दूल्हे के साथ सभी बाराती रात में ही वापस लौट गए। थाना प्रभारी संजय पांडेय का कहना है कि उन्हें ऐसे मामले की कोई जानकारी नहीं है।

### शराब के साथ गिरफ्तार

रसूलाबाद। असालतगंज चौकी इंचार्ज रामपुत्र ने जगम्मनपुर धीर निवासी बउवा उर्फ मोटा को निवादा के पास से 20 क्वॉर्टर अवैध देशी शराब समेत पकड़ा है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



# किशोरी से दुराचार में 20 साल का कारावास

## स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट ने मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- कोर्ट ने आरोपित पर 25 हजार रुपये लगाया जुर्माना
- जुर्माना अदा नहीं होने पर पांच माह की अतिरिक्त सजा

**अमृत विचार:** मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट ने आरोपित को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर पांच माह की अतिरिक्त कैद का भी आदेश किया गया है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी परिवार के साथ झींझक कस्बे के एक मोहल्ले में रह रही थी। 28 जून 2022 को वह नाटकीय ढंग से लापता हो गई थी। इस मामले में उसके पिता ने मंगलपुर थाने में अपने गांव के ही प्रिंस उर्फ धनंजय उर्फ प्रांशू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल परीक्षण कराकर मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाने के साथ आरोपित का चालान कर दिया था। इसके साथ ही उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म में आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। इस मुकदमे की सुनवाई स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट बाकर शमीम रिजवी की कोर्ट संख्या- 13 में चल रही थी।

विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा व एडीजीसी राकेश मिश्रा ने बताया कि इस मामले में वादी और गवाहों के बयानों के साथ ही पुलिस की चार्जशीट और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपित प्रिंस उर्फ धनंजय उर्फ प्रांशू को दोषी पाया, जिसके आधार पर 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही उस पर अलग- अलग धाराओं में 25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया गया है। उन्होंने बताया कि जुर्माना की आधी धनराशि पीड़िता को दिए जाने और जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपित को पांच माह के अतिरिक्त कारावास की सजा का भी आदेश हुआ है।

## कोर्ट में बेहमई कांड में फिर टली सुनवाई, अब पांच फरवरी को

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- एंटी डकैती कोर्ट में होनी थी मामले की सुनवाई
- सुनवाई के लिए अदालत हाजिर रहे दोनों आरोपी

**अमृत विचार:** जिले के बहुचर्चित बेहमई सामूहिक नरसंहार कांड में कानूनी दांव-पेंच के चलते 42 साल बाद भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया है। एंटी डकैती कोर्ट में विचाराधीन इस मामले में बार-बार तारीख बढ़ने से पीड़ित पक्ष में खासी निराशा है। मंगलवार को एक बार फिर सुनवाई टल गई। अब कोर्ट ने इस मुकदमें में सुनवाई के लिए पांच फरवरी की तारीख नियत की है।

बेहमई गांव में 14 फरवरी 1981को दस्यु फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ धावा बोलकर लूटपाट करने के साथ ही 20 लोगों को कतार में खड़ा कर मौत के घाट उतार दिया था, जबकि डकैतों की गोलियों से छह लोग घायल हुए थे। जिले के इस सबसे बड़े मुकदमे में हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट तक पत्रावली घूमने के बाद सेशन कोर्ट में वापस आई, लेकिन कानूनी दांव-पेंच के चलते 42 साल बीतने बाद भी बेहमई कांड के पीड़ितों को न्याय नहीं मिल सका है। इस दौरान मुकदमे के वादी और घायलों के साथ कई गवाह तथा न्याय का इंतजार करते हुए कई विधवा महिलाएं दुनिया छोड़ गईं, जबकि फूलन देवी सहित तमाम आरोपितों की भी मौत हो चुकी है। इस मुकदमें में फरार चल रहे आरोपित विश्वनाथ उर्फ अशोक, रामरतन व मानसिंह को पुलिस गिरफ्तार करने में अभी तक नाकाम है। फरार आरोपितों को पकड़ना तो दूर पुलिस उनका सुराग तक नहीं लगा पाई है। मंगलवार को स्पेशल जज एंटी डकैती अमित मालवीय की कोर्ट में आरोपित श्यामबाबू और विश्वनाथ अदालत में हाजिर रहे।

## बिजली लाइनमैन से मारपीट में तीन लोग गिरफ्तार

**रनियां।** क्षेत्र के रहीमपुर निवासी लाइनमैन के साथ छह लोगों ने मारपीट की। उसकी कनपटी में तमंचा भी लगा दिया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ा है। तीन लोग फरार हो गए। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रनिया थाना क्षेत्र के उमरन के मजरा रहीमपुर गांव का रहने वाला जितेंद्र सिंह रहीमपुर बिजली घर लाइनमैन है। रोजाना की तरह साईकिल से बिजली घर जा रहा था। बिजलीघर पहुंचने के बाद मंसुरा गांव के अभिषेक कुमार का फोन आया। बताया कि एक युवक एक्सीडेंट हो गया। यह सुनकर लाइनमैन पहुंचा, जहां अभिषेक, विशाल और चार अज्ञात लोग खड़े थे। उसके साथ सभी लोग मारपीट करने लगे। अभिषेक ने कनपटी में तमंचा लगा दिया।

मामले की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने अभिषेक, प्रियांशु और लखन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों की तलाशी ली तो अभिषेक के पास से तमंचा बरामद हो गया। एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुदकमा दर्ज किया है। मंगलवार को अभिषेक को जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस ने डीसीएम में पकड़ी अवैध शराब


चेकिंग के दौरान मूसानगर में पकड़ी गई अवैध शराब। अमृत विचार

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार:** पुलिस ने अवैध शराब से भरी डीसीएम पकड़ी है। डीसीएम चालक को भी गिरफ्तार किया है। डीसीएम में मिली अवैध शराब लगभग 26 लाख रुपए की बताई जा रही है।

मूसानगर पुलिस पथार गांव पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को अवैध शराब से भरी एक डीसीएम के आने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर ली। कुछ देर के बाद आई डीसीएम को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन डीसीएम चालक ने भागने का प्रयास किया। पहले से घेराबंदी के चलते पुलिस ने डीसीएम सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया।

डीसीएम की तलाशी में 301 पेटी शराब (कुल 2709 लीटर) बरामद हुई, जिसमें 194 पेटी क्वार्टर, 85 पेटी हाफ बोतल और 22 पेटी फुल बोतल शामिल हैं। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार चालक ने अपना नाम राहुल बताया है। वह पौथिया थाना ललपुरा जनपद हमीरपुर का रहने वाला है। चालक से अभी पूछताछ की जा रही है। डीसीएम से बरामद अवैध शराब की कीमत लगभग 26 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# रसूलाबाद में लगा स्वास्थ्य मेला

संवाददाता, रसूलाबाद


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं विधायक पूनम संखवार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा विधायक पूनम संखवार पहुंची। महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रसूलाबाद में मगंलवार को ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे लोगो को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची भाजपा विधायक पूनम संखवार ने स्वास्थ्य मेले में आये क्षय रोगियों को पुष्टाहार वितरित कर स्वास्थ्य मेला का समापन किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एके सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसएल वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ पियूष त्रिपाठी, भाजपा नेता समाजसेवी छुन्नी दुबे उर्फ किशन दुबे, भाजपा नेता विजय मिश्रा,संदीप शुक्ला, अरविन्द कुमार, सत्यप्रकाश कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई

**कानपुर देहात।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर रूरा में प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति सदस्य दिलीप कुमार सिंह मुन्ना भैया के नेतृत्व में श्रद्धा भाव से याद किया गया। मुन्ना भैया ने कहा कि गांधी जैसा नेतृत्व मिलना बेहद ही गौरव की बात है।

रूरा में गांधी प्रतिमा के समीप कार्यक्रम में कांग्रेसी एकत्र हुए। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राम अवतार दीक्षित, विवेक कुमार पांडेय, वीरेंद्र कुमार शुक्ल, रमेश श्रीवास्तव, पप्पू पाल, मोनू चौहान दीपक सिंह, सद्दाम, इमरान कुरैशी अमरपाल, शाह नूर खान, भोला कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, पुखरायां

- कानपुर-झांसी हाईवे पर हरदुआ के पास हुआ हादसा
- गुजरात का रिजर्वेशन कराकर वापस लौट रहा था युवक


अंकित राठौरा।


हादसे के बाद पुलिस के साथ परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हरदुआ ओवरब्रिज के समीप तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

सट्टी थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर गांव निवासी अंकित राठौर (21) गुजरात की एक प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता था। वह सोमवार की शाम को बाइक से पुखरायां रिजर्वेशन कराने के लिए आया था। यहां से वापस लौटते समय भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हरदुआ ओवरब्रिज के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस चौकी में सूचना दी।

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस ने परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# रैली निकालकर कुष्ठ रोगियों को बांटी दवा

**पुखरायां।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अमरौधा के नोडल अधिकारी डा.अमित निरंजन के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने जागरूकता रैली निकाली। नोडल अधिकारी ने कहा कि 13 फरवरी तक कुष्ठ उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत ब्लाक क्षेत्र में कुष्ठ रोगियों की खोज कर निशुल्क दवाइयां और सरकार की ओर से तीन सौ रुपये प्रति महीने सहायता दिलाई जाएगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से निकाली गई कुष्ठ जागरूकता रैली के दौरान नोडल अधिकारी डॉ. अमित निरंजन, डॉ. तस्नीम जहां, फार्मासिस्ट दिग्विजय, राजबाबू सचान, बीपीएम आराधना सक्सेना, बीसीपीएम नेहा वर्मा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हरीशंकर सचान, गौरव कुमार, रामसखी, राजनारायण, शिवशंकर आदि मौजूद रहे।


अमरौधा में रैली निकालते स्वास्थ्य कर्मी।

# बच्चों को निपुण बनाने में मन लगाएं शिक्षक

कार्यालय संवाददाता,कानुपर देहात


शिक्षकों की बैठक लेते बीईओ। अमृत विचार

- खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों के साथ बैठक की

**अमृत विचार:** सरवनखेड़ा विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी ने बैठक की, जिसमें शिक्षकों को सुधार लाने के निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि शीतकालीन अवकाश में बच्चों के लर्निंग आउटकम में जो गैप हुआ है, उसे पूर्ण करने के लिए रेमेडियल कक्षाओं का संचालन किया जाए।

बीईओ ने कहा कि विकास खंड सुपर 100 में चयनित है। सबकी जिम्मेदारी है कि विद्यालय को निपुण बनाना है। जूनियर स्तर के विद्यार्थियों में यह क्षमता दिखनी चाहिए। बच्चे जब समाज में खड़े होकर बात करें तो प्रतीत हो कि बच्चे आदर्श शिक्षकों से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षकों की पहचान उनके विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति पर निर्भर करती है। सीडीओ ने ब्लाक के पांच विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए चयनित किया है।

बैठक में बीईओ ने प्रधानाध्यापकों से कहा कि मार्च के पहले सप्ताह में विद्यालय को अनिवार्य रूप से निपुण घोषित करें। इसके लिए अभिभावकों से संपर्क करें और प्रेरित करें कि बच्चे घर पर भी पढ़ाई करें। सभी प्रधानाध्यापक रजिस्टर का डिजिटाइजेशन एक सप्ताह के अंदर कर लें। टैबलेट बच्चों को शैक्षणिक कार्यों में सहयोग करने में सक्षम होंगे। एआरपी रुचिर मिश्रा ने कहा कि जो विद्यालय निपुण घोषित हो चुके हैं, उनमें बच्चों के लर्निंग आउटकम को बरकरार रखना भी सबकी जिम्मेदारी है। एआरपी संजय शुक्ला ने टीचर पॉकेट बुकलेट एवं स्टूडेंट पॉकेट बुकलेट का प्रयोग दीक्षा ऐप के बारे में बताया। एआरपी अरुण दीक्षित ने निपुण लक्ष्य ऐप के फायदे गिनाए। कम्प्यूटर अनुदेशक ऋषभ बाजपेई ने संदर्शिकाओं के प्रयोग एवं क्लासरूम ट्रांजेक्शन में टॉप टेन स्कूलों के बारे में बताया।

# अटल टिंकरिंग लैब से विज्ञान का होगा ज्ञान

कार्यालय संवाददाता,कानुपर देहात

- समूचे जनपद में बनेंगी 12 अटल टिंकरिंग लैब

**अमृत विचार:** साइंस व प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के मकसद से अटल टिंकरिंग लैब योजना के तहत जिले के 12 स्कूलों में लैब स्थापित करने के लिए बीएसए रिद्धी पाण्डेय ने संस्तुति की है। अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना पीएसयू के सौजन्य से सीएसआर के अंतर्गत सरकारी माध्यमिक विद्यालयों अथवा ब्लॉक संसाधन केन्द्रों पर यूनिसेफ के द्वारा स्थापित की जानी है जिसके अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों के साथ साथ आस-पास के राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्रों एवं अध्यापकों को भी लाभान्वित किया जा सकें। 12-12 लाख रुपये की लागत से इन लैब को मशीनरी सहित स्थापित किया जायेगा।

अटल टिंकरिंग लैब भारत सरकार की ओर से देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से लांच की गई है ताकि छात्र-छात्राओं को अविष्कार, नए विचार और वैज्ञानिक पहलुओं पर बढ़ावा दिया जा सके। इस लैब के जरिए 3डी प्रिटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स के नए तरीकों से छात्र छात्राओं को रूबरू होने का मौका मिलेगा। इस लैब के जरिए छात्र छात्राओं को प्राथमिक शिक्षा के दौरान ही तकनीक के आधुनिकतम प्रारूप से जुड़ने का मौका आसानी से मिल सकेगा। बीएसए ने बताया कि लैब बनने से इनोवेशन का विद्यार्थियों को मौका मिलेगा। उनकी सोच का विस्तार होगा। लैब में अति आधुनिक उपकरण प्रयोग करके कुछ नया बनाया जा सकेगा। जिले के कस्तूरबा विद्यालय समेत 12 सरकारी स्कूलों का इस लैब की स्थापना के लिए चयन हुआ है।

### इन स्कूलों में बनेगी लैब

बीआरसी अकबरपुर, कम्पोजिट विद्यालय बारा, कम्पोजिट विद्यालय लहरापुर, कम्पोजिट विद्यालय रूरा, सरवनखेड़ा विकासखंड के बीआरसी सरवनखेड़ा, कम्पोजिट विद्यालय स्योंदा, कम्पोजिट विद्यालय विसायकपुर, मैथा विकासखंड के कम्पोजिट विद्यालय अलियापुर, बीआरसी मैथा, कम्पोजिट विद्यालय अनूपपुर असई, उप्रावि सरैया लालपुर एवं अमरौधा विकासखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गौर में अटल टिंकरिंग लैब बनेंगी।

## मौसम का मिजाज

### कोहरे के साथ हुई दिन की शुरुआत, तापमान में उतार-चढ़ाव से बीमार हो रहे लोग, अस्पताल में जुट रही खासी भीड़

# दिन में धूप से मिली थोड़ी राहत, सुबह-शाम गलन से आफत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



मंगलवार को चटक धूप का आनंद लेते लोग। अमृत विचार


जिला अस्पताल लगी मरीजों की कतार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में कोहरे के साथ गलनभरी सर्दी से जनजीवन अस्त व्यस्त है। मंगलवार को कोहरे व गलन के साथ दिन शुरू हुआ। दोपहर में धूप निकलने व तापामान में इजाफा होने से लोग घरों से बाहर निकलकर गुनगुनी धूप का आनंद लेते दिखे। हालांकि ठंडी हवा दोपहिया वाहन चालकों को गलन का अहसास कराती रही।

दिन में निकल रही धूप के बाद भी सुबह शाम व रात में कोहरा व गलन लोगों की मुसीबत का सबब बनी है। वहीं तापमान में हो रहे उतार चढ़ाव का सिलसिला भी जारी है। सोमवार रात में पारा सामान्य के करीब रहने के बाद भी ठंडी हवा से गलन बरकरार रही। इससे लोगों के साथ ही पशु-पक्षी भी बेहाल रहे। मंगलवार को भी कोहरे व ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ,कोहरे के चलते हाईवे व सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। हालांकि करीब दस बजे आसमान साफ होने व धूप निकलने से लोग घरों से बाहर आकर गुनगुनी धूप का आनंद लेते दिखे।

सर्दी व कोहरे से जूझते हुए कार्ट पहुंचे वादकारी धूप निकलते ही परिसर में बैठकर गुनगनी धूप का आनंद लेते दिखे। मौसम साफ रहने से गांवों से लेकर कस्बों तक चहल पहल दिखी। दोपहर में पारा सामान्य से करीब पौने तीन डिग्री ऊपर पहुंचने के बाद भी पांच किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने उत्तर पूर्वी हवा राहगीरों खासकर दो पहिया वाहन चालकों को गलन का अहसास कराती रही। दिन ढलने के बाद तेज हवा ने मौसम को सर्द कर दिया। गलन बढ़ने से हर कोई जल्द घर पहुंचने की कवायद में जुटा दिखा।

सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि मंगलवार को अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि अभी सुबह और शाम व रात में सर्दी के साथ घना कोहरा रहने की संभावना है। सुबह और शाम सर्दी बरकरार रहेगी।

जनपद में कोहरे के साथ तापमान में उतार-चढ़ाव से फसलों पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। लाही के फूल झड़ने से जहां उत्पादन में गिरावट आने की संभावना बनी है। वहीं आलू में झुलसा रोग के साथ ही पत्तीवाली फसलों में छेदक कीटों तथा सरसों में माहू का प्रकोप शुरू हो गया है। इसके अलावा टमाटर,मटर, टमाटर, बैगन, गोभी धनियां आदि फसलों के प्रभावित होने से किसान परेशान हैं।

### खेत में पानी लगाने गए किसान की ठंड से मौत

जिले में गलन भरी रात में कि खेतों पर पानी लगाने या अन्ना मवेशियों से फसल की रखवाली कर रहे किसानों के लिए सर्दी जानलेवा बनी है। इसकी चपेट में आकर लगातार मौतें हो रही है। अकबरपुर ब्लॉक के सालावतपुर के रहने वाले 40 वर्षीय राजू खेत में पानी लगाने गया था, जहां सर्दी लगने से हालत बिगड़ गई। परिजन इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया।

### अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ी

जनपद में कड़ाके की सर्दी व शीतलहर से ब्रेन स्ट्रोक व हाई ब्लडप्रेशर का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही उल्टी-दस्त, बुखार, पेट व सीने में दर्द के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। निमोनिया पीड़ित बच्चे भी सरकारी व निजी अस्पताल में पहुंच रहे है। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में मरीज जिला अस्पताल पहुंचे, जो पर्चा बनवाने, डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने के लिए लंबी लाइन में लगे रहे।

## दो पक्षों में मारपीट का वीडियो वायरल

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के कठरा गांव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दो पक्ष आपस में मारपीट कर रहे है।

कठरा की रूबी देवी ने तहरीर में बताया कि गांव के कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद था। 29 जनवरी को लेखपाल ने पैमाइश की थी। मंगलवार को आरोपी लाठी-डंडा व फावड़ा लेकर आए और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

सिकन्दरा थाना में दर्ज अपराध संख्या 181/23 का अभियुक्त ग्राम डुबकी निवासी अशोक कटियार पुत्र कुंज बिहारी लगातार फरार चल रहा है । जिसके सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार बिन्द ने बताया कि उक्त अभियुक्त के विरुद्ध 01.12.2023 को गिरफ्तारी अधि0 मा0 न्यायालय से जारी कराया गया। बराबर दबिश देने के बावजूद अभियुक्त गिरफ्तारी से छिप रहा है। 21.12.2023 को 82 सीआरपीसी की नोटिस मा0 न्यायालय से निर्गत करायी गयी। जिसे 04.01.2024 को समक्ष गवाहान अभियुक्त के दरवाजे पर चस्पा कर हस्ताक्षर कराये गये ।तथा ग्राम के चौकीदार से मुनादी/डुगडुगी करायी गयी इसके बावजूद अभियुक्त मा0 न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है। और पुलिस की गिरफ्तारी से बच रहा है। जिस कारण अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही धारा 174ए आईपीसी का अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है।

प्रभारी निरीक्षक
थाना सिकन्दरा, कानपुर देहात

## एक नजर

### आत्महत्या करने जा रही बालिका को बचाया

**कानपुर।** फजलगंज थानाक्षेत्र में लाजपत नगर में एक पान शॉप के पास एक बालिका ने आत्महत्या का प्रयास किया। इस दौरान वहां मौजूद टीएसआई अखिलेश कुमार दीक्षित और कांस्टेबल आशुतोष कुमार और होमगार्ड किशन दीक्षित ने सूझ बूझ से आत्महत्या करने जा रही बालिका को रोक लिया। पूछने पर उसने बताया कि उसे अपने घर नहीं जाना है। बालिका ने अपना नाम कविसा ओचनी और पिता का नाम रवि और माता का भावना ओचनी बताया। टीएसआई ने बालिका को समझाया और उनके परिजन को घटना की जानकारी देकर उनके सुपुर्द कर दिया।

### जाल उखाड़कर हजारों का सामान पार

**कानपुर।** बिठूर थानाक्षेत्र में बगदौधी बांगर फूलमती माता निवासी पुष्पेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि 27 जनवरी को शाम चार से पांच बजे के बीच अपने बेटे के इलाज के लिए फरुर्खाबाद गए थे। इस दौरान उन्होंने घर में ताला लगा दिया था। बताया कि रात में चोरों ने आंगन का जाल उखाड़कर घर में प्रवेश किया और अलमारी से सोने और चांदी के ज्वैलरी चोरी कर लिए। साथ ही एलसीडी, तीन सिलेंडर , चार तोले का हार, टॉप्स, झुमकी झाला, दो चेन, दो रिंग, दो मंगलसूत्र, माथे का टीका, कंगन, पायल पार कर दिया।

# पीडीए की झलक दिखाई दी और पुराने कांग्रेसियों पर लगाया दांव

## सपा की पहली सूची में पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक राजनीति की झलक दिखी

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 16 प्रत्याशियों की जो पहली सूची जारी की है, उसमें पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) की झलक के साथ अकबरपुर, फर्रुखाबाद, बांदा और उन्नाव लोकसभा क्षेत्र से कभी कांग्रेस के दिग्गज कहे जाने वाले नेताओं पर दांव लगाया गया है।

पार्टी की रणनीति जातीय जनगणना के आधार पर आरक्षण का मुद्दा उठाकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा के पक्ष में बना माहौल तोड़ना है। हालांकि बसपा के अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा से प्रदेश में भाजपा के खिलाफ विपक्ष के एक प्रत्याशी उतारने की कोशिशों को झटका लगा है, लेकिन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को कांग्रेस का साथ और पीडीए कार्ड पर पूरा भरोसा है।

**▸▸ सपा की पहली सूची में बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फर्रुखाबाद से नवलकिशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल और उन्नाव से अन्नू टंडन के नाम शामिल**

### बांदा में इस बार कांग्रेसी दिग्गज पर जताया भरोसा

बांदा लोकसभा सीट से पूर्व कांग्रेसी दिग्गज शिवशंकर सिंह पटेल को सपा ने टिकट दिया है। यहां से भाजपा के आरके सिंह पटेल सांसद हैं। उन्होंने 2019 में सपा के श्यामाचरण गुप्ता को भारी अंतर से हराया था। पटेल को 4,77,996 जबकि श्यामाचरण बसपा का समर्थन हासिल होने के बाद भी 2,26,835 वोट ही मिले थे। 2014 के चुनाव में भाजपा के भैरोप्रसाद मिश्र ने बसपा के आरके पटेल को हराया था। लेकिन बाद में पटेल ने पाला बदल लिया था।

### अकबरपुर में बैकवर्ड कार्ड से बसपा को दी चुनौती

अकबरपुर सीट से सपा ने राजाराम पाल को उतारकर बैकवर्ड कार्ड खेला। इसी क्षेत्र से सांसद रहे राजाराम पाल पहले कांग्रेस में राष्ट्रीय सचिव थे। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले वह सपा में शामिल हुए थे। इस सीट पर पाल वोटों की बहुतायत है। यहां से वर्तमान समय में भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले सांसद हैं। राजाराम पाल पर संसद में पैसा लेकर सवाल पूछने का गंभीर आरोप लगा था, जिसके बाद उनकी संसद सदस्यता चली गयी थी। पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के कारण यह सीट बसपा के खाते में गयी थी। अकबरपुर से तब निशा सचान को बसपा का टिकट मिला था। उन्हें 3,06,140 वोट मिले थे जबकि भाजपा के भोले को 5,81,282 वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में यहां बसपा के प्रत्याशी अनिल शुक्ला वारसी दो नंबर पर आए थे। इस बार सपा और बसपा दोनों के ही प्रत्याशी मैदान में होने की संभावना है।

### उन्नाव में पूर्व सांसद की छवि भुनाने की कोशिश

उन्नाव लोकसभा सीट से सपा ने कांग्रेस की पूर्व सांसद रहीं अन्नू टंडन को टिकट दिया है। हालांकि वह दो चुनाव भाजपा के साक्षी महाराज से भारी मतों से हार चुकी हैं। दो साल पहले वह सपा में शामिल हो गयी थीं। उनकी क्षेत्र में सामाजिक छवि बेहतर बतायी जाती है। उनका टिकट फाइनल होने की यही वजह भी बतायी जाती है। इस सीट पर तीन लाख लोधी वोट होने से साक्षी महाराज की स्थिति मजबूत बतायी जाती है। हालांकि भाजपा में अंदरखाने यहां से इस मर्तबा प्रत्याशी बदले जाने की चर्चा है। लेकिन उन्नाव सीट 2014 से भाजपा का मजबूत गढ़ बनकर उभरी है।

### फर्रुखाबाद में सलमान खुर्शीद के लिए रास्ता बंद

**कानपुर।** फर्रुखाबाद सीट पर कांग्रेस से दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद जोर आजमाइश करना चाहते थे। सपा सूत्रों ने बताया कि इस सीट पर प्रत्याशी उतारने से कांग्रेस थोड़ा असहज है।

पूर्व विधायक और सलमान खुर्शीदकी पत्नी लुइस खुर्शीद यहां सलमान के प्रचार में जुटी थीं। लेकिन पिछले दो चुनाव का ट्रैक रिकार्ड देखते हुए सपा ने यहां से डॉ.नवल किशोर शाक्य को मैदान में उतारा है। वह सपा नेता स्वामीप्रसाद मौर्य के रिश्तेदार बताए जाते हैं। वर्ष 2014 के चुनाव में फर्रुखाबाद में सपा दूसरे नंबर पर थी। उसके प्रत्याशी रामेश्वर यादव को 2,55,693 वोट मिले थे, जबकि भाजपा के मुकेश राजपूत को 4,06,195 वोट मिले थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन के कारण यह सीट उसने बसपा के लिए छोड़ दी थी, तब बसपा प्रत्याशी मनोज अग्रवाल को 3,48,178 वोट मिले थे और भाजपा के मुकेश राजपूत ने 5,59,880 वोट पाकर सीट जीत ली थी। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ मानी जाती है।

# पिछड़ी जाति पर पकड़ आई राजाराम के काम

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने पिछड़ों के दिग्गज नेता राजाराम पाल को प्रत्याशी घोषित किया है। राजाराम किसी भी पार्टी में रहे पर बिरादरी के साथ ही अन्य पिछड़ी जाति के लोग उन पर भरोसा जताते रहे हैं। यही वजह है कि अखिलेश यादव ने पीडीएफ फार्मूला के तहत प्रत्याशी बनाया है।


राजाराम पाल।

राजाराम पाल ने अपना पहला चुनाव घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र (अब आरक्षित) से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर लड़ा था। वह 2004 में बिल्हौर (अब अकबरपुर) लोकसभा सीट से बसपा के टिकट पर सांसद निर्वाचित हुए थे। पार्टी ने एक विवाद के बाद उन्हें निष्कासित कर दिया था।

इसके बाद 2007 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2009 में वह इसी सीट से लोकसभा चुनाव जीते। 2014 में लोकसभा, 2017 में महाराजपुर विधानसभा फिर 2019 में अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी बनाए गए लेकिन लगातार हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2021 में वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे।

राजाराम पाल की खासियत है कि वह जिस पार्टी में भी गए वहां सुप्रीमों के खास बनकर रहे। पेशे से वकील राजाराम पर एक समय बसपा अध्यक्ष मायावती काफी भरोसा जताती थी। वह बिल्हौर से दो चुनाव में लगातार भाजपा के श्यामबिहारी मिश्रा को करारी टक्कर देते रहे।

2009 में श्यामबिहारी को करारी शिकस्त दी। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फजल महमूद का कहना है कि राजाराम पाल अनुभवी नेता हैं। पार्टी अध्यक्ष ने काफी सूझबूझ के साथ उन्हें प्रत्याशी बनाया है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की कल्याणपुर, बिठूर और महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र कानपुर महानगर में आती हैं। उनके चुनाव में जी-तोड़ मेहनत की जाएगी।

# दरोगा-सिपाही निलंबित अब आरोपी मुकर गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● छात्र बोला, रुपये नहीं वसूले प्रतिष्ठा बचाने को कहा था**

**अमृत विचार।** चरस में जेल भेजने की धमकी देकर छात्र से डेढ़ लाख रुपये वसूलने के मामले में सोमवार को दरोगा और सिपाही निलंबित कर दिए गए थे और मंगलवार को आरोप लगाने वाला छात्र वसूली की बात से ही मुकर गया। मंगलवार को पुलिस ने पीड़ित छात्र का वीडियो बयान दर्ज किया जिसमे उसने कहा कि सर प्रतिष्ठा बचाने के लिए कह दिया था, एक भी रुपया नहीं लिया गया है।

डिप्टी पड़ाव निवासी नितिन त्रिपाठी बीटीसी के छात्र हैं और कोचिंग पढ़ाते हैं। उन्होंने बताया खा 23 जनवरी को वे कोचिंग पढ़ाकर लौट रहे थे, तभी पड़ोसी वासु सोनकर ने उनकी स्कूटी मांगते हुए कुछ देर में आने की बात कही थी। इसके बाद वह आया और मोतीझील चलने की बात कही। वह वासु के साथ वहां पहुंचा तो वासू वाशरूम जाने की बात कहकर चला गया। तभी कार से कोहना थाने के रानीघाट चौकी इंचार्ज कपिल यादव और सिपाही राहुल वर्मा एक अन्य युवक के साथ आए और कार में जबरन बैठा लिया। उन्होंने कहा कि उसकी स्कूटी में आधा किलो चरस मिली है। ये कहकर वे उसे कोहना थाने ले आए। उसने अपने भाई को फोन किया तो वह थाने पहुंचा। नितिन ने आरोप लगाया कि उससे डेढ़ लाख रुपये लेकर उसे थाने से छोड़ दिया गया था। सोमवार को पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। जांच डीसीपी सेंट्रल को सौंपी गई थी। डीसीपी प्रमोद कुमार ने बताया कि निखिल के दोस्त वासू सोनकर ने पुलिस से मिलकर उसे फंसाने की कोशिश की थी। एसीपी कर्नलगंज की जांच में पाया गया कि दरोगा और सिपाही ने अपने क्षेत्राधिकार से अलग जाकर छात्र को उठाया था।

# 'नीतीश कुमार रावण सेना छोड़कर राम की सेना में आए'

## खरी-खरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने विपक्षी गठबंधन को रावण की सेना बताया है। उन्होंने कहा कि इंडिया ठगबंधन में बारातियों की भीड़ है पर दूल्हा नजर नहीं आता है। नीतीश कुमार ने रावण की सेना को छोड़कर राम की सेना में शामिल होना ही ठीक समझा। उनका वहां दम घुट रहा था। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। वह अपनी सीट तक नहीं बचा पाएंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की 80 सीटें और देश में कुल 411 सीटें जीतने जा रही है।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक के दौरान नौबस्ता क्षेत्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता कर विनीत शारदा ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का व्यापार प्रकोष्ठ हर कमिश्नरी में व्यापारी सम्मेलन करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन 10 फरवरी से 7 मार्च तक चलेंगे। इसको लेकर हर जिले में बैठक कर रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, मोहित पांडेय, अनूप अवस्थी, मनीष त्रिपाठी, अनीता त्रिपाठी आदि व्यापारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे।



बैठक करते प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक विनीत अग्रवाल। अमृत विचार

**● विपक्षी गठबंधन रावण की सेना, बारात है, दूल्हा नहीं**

**● 10 फरवरी से शुरू होंगे भाजपा के व्यापारी सम्मेलन**

### भोले का केंद्रीय कार्यालय खुला

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अकबरपुर लोकसभा के सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कमलेश्वरम गेस्ट हाउस के सामने छपेड़ा पुलिया चौराहा पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। सह मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई ने बताया कि 31 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी कानपुर लोकसभा के सांसद सत्यदेव पचौरी के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन बाल निकुंज स्वरूप नगर में होगा। उद्घाटन में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, मनोज शुक्ला, जितेंद्र विश्वकर्मा, आनंद मिश्रा, जन्मेजय सिंह, अभिनव दीक्षित, सुनील जायसवाल, गौरव पांडे मौजूद रहे।

### स्मार्ट सिटी में नारी वंदन महिला सम्मेलन

**कानपुर।** भाजपा महिला मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के दो स्मार्ट सिटी कानपुर महानगर व झांसी महानगर में स्मार्ट सिटी नारी वंदन महिला सम्मेलन आयोजित करेगी। 8 फरवरी को झांसी व 10 फरवरी को कानपुर में यह सम्मेलन होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि कानपुर महानगर में सम्मेलन की संयोजक महिला मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री पुष्पा तिवारी जबकि झांसी सम्मेलन की प्रभारी मोना शुक्ला को बनाया गया। इन सम्मेलनों में प्रबुद्ध महिलाएं, शिक्षक, डॉक्टर, अधिवक्ता, एनजीओ संचालिकाएं व समाज की सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं सूचीबद्ध करके सम्मेलन में आमंत्रित की जाएंगी। बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता संयोजक, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रीता शास्त्री, विजया तिवारी, पूनम कपूर, अनिता त्रिपाठी, सरोज सिंह, लेखा जैन, रंजीता पाठक, संगीता शर्मा, आशा तोमर, स्नेहलता दीक्षित आदि मौजूद रहीं।

### मंत्री, सांसद, विधायक गांवों में रात बिताएंगे

**कानपुर।** भाजपा गांव चलो अभियान के तहत 4 से 11 फरवरी तक गांव-गांव और शहरी क्षेत्र में बूथों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगी। जनप्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में किसी न किसी एक गांव और शहरी क्षेत्रों में बूथों पर रात्रि विश्राम करेंगे। केशव नगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में गांव चलो अभियान की कानपुर उत्तर और दक्षिण जिले की संयुक्त जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे और संचालन दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि अभियान के दौरान जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी किसी न किसी गांव में 24 घंटे प्रवास करेंगे। कार्यशाला में राम बहादुर यादव, प्रबोध मिश्रा, सुनील बजाज,जसविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, गणेश शुक्ला, संजय कटियार, अर्जुन बेरिया, शिवपूजन सविता, वन्दना गुप्ता आदि रहे।

### 52 विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी व संयोजक घोषित

**कानपुर।** भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र अंतर्गत 52 विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी व संयोजकों की घोषणा कर दी। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि कानपुर लोकसभा से सीसामऊ विधानसभा से प्रभारी रीता शास्त्री, संयोजक वीरेंद्र श्रीवास्तव, किदवई नगर विधानसभा प्रभारी संतोष सिंह राजू, संयोजक विनोद शुक्ला, आर्यनगर विधानसभा प्रभारी राकेश गुप्ता चुन्नू, संयोजक विनोद शुक्ला, गोविंद नगर विधानसभा प्रभारी कौशल किशोर दीक्षित, संयोजक विजय मिश्रा, कैंट विधानसभा प्रभारी अनिल दीक्षित, संयोजक रज्जन सिंह परिहार होंगे। वहीं, अकबरपुर लोकसभा से कल्याणपुर विधानसभा प्रभारी अखिलेश बाजपेई, संयोजक उमेश निगम, बिठूर विधानसभा प्रभारी गणेश यादव, संयोजक रूप नारायण त्रिपाठी, महाराजपुर विधानसभा प्रभारी सरस्वस्ती शरण द्विवेदी, संयोजक शैलेन्द्र त्रिपाठी होंगे।

# युवक पर ईंट-पत्थरों से हमला, घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● काकादेव थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर का मामला**

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में घर के बाहर धूप सेंक रहे युवक पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने ईंट पत्थरों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। इलाके के लोगों ने एक आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

शास्त्री नगर निवासी सुनील कुमार बाजपेई ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र वेदांत उर्फ यश बाजपेई घर के बाहर धूप में बैठा था। इस दौरान कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस आने के बाद इलाके के लोगों ने पकड़े एक आरोपी रोहित शुक्ला को मय बाइक और मोबाइल के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि उसके साथ नौ लोग और थे। काकादेव प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि रोहित शुक्ला समेत 15 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### पुरानी रंजिश में पिता-पुत्र को डंडों से पीटा

**कानपुर।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने पिता पुत्र को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कर्नलगंज निवासी रऊफ ने पुलिस को बताया कि 28 जनवरी को पुरानी रंजिश को लेकर बाबू, इमरान, भइया, राजा, इसराइल आए और उनके पुत्र अरसलान को लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। बचाने पर उन्हें भी बुरी तरह से पीटा। इस संबंध में कर्नलगंज थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित रऊफ की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है।

### कारोबारी ने फांसी लगा जान दी

कानपुर। जाजमऊ थानाक्षेत्र में प्लाईवुड के कारोबार में हुए लाखों के घाटे के कारण अवसाद में चल रहे कारोबारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जे के कालोनी निवासी 49 वर्षीय संजीव कुमार शर्मा का फ्लाईवुड का बड़ा कारोबार था। कोरोना के बाद उनका 25 से 30 लाख रुपये का नुकसान हो गया था। इस कारण वह अवसाद में रहने लगे थे। आर्थिक स्थिति बिगड़ी तो वह एक बड़ी फ्लाईवुड कंपनी में काम करने लगे। पिता रज्जनलाल शर्मा एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हैं।

# पत्नी से झगड़ा करके जान देने पेड़ पर चढ़ गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● रेलबाजार थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस और दमकल जवानों ने उतारा**

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में पत्नी से झगड़ा करने के बाद जान देने के लिए एक युवक पेड़ पर फांसी लगाने के लिए चढ़ गया। आसपास लोगों का मजमा लग गया। पुलिस और दमकल कर्मियों ने समझा बुझाकर उसे उतारा।

जिला उन्नाव के थाना कोतवाली निवासी मोहम्मद मुश्तकीन मंगलवार सुबह अपनी ससुराल रेलबाजार पत्नी से मिलने आए थे। एसीपी अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि दंपति का तलाक का मामला चल रहा है। जिस पर दोनों में विवाद हुआ। इसके बाद मुश्तकीन आत्महत्या करने के लिए पेड़ पर चढ़ गया।

वहां कभी फांसी लगाने तो कभी पेड़ से कूदकर जान देने की धमकी देने लगा। आस-पास के लोगों ने काफी देर तक उसको उतारने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद आई रेलबाजार पुलिस ने कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके बाद भी वह नहीं माना। इसके बाद एफएसएसओ मीरपुर के नेतृत्व में रेस्क्यू यूनिट की मदद से एक्सटेन्शन लैडर लगाकर उसे सकुशल नीचे उतारा गया। एसीपी ने बताया कि उसे समझा-बुझाकर काउंसिलंग की सलाह दी गई है।


पेड़ पर चढ़े युवक को उतारने के लिए समझाती पुलिस। अमृत विचार

**जनसुविधा** — निराश न हों सभी पात्रों को मिलेगा आसरा आवास– सतीश महाना

# आसरा योजना में 864 आवास लॉटरी से बांटे गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आसरा आवास योजना (सजारी) के 864 आवासों की लॉटरी मंगलवार को एचबीटीयू के शताब्दी हाल में निकाली गई। दो चरणों में 4852 पात्र आवेदकों के बीच हुई लॉटरी प्रक्रिया में आवास पाकर लोग चहक उठे।

इस दौरान लाटरी में नाम न आने पर बड़ी संख्या में लोग मायूस भी हुये। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जो पात्र हैं उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है, सभी पात्रों को आसरा आवास मिलेगा।

इससे पहले सतीश महाना, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक कल्याणपुर नीलिमा कटियार ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आसरा आवास योजना (सजारी) में कुल स्वीकृत आवास 1104 हैं, जिसमें 864 पूरे आवासों को लॉटरी के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को आवंटित किया गया। आवास की कुल लागत 5141.82 लाख है। उक्त योजना में आवास प्राप्त करने के लिए 18514 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 4852 आवेदक पात्र पाए गए, जिनके बीच लॉटरी द्वारा चयनित लाभार्थियों को आवास प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बचे हुये 240 आवास निर्माणाधीन हैं, जिनको पूरा होते ही बचे पात्र लाभार्थियों को आवंटित किया जाएगा। आसरा आवास योजना के तहत घाटमपुर में 840 आवास निर्मित हैं, जिनका आवंटन फरवरी में किया जाएगा।

प्रथम चरण में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मेयर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार ने 21 पात्र लाभार्थियों के नाम की घोषणा लॉटरी में से पर्ची निकालकर की। जिनकी पर्ची निकली, उनको आवास आवंटन प्रमाण पत्र दिया गया। द्वितीय चरण में सांसदों ने पांच-पांच लाभार्थियों के नाम की पर्ची निकालकर उनके नाम की घोषणा की।


लाटरी निकालते सतीश महाना, नीलिमा कटियार। अमृत विचार


आवास की आस में बैठे रहे लोग। अमृत विचार

**18514** आवेदन प्राप्त हुए थे

**4852** आवेदक पात्र पाए गये

**1104** कुल स्वीकृत आवास हैं

**420** आवास का निर्माण बाकी

### महापौर और सांसद ने पूर्व सरकारों को घेरा

महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि पिछली सरकारों ने कभी नहीं सोचा कि एक गरीब के सर पर छत हो, उसका भी अपना आवास हो। सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि सरकार द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ आवास आवंटन कराया जा रहा है। हर वर्ग के लोगों को बिना भेदभाव लाभ मिल रहा है। सांसद देवेन्द्र सिंह भोले ने कहा कि सरकार प्रत्येक गरीब, मजदूर, नौजवान, महिलाओं व बेटियों की है। यह सरकार देश, धर्म, जाति व भाषाओं के आधार पर लोगों को बांटने का कार्य नहीं करती है, गरीब, मजदूर, नौजवान की कोई जाति नहीं होती है। नीलिमा कटियार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भू-माफियाओं से जमीन मुक्त कराकर उसका उपयोग जनकल्याण के लिए किया जा रहा है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, सीडीओ सुधीर कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ. राजेश कुमार, अपर नगर आयुक्त मो. आवेश सहित अधिकारी व सैकड़ों लाभार्थी मौजूद रहे।

# 7000 कक्ष निरीक्षकों को मिलेगा बारकोड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● पहचान पत्र में छपकर आएगा स्कैन भी हो सकेगा**

**● परीक्षा में उसी विषय के कक्ष निरीक्षक की तैनाती रुकेगी**

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान जिले में तैनात किए जाने वाले लगभग सात हजार कक्ष निरीक्षकों को बारकोड मिलेगा। इससे परीक्षा में धांधली पर अंकुश लगेगा। विषय विशेषज्ञ शिक्षक यदि परीक्षा के दिन ड्यूटी करते हुए पाये जाते हैं तो उन्हें तत्काल पकड़ा जा सकेगा।

जिले में बोर्ड परीक्षा में इस बार लगभग सात हजार शिक्षक ड्यूटी में लगाए जाएंगे। इनमें लगभग पांच हजार शिक्षक माध्यमिक व दो हजार शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग के होंगे। बोर्ड कक्ष निरीक्षकों को इस बार बारकोड वाला पहचान पत्र जारी करेगा। इससे केंद्र व्यवस्थापक और उड़नदस्तों के लिए कक्ष निरीक्षक की पहचान करना आसान होगा। मोबाइल फोन पर बोर्ड की ओर से जारी एप के जरिए स्कैन करने पर कक्ष निरीक्षक का पूरा ब्यौरा साफ हो जाएगा। कोई कक्ष निरीक्षक बगैर बताए अपने ही विषय के प्रश्न पत्र पर ड्यूटी करता हुआ पाया जाता है तो उसकी तुरंत ही पहचान हो सकेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि इससे परीक्षा और कड़ाई के साथ कराई जा सकगी। बोर्ड की ओर से इस बार कक्ष निरीक्षकों का पूरा ब्यौरा ऑनलाइन मांगा गया है। इस ब्यौरे में शिक्षक के विषय, उम्र, जिला, स्कूल, कार्य अनुभव सहित अन्य जानकारियां हैं। यहां तक कि बोर्ड की ओर से कक्ष निरीक्षक के रूप में जिस स्कूल में ड्यूटी लगेगी वह भी अपडेट होगा।

# मौसम बदलने से बढ़े नाक-कान व गले के मरीज

## कभी तेज धूप तो कभी घना कोहरा बन रहा बीमारियों की जड़

संवाददाता फतेहपुर


ओपीडी में लगा मरीजों का जमावड़ा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मौसम में हो रहे उतार, चढ़ाव से लोग बीमार पड़ रहे है। इससे नाक, कान और गला के रोगियों की अस्पतालों में भरमार है। सबसे ज्यादा बच्चे, वृद्ध व महिलाएं बीमार अस्पतालों में इलाज को पहुंच रहे हैं। ऐसे में ओपीडी मरीजों से फुल है।

कभी तेज धूप तो कभी घने कोहरे के साथ शीत लहर चलने से मौसम में पारा घट, बढ़ रहा है। इससे लोगो का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। लोग बड़ी संख्या में बीमार हो रहे है। ऐसे में लापरवाही लोगों के स्वास्थ्य के साथ भारी पड़ रही है। जिला अस्पताल में नाक, कान गला के रोगियों की संख्या में दिनों दिन वृद्धि हो रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल में 65 मरीज ईएनटी की ओपीडी में इलाज कराने पहुंचे। इससे पुरुष, महिलाओ के साथ बच्चे भी शामिल रहे। ओपीडी सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक मरीजों से फुल रही। वहां तैनात डाक्टर ने बताया कि मौसम में हुए बदलाव से नाक, कान और गले के मरीजों में इजाफा हुआ है।

### बाल रोग की ओपीडी में पहुंचे 85 मरीज

बाल रोग की ओपीडी में मंगलवार को 85 बच्चे अपने परिजनों के साथ इलाज कराने पहुंचे। इससे ओपीडी में मरीजों और तीमारदारों को लंबी लाइन लगी रही। वहां तैनात डा. मूलचन्द्रा ने बच्चो को देखा और बीमारियो से संबंधित जांचे कराकर दवाएं दी। डॉक्टर ने बताया कि ओपीडी में अधिकतर मरीजों को खांसी, जुखाम की समस्या रही है। ओपीडी में खांसी, जुखाम, बुखार के मरीजों का इलाज किया गया है। मौसम बदलने के चलते बच्चे सर्दी बुखार से परेशान है।

## ओपीडी में समय से नहीं पहुंच रहे डॉक्टर, भटक रहे रोगी

संवाददाता फतेहपुर

- जूनियर डाक्टरों के भरोसे चल रही ओपीडी
- घंटों तक डॉक्टरों का इंतजार करते रहे मरीज

**अमृत विचार।** मौसम में आए बदलाव ने मरीजों की मुश्किल बढ़ा दी है। बुखार के साथ ही खांसी व जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। पर्चा बनवाने के बाद डॉक्टरों के देर से पहुंचने पर मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। कई मरीज तो फर्श पर लेटकर कराहते हुए नजर आए।

मंगलवार का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री रहा। सुबह हल्का कोहरा छाया रहा। बच्चे भी ठंड के प्रभाव में आने लगे हैं। जिला अस्पताल में 950 मरीजों का पंजीकरण किया गया। खराब मौसम होने के बाद भी सुबह नौ बजे से ही ओपीडी में मरीजों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक मरीज की भीड़ थी। उनके पास मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे थे, लेकिन डाक्टरों के देर से बैठने के चलते मरीजों को इंतजार करना पड़ा। दोपहर 12.30 बजे तक कई कक्षों में डॉक्टर नहीं थे, वहां जूनियर ही इलाज करते देखते गए। जबकि कई मरीज डॉक्टर दिखाने के लिए इंतजार में खड़े थे। डॉक्टर के बारे में कोई सही जानकारी भी नहीं दे रहा था। बाहर इंतजार में खड़े मरीजों को बताया जा रहा था कि वह राउंड पर गए हैं। जिसके चलते बड़ी संख्या में मरीज परेशान हो रहे हैं। फिजीशियन ने बताया कि इस समय खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज आ रहे हैं जिन्हें देखकर दवा दी जा रही है। वहीं ओपीडी में हड्डी रोग के दूसरे डॉक्टर और दंत रोग विशेषज्ञ दोपहर 12 बजे के बाद कक्ष से उठ गए। जिससे यहां भी मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। ओपीडी में मरीज परेशान हुए।

### ठंड लगने से महिला की मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बिंदकी मोहल्ला की रहने वाली सीमा पत्नी अवधेश सिंह की ठंड लगने से हालत बिगड़ गई। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखकर कानपुर रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पति कानपुर से पत्नी का शव लेकर आया और पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पति अवधेश सिंह ने बताया कि पत्नी सीमा को सोमवार की शाम ठंड लगने पर जिला अस्पताल लेकर आए थे। अगर जिला अस्पताल में सही से इलाज होता तो पत्नी की जान बच जाती।

# डीडी जमा फिर भी बोरिंग के लिए भटक रहा किसान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बोरिंग का सामान देने में आनाकानी कर रहा लघु सिंचाई विभाग
- करीब एक वर्ष से परेशान किसान की सुनने वाला कोई नहीं

**अमृत विचार।** लघु सिंचाई बोरिंग योजना का लाभ पाने के लिए एक किसान एक साल से भटकने को मजबूर है। आवेदन के बाद सूची में नाम आने के बाद सर्वे हुआ और किसान से 61500 रुपये भी जमा करा लिए गए। उसके बाद बोरिंग का सामान पाने के लिए किसान को परेशान किया जा रहा है।

हसवां ब्लाक के सखियांव गांव के खेत मालिक भगवती प्रसाद ने बताया कि लघु सिंचाई योजना के तहत मध्यम गहरी बोरिंग के लिए अप्रैल 2022 में आवेदन किया था। विभाग द्वारा जारी की पात्रों की सूची में 129 क्रमांक पर नाम दर्ज है। उसके बाद जेई द्वारा स्थलीय सर्वे भी किया गया। सर्वे रिपोर्ट सही पाए जाने पर विभागीय अधिकारियों के कहने पर सितम्बर माह में दो किश्तों में 61 हजार पांच सौ रुपये का डीडी भी विभाग में जमा करा दिया गया। जब स्टोर से बोरिंग का सामान लेने के लिए पहुंचे तो टरका दिया गया। जब जेई से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गांव के किसी व्यक्ति द्वारा आपत्ति लगाई गई है कि एक ही परिधि में दो बोरिंग नहीं हो सकती है। पीड़ित किसान ने बताया कि यदि पहली बार सर्वे हुआ तब तो ऐसी कोई दिक्कत सामने नहीं आई। अब टरकाया जा रहा है।

> प्रकरण संज्ञान में आया है। संबंधित किसान के बताने के अनुसार जेई से जानकारी ली जाएगी। किसान को योजना का लाभ अवश्य दिया जाएगा।
> -शुभम मिश्रा, सहायक अभियंता

# धूप से दिन में मिलती राहत, सुबह-शाम आफत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- धूप से अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में भी हुई बढ़ोतरी
- मंगलवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री, न्यूनतम 10 डिग्री दर्ज किया गया


धूप निकली तो चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी लेने निकले लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मौसम का मिजाज इस साल बदला है। नवंबर में शुरू सर्दी जनवरी जाते-जाते अब भी करवट नहीं लें रही। इस साल जिले में सबसे कम 4 डिग्री सेल्सियस तक तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं एक सप्ताह से दिन में धूप और सुबह और रात में सर्दी से बीमारियों का खतरा है।

मौसम का रुख मंगलवार को कुछ बदला दिखा। सुबह से ही निकली धूप ने लोगों को ठंड से राहत दिलाई। धूप निकलने से लोगों के चेहरे भी खिल उठे। माघ महीने की सर्दी झकझोर रही है। वहीं न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहा। मंगलवार को निर्धारित समय पर सूर्य भगवान के दर्शन हुए। जिससे घरों की छतों एवं चौबारों पर चहल पहल दिखाई दी। पार्कों में भी लोग धूप मे बैठे नजर आए। इस बार जिस तरह से सर्दी पड़ रही है उससे हर कोई परेशान है। कारोबार पर भी सर्दी का बड़ा असर पड़ रहा है। बीते सर्द हवाओं के चलने से धूप से कोई खास राहत नहीं मिल रही थी। लेकिन मंगलवार को खिली धूप निकलने से लोगों को राहत महसूस की। धूप के साथ साथ बादल भी आ जाने से किसानों में बारिश की आशंका भी रही। किसानों का कहना रहा कि यदि तेज बारिश हुई तो तिलहन फसलों को नुकसान हो सकता है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया।

### सर्दी ने इस बार तोड़ा रिकार्ड

बुजुर्ग विश्वंभर यादव ने बताया कि इतनी सर्दी हाल के कुछ वर्षों में नहीं पड़ी। तापमान में इस उतार-चढ़ाव का असर सेहत पर पड़ रहा है। थोड़ी सी लापरवाही से बीमार होने का डर लगा रहता है। इसका असर बच्चों के साथ-साथ हम जैसे बुजुर्गों के लोगों पर भी देखने को मिलता है।

### मौसम में हर वर्ष बदलाव

बुजुर्गों ने बताया कि मौसम में बदलाव साल दर साल हो रहें है। इसके बावजूद इतनी सर्दी पड़ना भी नुकसान पहुंचा रही है। कभी बादल, कभी कोहरा, कभी पाला और तुषार हर तरह से सर्दी का सितम जारी है। सभी को बचाव करना चाहिए इस मौसम में लोग जल्दी बीमार हो जाते है।

## भेड़ चोरों का नहीं लग पाया सुराग

**फतेहपुर।** भेड़ चोरों व वाहन की तलाश में खाकी सुस्त दिख रही है। घटना के चौथे दिन भी सटीक सुराग तक नहीं लगा सकी। हाते से 70 भेडों की हुई चोरी का मामला दिनों दिन तूल पकड़ता जा रहा है। खुलासे में पुलिस की सक्रियता कोई खास नहीं दिखाई दे रही है।

बिंदकी क्षेत्र के भेवली गांव में शुक्रवार की रात को हाते में भेड़ बंद की थी। भेड़ पालक गया प्रसाद ने बताया कि अन्दर बंधी 70 भेड़ को अज्ञात चोर वाहन में लाद कर ले गए। शनिवार को सुबह चोरी की जानकारी हुई तो गांव में हड़कंप मच गया। गया प्रसाद का कहना है भेड़ से होने वाली आय से परिवार का खर्च चलता था और अन्य जरूरतें पूरी होती थी। पुलिस का आलम ये है कि चोरी का खुलासा करना तो दूर कोई सुराग तक नहीं लगा सकी है। हवा में तीर चला रही है।

# राहुल की यात्रा से भाजपा को लाभ

संवाददाता फतेहपुर

- बोलीं केंद्रीय मंत्री, गठबंधन हुआ खंड-खंड
- साध्वी ने चुनाव कार्यालय का किया शुभारंभ


चुनाव कार्यालय के शुभारंभ में मौजूद केंद्रीय मंत्री, जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले की सांसद व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने राहुल गांधी के यात्रा को लेकर बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी की निकाली जा रही यात्रा के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी के यात्रा से भाजपा को फायदा हो रहा है, क्योंकि जब उन्होंने पहले यात्रा निकाली थी तो तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनी। यह बात केंद्रीय मंत्री ने शहर के तामेश्वर चौराहा स्थित अपने आवास पर केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन पर कही।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा शुरू हुई तो गठबंधन के दो कद्दावर नेता टूट गए। ममता बनर्जी अलग चुनाव लड़ रही हैं और केजरीवाल अलग चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमारे साथ आ गए। राहुल गांधी के यात्रा से इंडिया गठबंधन खंड खंड हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2024 देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। चुनाव में एक तरफ गठबंधन है जो अब बिखर गया है और 2024 के लोकसभा चुनाव के आते-आते और बिखरेगा। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अकेली खड़ी रहेगी और मोदी सबको साफ कर 2024 में 4 सौ के पार पहुचेंगे। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के केंद्रीय कार्यालय का लोकसभा प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने पूजा-पाठ के बाद दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल, खागा विधायक कृष्णा पासवान आदि रहे।

# मादक पदार्थों की अवैध बिक्री न हो

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


बैठक में दिशा निर्देश देतीं डीएम एवं एसपी। अमृत विचार

- समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य अधिकारियों के कसे पेच

**अमृत विचार।** डीएम सी इंदुमती की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई। कलक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री न होने पाए, इसके लिए समय-समय पर प्रवर्तन का कार्य संबंधित विभाग के अधिकारी, पुलिस अधिकारी करते रहे और जांच रिपोर्ट से भी अवगत कराएं। उन्होंने औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया कि मेडिकल स्टोरों में छापा मारकर प्रतिबंधित व एक्सपायरी दवाओं की बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाएं। साथ ही संबंधित उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी से समन्वय बनाते हुए मेडिकल स्टोरों में शत प्रतिशत सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही इस आशय का संबंधित उप जिलाधिकारी प्रमाण पत्र दें। इस उन्होंने औषधि निरीक्षक से कहा कि नशीली, प्रतिबंधित दवाओं की सूची उपलब्ध कराएं। जिला विद्यालय निरीक्षक छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करें। औषधि निरीक्षक एवं पुलिस विभाग के साथ विद्यालयों का औचक निरीक्षण करें। छात्रों पर कड़ी निगरानी बनाए रखें। जिससे मादक पदार्थों का सेवन न करने पाएं। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबों में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए अभियान चलाते हुए नियमानुसार कार्यवाही भी की जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, एडीएम अविनाश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी बिंदकी अनिल यादव, उप जिलाधिकारी नन्द प्रकाश मौर्य, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी सुरेश कुशवाहा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कृषि अधिकारी, औषधि निरीक्षक, आबकारी निरीक्षक सदर, खागा, बिंदकी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित होंगी डिजिटल लाइब्रेरी

**फतेहपुर।** डिजिटल लाइब्रेरी के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने मंगलवार को संबंधित अफसरों को दिशा निर्देश दिए हैं।

कलक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य से सापेक्ष जनपद स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर डिजिटल लाइब्रेरी के लिए ग्राम स्तर पर स्थल का चयन किया जाय। नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत स्तर में अधिशासी अधिकारी अपने स्तर से स्थल का चयन करें। उन्होंने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक डिजिटल लाइब्रेरी से संबंधित सभी मानकों के बारे में अधिकारियों को बताएं।

# बापू के बलिदान दिवस पर खून से पत्र लिख मांगी सड़क

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग का निर्माण न होने से ग्रामीणों में रोष
- नरैनी, मोगरिहापुर, बहेरा-बरैची आदि गांवों में लिखे गए खत


महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर विरोध करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बहु प्रतीक्षित विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग निर्माण के लिए सड़क किनारे के गांवों में ग्रामीणों ने मंगलवार को खून से खत लिखकर शासन-प्रशासन के जिम्मेदारों को अपनी पीड़ा बताई है। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किसानों, व्यापारियों, युवाओं ने खून से खत लिखे। सड़क संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने अभियान का नेतृत्व किया।

ग्रामीणों का कहना है कि लोकसभा चुनाव से पहले यदि ध्वस्त पड़ी सड़क का निर्माण नहीं होता है तो वोट के माध्यम से अनदेखी का जवाब दिया जाएगा। फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र की पांच लाख आबादी को प्रभावित करने वाले विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग निर्माण के लिए विगत वर्ष गांधी जयंती के दिन से सत्याग्रह आंदोलन भी किया गया था। जिस पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने लिखित आश्वासन के बाद 12 अक्टूबर को इसे समाप्त करवा दिया था। आंदोलन समाप्त हुए चार महीने का समय बीत चुका है। सड़क निर्माण की दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं हो सकी। सड़क निर्माण आंदोलन से जुड़े गांवों के लोगों ने जनसूचना अधिकार को हथियार बनाया तो यहां पर भी अधिकारियों ने बचाव कर लिया। वांछित सूचनाएं देने से अधिकारी बच रहे हैं। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों का दावा है कि सड़क निर्माण के लिए शासन से अवमुक्त होने वाले बजट का बंदरबांट किया जा चुका है। जवाब में इसी बात की पोल खुलने का अंदेशा अधिकारियों को सता रहा है। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की कार्यप्रणाली से नाराज ग्रामीणों ने झोपड़ी से लेकर घरों के ऊपर तक रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाने का अभियान तेज कर दिया है। राष्ट्रपिता के बलिदान दिवस पर विजयीपुर, बहेरा-बरैची, मोगरिहापुर, नरैनी, लोधौरा, बहियापुर आदि गांवों में ग्रामीणों ने खून से खत लिखे। इन पत्रों को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा जिलाधिकारी कार्यालय को प्रेषित किया गया है। किसान नेता राकेश यादव निवासी मिचकी, नंदकिशोर द्विवेदी, रामदीन पाल, राजन तिवारी, मुन्नी तिवारी, पवन तिवारी, लवकुश यादव, प्रदीप दीक्षित, रामबाबू तिवारी, अर्जुन मौर्या, सोमदत्त मौर्या, अमित मौर्या, पप्पू मौर्या, शत्रुघ्न कश्यप, जयप्रकाश तिवारी, विनोद कुमार द्विवेदी लिधौरा, राम सिंह यादव, बब्बू द्विवेदी, विनोद कुमार, बालवीर राज सिंह, संतोष कुमार, वीरेंद्र कुमार, राम प्रकाश, ज्ञान प्रकाश, संजय आदि रहे।

**होनहारों को मौका** | हाईस्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक मिलेगी सहायता

# श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई में 15 हजार तक मदद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पंजीकृत श्रमिकों की मृत्यु पर एक लाख की सहायता का भी प्रावधान
- 15 हजार से कम मासिक वेतन वाले श्रमिकों को मिलेगा लाभ



**अमृत विचार।** 15 हजार रुपये से कम मासिक वेतन प्राप्त करने वाले पंजीकृत श्रमिकों के लिए अच्छी खबर है। कारखाने के साथ ही वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों व दुकानों में काम करने वाले श्रमिकों के बेटे-बेटियों की पढ़ाई के लिए शासन ये हाईस्कूल-इंटर से लेकर प्राविधक शिक्षा में अलग-अलग मद में 15 हजार तक की सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा तीर्थ यात्रा के लिए 12 हजार तक की सहायता भी शासन से मिलेगी।

श्रमिकों की कल्याण के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। श्रम विभाग द्वारा संचालित गणेश शंकर विद्यार्थी श्रमिक पुरस्कार योजना के तहत श्रमिकों के बेटे-बेटियों के हाईस्कूल, इंटर, स्नातक एवं परास्नातक में 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले बच्चों को पांच हजार वर्ष में एक बार दिए जाएंगे जबकि 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक पाने वाले बच्चों को सात हजार पांच सौ रुपये प्रति बच्चे के हिसाब से सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ अधिकतम दो बच्चों को ही स्वीकृत होगा। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम श्रमिक प्राविधिक शिक्षा सहायता योजना के तहत सात हजार व डिप्लोमा के लिए 10 हजार, एकमुश्त प्रति वर्ष के हिसाब से मिलेंगे जबकि डिग्री के लिए 15 हजार तक की सहायता दी जाएगी।

### तीर्थयात्रा के लिए मिलेगी मदद

तीर्थयात्रा के लिए श्रवण कुमार श्रमिक परिवार तीर्थ योजना के तहत कारखाने में कार्यरत श्रमिक व उनके परिवार के लिए प्रति सदस्य के हिसाब से दो की सहायता मिलेगी। इसमें उनकी पत्नी, बच्चे एवं माता-पिता शामिल हैं। इस मद में 12 हजार तक की धनराशि प्राप्त होगी। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ऐसे श्रमिक पात्र होंगे जिनका मासिक वेतन 15 हजार से कम है।

### मृत्यु पर एक लाख की सहायता

पंजीकृत श्रमिकों के हित में जन्म से लेकर मृत्यु तक कई योजनाओं के प्राविधान है। यदि किसी श्रमिक की मृत्यु हो जाती है तो उनके आश्रितों को एक लाख तक की धनराशि प्रदान की जाएगी। साथ ही अंत्येष्टि के लिए भी 10 हजार की सहायता प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है।

> पंजीकृत श्रम उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। इसकी हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा की जा सकती है। योजनाओं से संबंधित विस्तार से जानकारी कार्यालय में प्राप्त की जा सकती हैं।
> -सुमित कुमार, सहायक श्रमायुक्त

## शराब और भांग की 13 दुकानें की आवंटित

**फतेहपुर।** आबकारी की दुकानों के व्यवस्थापन के लिए कलक्ट्रेट सभागार में आवेदकों के समक्ष जिलाधिकारी सी इंदुमती की अध्यक्षता में वर्ष-2024-25 के लिए देशी शराब की छह दुकान, बीयर की दो दुकान व भांग की पांच फुटकर दुकानों को ई-लाटरी के माध्यम से आवंटित किया गया।

ज्वालागंज पेट्रोल पंप के पास स्थित बीयर की दुकान को सिविल लाइन निवासी शिव सागर और टीवीएस एजेंसी के पास स्थित बीयर की दुकान को सोनू कुमार मौर्य को आवंटित की गई है। खागा सब्जी मंडी के पास देशी शराब की दुकान सोनू कुमार मौर्य, पुरेताज महमदपुर में शिवसागर, सेमरी में सावित्री, गुनीर में उमा देवी, लहंगी में ओमनारायण शुक्ला और दुगरेई में तेज बहादुर सिंह समेत अन्य आवंटित की गई है।

# भारत जोड़ो यात्रा सफल बनाएं

संवाददाता फतेहपुर

- कांग्रेस ने कार्यकर्ता कार्यशाला का किया आयोजन
- गांव व बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की दी जिम्मेदारी


भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल कांग्रेसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी से रूठे नेता और कार्यकर्ताओं को मनाने के साथ गांव व बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता कार्यशाला का आयोजन शहर के आईटीआई रोड स्थित पूर्व विधायक अनिल सिंह के आवास पर किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी अंशु तिवारी ने दीप जलाकर शुभारंभ किया।

कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने पूरे देश को जोड़ने के लिए भारत जोड़ों न्याय यात्रा निकाली है। जो कि 14 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। इस यात्रा का मकसद है कि ग्राम व बूथ स्तर पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ना और जो नेता कार्यकर्ता रूठे हुए हैं। उनको सम्मान देकर लोकसभा चुनाव में जिम्मेदारी देना है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा कि जिले की छह विधानसभा में बूथ स्तर पर और ग्राम स्तर पर कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है।

इस बार राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में कई सीटों पर हम जीत रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अभी से चिल्ला रहे हैं कि 4 सौ के पार। लेकिन हम कह रहे है। भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव में सत्ता से बाहर हो जाएगी। इस मौके पर शहर अध्यक्ष मोहसिन खान, महिला जिलाध्यक्ष हेमलता पटेल, सागर सेन, मिसबाहुल हक, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष संतोष कुमारी शुक्ला मौजूद रहे।

## एक नजर

### घायल की उपचार के दौरान हुई मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज के पास हाईवे पर ललौली के आबू मुहम्मदपुर बनरसी गांव निवासी भिखारी सड़क हादसे में घायल हो गए थे। वह अपने मित्र के साथ रिश्तेदारी में गए थे। लौटते समय लोधीगंज के पास अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई थी, जिससे वह व उनका पुत्र घायल हुए थे। इलाज के बाद डाक्टर ने उसे कानपुर के लिए रेफर किया था। जहां इलाज के बाद परिजन घर ले आए। घर पर ही उनका उपचार चल रहा था। मंगलवार को उनकी मौत हो गई।

### खौलता दूध ऊपर गिरने से मासूम झुलसा

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे के कृष्णा नगर निवासी अब्दुल हमीद की पुत्री रहमती मंगलवार सुबह खेलते-खेलते किचन में पहुंच गई। तभी गैस पर चढ़ा खौलता दूध उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह झुलस गई। परिजनों ने तत्काल मासूम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# मेडिकोलीगल में लापरवाही पर डाक्टर पर विभागीय कार्रवाई

## सीएमओ को कोर्ट में कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



- पाक्सो एक्ट कोर्ट ने दोबारा मेडिकोलीगल कराने के लिए सीएमओ को आदेश दिया

**अमृत विचार।** दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में पीड़िता के मेडिकल परिक्षण में लापरवाही बरतने पर पाक्सो एक्ट कोर्ट ने महिला डाक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और पीड़िता का फिर से मेडिकल परीक्षण कराने के आदेश दिया है। कोर्ट ने सीएमओ को कार्रवाई की रिपोर्ट एक माह के अंदर कोर्ट में प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

किशनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 11 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म हुआ था। किशोरी का शनिवार को जिला महिला अस्पताल में मेडिकल परिक्षण हुआ। महिला डाक्टर अंजलि ने पीड़िता का कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार चिकित्सीय परीक्षण नहीं किया। रिपोर्ट के कालम नंबर 18 के अत्यंन्त महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कोई इंद्राज नहीं किया गया। जिससे केस पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। विवेचक ने भी डाक्टर पर गंभीर आरोप लगाए। विवेचक संजीव कुमार ने सहायक शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में फिर से मेडिकोलीगल परीक्षण कराने का प्रार्थना पत्र दिया। मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट ने लापरवाही बरतने पर डाक्टर अंजलि के खिलाफ सीएमओ को विभागीय कार्रवाई करने और फिर से मेडिकोलीगल परीक्षण कराने के आदेश दिए हैं। कार्रवाई की रिपोर्ट एक माह के अंदर कोर्ट में पेश करने के आदेश न्यायाधीश ने दिए हैं।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख व विधायक की गाड़ी में हुई टक्कर

**फतेहपुर।** किशनपुर क्षेत्र में मंगलवार को दौरे पर निकलीं खागा विधायक के वाहन में पूर्व ब्लाक प्रमुख के वाहन ने टक्कर मार दी। हालांकि हादसे में कोई जख्मी नहीं हुआ, लेकिन दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई। शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाकर पंचायत कराई गई और पुलिस के प्रयास से समझौता कराया गया। खागा विधायक कृष्णा पासवान किशनपुर मंगलवार को भ्रमण के लिए निकलीं थीं। रास्ते में सपा के पूर्व ब्लाक प्रमुख नितिन यादव अपनी गाड़ी से जा रहे थे। प्रमुख की गाड़ी विधायक कृष्णा पासवान के वाहन से टकरा गई। टक्कर लगते ही दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। समर्थकों के बीच विवाद बढ़ता देख पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाया और मामला शांत कराया।

## हत्यारोपी चचेरा देवर पुलिस के हत्थे चढ़ा

संवाददाता फतेहपुर

- सामूहिक दुष्कर्म के बाद की थी भाभी की हत्या
- ललौली क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान के टैंक में मिला था शव

**अमृत विचार।** साथियों संग भाभी से सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर फरार मुख्य आरोपी चचेरे देवर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। सउदी से तीन लाख रुपये में पति ने चचेरे भाई को पत्नी की हत्या की सुपारी दी थी। हत्याकांड में चार अन्य आरोपी पहले जेल जा चुके हैं। अब मामले में सउदी अरब से पति को लाने की तैयारी करेगी।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की शादी करीब डेढ़ साल पहले राधानगर थाना क्षेत्र के बीबीपुर निवासी छोटू लोधी से हुई थी। अवैध संबंधों के शक पर सउदी से छोटू ने पत्नी की हत्या की साजिश रची थी। महिला 15 जनवरी को लापता हो गई थी। उसका ललौली थाना क्षेत्र के जिंदपुर स्थित निर्माणाधीन मकान के सेफ्टिक टैंक से 20 जनवरी को शव मिला था। पुलिस ने हत्या में शामिल राधानगर निवासी रोहित लोधी, बीबीपुर निवासी रामचंद्र, सैदाबाग निवासी शिवम उर्फ पंचम, सोनू लोधी को जेल भेजकर पर्दाफाश किया था। आरोपियों से घटना का मुख्य आरोपी मृतका का बीबीपुर निवासी चचेरा देवर ननकू लोधी उर्फ सूरज के होने का पता लगा था। पुलिस ने लदिगवां के पास से सोमवार को ननकू को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में ननकू ने कबूला किया सउदी में नौकरी करने वाले चचेरे भाई छोटू लोधी ने तीन माह पहले अपनी पत्नी की हत्या कराने की फोन पर बात की थी। बदले में तीन लाख की सुपारी दी थी। उसने हत्याकांड को अंजाम देने के लिए बाकी चार साथियों को इकट्ठा किया। उसने साथियों संग भाभी के गांव 15 जनवरी को पहुंचा था। मेला दिखाने के बहाने से भाभी को गांव से ले गया था। उसने कंचन किराना स्टोर भिखारीपुर की दुकान का क्यूआर कोड छोटू को भेजा। छोटू ने तीन बार में 17 हजार एक रुपये भेजे। इसके बाद भाभी को जिंदपुर स्थित निर्माणाधीन मकान में ले गया।

जहां सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर भाग निकले थे। करीब रात नौ बजे हत्या के बाद शराब पीने गाजीपुर बस स्टैंड पहुंचे। अंग्रेजी शराब दुकान में एक हजार रुपये छोटू से ही ट्रांसफर कराए। उसी दिन ग्राहक सेवा केंद्र अंदौली पुलिया पर भी 500 रुपये छोटू से मंगवाए थे। छोटू से सुपारी का एक लाख रुपये 23 जनवरी और बाकी रुपये बाद में देने की बात तय हुई थी। छोटू ने 23 जनवरी को एक लाख रुपये नहीं भेजे। प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

# फसलों पर कहर बरपा रहे अन्ना मवेशी

संवाददाता, अमौली फतेहपुर

- पशुओं से परेशान किसानों को नहीं सूझ रहा रास्ता
- दिन-रात मेहनत के बाद भी नहीं बचा पा रहे हैं फसल

**अमृत विचार।** मेहनत से तैयार किसानों की फसल अन्ना मवेशी उजाड़ रहे हैं। प्रशासन कागजों पर गोवंश पकड़ कर गोशाला में बंद करने का दावा कर रहा है, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। किसानों ने रातों में जागकर फसल को बचाने का प्रयास किया, लेकिन फसल बचाना मुश्किल हो रहा है।

सरकार किसानों की दोगुनी आय के साथ उन्हें किसान सम्मान निधि भेजकर प्रोत्साहित करने में लगी हुई है। वहीं किसान अपनी सालभर की कमाई सरसों, आलू, गेहूं, चना, मटर आदि की फसलें बचाने के लिए जी जान से लगे हैं। लेकिन अन्ना गोवंश उन्हें बर्बाद कर रहे हैं। इसके लिए किसान दिन रात खेतों पर पड़ा रहता है। किसान कहीं चूक गया तो अन्ना गोवंश का झुंड खेत में घुसकर कुछ ही देर में फसल चट कर जाते हैं। इससे क्षेत्र के किसान दुखी हैं। राजनीतिक मंच के अखाड़े से गोवंशों को गोशाला में भेजने के दावे भी झूठे साबित हो रहे हैं।



कुछ इस तरह फसलों पर हमला बोलते मवेशी। अमृत विचार

### गोशालाओं से भी राहत नहीं

अमौली विकास खंड क्षेत्र में पांच अस्थायी व तीन स्थायी गोशाला बनाई गई हैं। जिनमें करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद प्रत्येक माह लाखों का बजट पास करा लिया जा रहा है। गोवंश को पकड़कर गोशाला में बंद करने का आदेश है। लेकिन गोशालाओं में गोवंश बंद नहीं किए जा रहे हैं। इससे गोवंश किसानों की फसलें उजाड़ रहे हैं। ग्रामसभा मवई ,दपसौरा, परसेढा, मदरी, में अस्थायी गोशाला बनाई गई हैं। वहीं नसेनिया, मंगलपुर टकौली और बुढ़वा में स्थायी गौशाला का निर्माण कराया गया। लेकिन उसके पास ही एक किसान के खेत में खड़ी सरसों की तैयार फसल गौवंश उजाड़ रहे हैं।

### सर्द रातों में किसान करते रखवाली

क्षेत्र के अमौली, मदरी, कुलखेड़ा, सरहन, गोहरारी, बेहटा सहित तिरहार क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि अपनी फसल को बचाने के लिए रात दिन खेतों में ही रहकर रखवाली करनी पड़ रही है। अन्ना गोवंश पकड़ कर गोशालाओं में बंद नहीं किए गए तो फसलों को बचाना मुश्किल हो जाएगा।

## किरायेदारों के कमरों का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रानी कालोनी मोहल्ले में किरायेदारों के कमरों का ताला तोड़कर चोर लाखों का माल पार कर ले गए। आबूनगर चौकी में सोमवार को तहरीर दी गई है।

रानी कालोनी निवासी राम सिंह के घर में किराये पर अनुराग शर्मा का परिवार रहता है। डेढ़ माह पहले अनुराग घर आए थे। वह पत्नी नेहा और बच्चों को लेकर उत्तराखंड घूमने गए थे। इसी मकान में दूसरे कमरे में मनीष और प्रशांत त्रिपाठी रहते हैं। दोनों के कमरों का ताला तोड़कर रात में चोरी हुई। अनुराग उत्तराखंड से रविवार रात लौटे। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सवा लाख रुपये नकदी, साढ़े तीन लाख कीमत के जेवर चोर ले गए हैं। वहीं दूसरे किरायेदार के कमरे से ब्लूटूथ स्पीकर समेत 50 हजार का सामान चोर चुरा ले गए हैं। कोतवाल एसबी सिंह ने बताया मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।

# प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को शीघ्र दिलाई जाए सजा



अभियोजन समिति की समीक्षा बैठक में मौजूद विभागाध्यक्ष। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी सी इंदुमती की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अभियोजन के लंबित वादों जैसे पॉक्सो एक्ट, गैगस्टर, हत्या, महिला अपराध आदि मुकदमों पर प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाई जाए। जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने अभियोजन अधिकारी को निर्देशित किया कि गंभीर प्रकृति के मुकदमों की सूची एवं मुकदमों में दोषमुक्त हुए, स्पष्ट कारण सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। इसके अलावा परिवारिक न्यायालय, विद्युत, सामाजिक वानिकी, खाद्य विभाग, गुंडा एक्ट, प्रोबेशन विभाग, फौजदारी, बांटमाप, खाद्य सुरक्षा, श्रम विभाग आदि के लंबित वादों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गंभीर वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाएं। विचाराधीन मामलों में पैरवी कर सजा का प्रतिशत बढ़ाएं।

## सार-संक्षेप

### डॉटा न भरने वाले विद्यालयों पर होगी कार्रवाई

**खागा फतेहपुर।** शिक्षा क्षेत्र धाता विकास खंड अंतर्गत मान्यता प्राप्त व परिषदीय विद्यालयों द्वारा 2023-24 यू-डॉयस में स्कूल का डॉटा न भरे जाने को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी धाता द्वारा ऐसे विद्यालयों को चेतावनी दी है कि यदि तीन के अंदर यू डायस प्लस प्रोफाइल में डाटा एंट्री एवं अपडेशन का कार्य, विद्यालय प्रोफाइल ,अध्यापक प्रोफाइल, छात्र प्रोफाइल आदि का कार्य पूरा नहीं किया जाता तो ऐसा माना जाएगा कि उक्त विद्यालयों का संचालन नहीं हो रहा है या फिर संचालन के इच्छुक नहीं हैं। ऐसे में विद्यालय के यू-डायस कोड व मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही प्रस्तावित की जा सकती है। जिसका समस्त उत्तरदायित्व विद्यालय का होगा।

### 44 केंद्रों पर होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

**फतेहपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। आवेदन पूरे होने के साथ ही अब अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा की तैयारी है। इसके लिए जिले में 48 केंद्रों का प्रस्ताव किया गया। जिसमें से चार केंद्र काट दिए गए हैं। अब 44 केंद्रों में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पुलिस के आरक्षी पद के लिए सीधी भर्ती की प्रक्रिया में 17 व 18 फरवरी को लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इसके लिए पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से जिले के 44 कालेजों को चिह्नित किया गया है। इन कालेजों में उनकी क्षमता के आधार पर अभ्यर्थियों का आवंटन किया गया है। 17 व 18 फरवरी को दो पालियों में इन कालेजों में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

### मिली नौकरी तो खुश हुए युवा

**अमौली।** कौशल विकास मिशन के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत संचालित केंद्र पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिस पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तो उनके चेहरों पर मुस्कान दिखी। विकास खंड क्षेत्र के कस्बा स्थित जगदंबा इंटर कालेज में चल रहे कौशल विकास केंद्र पर मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र पटेल रहे। विधायक ने 23 छात्रों को स्मार्ट फोन वितरण किया तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए आठ कंपनियों ने 180 छात्रों को चयनित कर नियुक्ति पत्र वितरित किए। नियुक्ति पत्र व स्मार्ट फोन प्राप्त करते हुए छात्र व छात्राओं के चेहरे खिल गए। इस मौके पर कालेज के संस्थापक नारायन तिवारी, प्रभारी जिला समन्वयक आशीष केशरवानी, विनोद कुमार तिवारी, पुनीत तिवारी, विनय तिवारी, श्रीकांत पटेल, अर्पित पटेल मौजूद रहे।

### डीएम-एसपी ने खंगाला बंदियों का सामान

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी सी इन्दुमती और पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला, पुरूष बैरिक, पाकशाला, आटा चक्की, फर्नीचर मरम्मत के कार्य का कक्ष, सिलाई कक्ष आदि को देखा। उन्होंने निरुद्ध महिल व पुरूष बंदियों के थैले की तलाशे। कारागार में तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उन्होंने निरुद्ध बंदियों से उनके समस्याओं के बारे में पूछा, उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि जिन बंदियों को विधिक सहायता की जरूरत है, उन्हें उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने रसोई घर में बनाई जा रही अरहर की दाल एवं मिक्स सब्जी को खुलवाकर देखा, जिसकी गुणवत्ता ठीक पाई गई। सभी सीसीटीवी कैमरे चलते हुए पाए गए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खां, जेलर सुरेश चंद्र, डिप्टी जेलर कृपाल सिंह, माया देवी रहीं।

### जांच के लिए जा रहे चौकी प्रभारी की गाड़ी पलटी

**किशनपुर।** विजयीपुर चौकी में तैनात प्रभारी महेंद्र यादव जांच के लिए अपने साथी सिपाही के साथ किशनपुर से पहाड़पुर जा रहे थे। रास्ता खराब होने की वजह से उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। खबर पाकर मौके पर पहुंचे लोगों ने गाड़ी को बाहर निकाला। साथ में बैठे सिपाही को चोटें आई हैं।

# पाला से सरसों और सब्जी की फसलें हो रहीं खराब

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- किसानों को फसल में लगी लागत निकालना मुश्किल सब्जी को भी नुकसान

**अमृत विचार।** करीब तीन सप्ताह तक शीतलहर के बीच सब्जी किसानों के सपने को भी पाला मार गया। सब्जी की फसल बचाने के लिए किसान खेतों में रात की ठंड से जूझते रहे। शीतलहर के साथ पाला पड़ने से सब्जी के फूल नष्ट हो गए। जिससे सब्जी में महंगाई की नजर लग गई है।

जिले में जनवरी से सर्दी बढ़ी तो शीतलहर के साथ पाला और कोहरा सब्जी की फसल के लिए काल बन गया। सब्जी के पौधों का विकास अवरुद्ध होने के साथ उससे फूल गायब हो गए। पौधे भी कमजोर हो गए। ऐसे में फल आने बंद हो गए। इसका असर बैगन गोभी, टमाटर, मिर्च, धनिया सहित अन्य सब्जियों की फसल पर भी देखने को मिला। सब्जी कास्तकारों राम मिलन, केशनलाल ने बताया कि सब्जी के फूल गिर गए। अब मौसम खुल रहा है तो टमाटर में फल आएंगे। सब्जी की फसल खराब होने से बाजारों में सब्जी में महंगाई की नजर लग गई है।

### फसल से लागत निकलना मुश्किल

पाला ने सब्जी के साथ सरसों की फसल को खराब कर दिया है। किसान फसलों को बचाने के लिए अन्ना मवेशियों से जूझते आए हैं। वहीं मौसम की मार भी फसलों पर पड़ी है। किसानों का कहना है कि काफी मात्रा में सरसों की फसल खराब हो चुकी है। इससे उसकी लागत निकालना मुश्किल होगा।

# गांवों में 24 घंटे का प्रवास करेंगे भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा पदाधिकारी गांवों में 24 घंटे का प्रवास करेंगे। मंगलवार को शहर के जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर अभियान की कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें कार्यक्रम को लेकर मंथन हुआ रुपरेखा तैयार की गई।

कार्यशाला में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी देश में सत्तारूढ़ रह कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर देश को आन्तरिक एवं वाह्य रूप से सशक्त बनाने में मनोयोग से लगी है। सभी कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारियों को एक गांव में चौबीस घंटों का पूर्ण प्रवास करते हुए, सरकार की विभिन्न योजनाओं को वहां के वासियों को बताना है। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को बताते हुए गरीब कल्याण के लिए समर्पित देश के प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री रणवेंन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, मनोज शुक्ला, आशीष मिश्रा, रमाकांत त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, लोकसभा विस्तारक आशीष तिवारी, पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, उदय लोधी, ज्ञानेंद्र सचान, बैजनाथ वर्मा, अपर्णा सिंह गौतम, कुलदीप भदौरिया, मनोज मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, धनंजय द्विवेदी, अतुल त्रिवेदी, पवन मिश्रा, जितेन्द्र सिंह सेंगर, अजय सिंह रिंकू लोहारी, अमित शिवहरे सहित समस्त मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी आदि रहे।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करतीं केंद्रीय राज्यमंत्री व जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

## पत्नी से झगड़कर युवक ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के भोलापुर गांव निवासी रामराज यादव का पुत्र संजय कुमार का अपनी पत्नी सूमा देवी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिससे नाराज संजय गांव से एक किलोमीटर दूर जंगल पहुंचकर एक पेड़ पर फांसी लगा ली। वहीं मवेशी चरा रहे लोगों ने संजय का शव देख परिजनों को जानकारी दी। रोते-बिखलते परिजन मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ- 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ-साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.


**परेशानी** घरों के सामने गड्ढे खोदकर जमा करते दूषित पानी, कई बार जिम्मेदारों से लगाई गुहार

# नाली निर्माण न होने से नरक बना जीवन



गड्ढा खोदकर दूषित पानी एकत्र करते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, धाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के भीम नगर वार्ड के पुरानी सोनारी रोड में नाली निर्माण नहीं होने से लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। रोड के दोनों तरफ नाली का निर्माण नहीं है। लोग घर के बाहर गड्ढा बनाकर दूषित पानी एकत्र करते हैं, ओवरफ्लो होने पर उसी गंदे पानी को किसी बर्तन से या मोटर पंप के सहारे निकाल कर दूर जाकर फेंकते हैं। दूषित पानी से मच्छर जनित बीमारियों के बढ़ने का खतरा हमेशा बना रहता है।

दशकों से मोहल्ले के निवासी जनप्रतिनिधि से मांग करते आ रहे हैं लेकिन किसी के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। अब ग्राम सभा से धाता को नगर पंचायत हुए लगभग आठ महीने हो चुके हैं। बावजूद इसके पुरानी सोनारी रोड मुहल्ले में अभी तक नाली निर्माण नहीं हुआ है। मोहल्लेवासियों ने रोष व्यक्त करते हुए जिम्मेदारों को कोस रहे हैं।

### क्या कहते हैं स्थानीय लोग



जिस गंदे पानी को लोग देखना भी पसंद नहीं करेंगे, उस दुर्गंध युक्त पानी को घर के बाहर एकत्रित करना मजबूरी बन चुकी है। दरवाजे के सामने ही गंदगी करनी पड़ती है। लेकिन जिम्मेदार नहीं जाग रहे हैं।

\- बेनीधर त्रिपाठी



पानी के गड्ढे में छोटे बच्चों के गिरने का डर हमेशा बना रहता है। कई बार शिकायत किया गया पर कोई सुनवाई करने वाला नहीं है। नाली निर्माण न होने से जलनिकासी नहीं पाती है।

-महावीर सिंह शिक्षक



बर्तन धुलना हो या नहाना हो, सभी काम में खराब पानी फेंकने की समस्या होती है। घर में मेहमान आने पर समस्या और बढ़ जाती है। घर के बाहर गंदा पानी जमा रहता है। मच्छर नोच डाले है। मगर सुनवाई नहीं है।

\- किरन देवी



एकत्रित गंदे पानी से मच्छर जनित बीमारी होना एक आम बात हो गई है। लोग बीमार भी होते हैं। गंदे पानी से घर में दुर्गंधता बनी रहती है। खासकर बारिश के दिनों में तो समस्या और भी विकराल हो जाती है।

-अशोक कुमार

## सपा नेताओं ने सरकार को बताया जनविरोधी

**जहानाबाद फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पटेल उर्फ पप्पू वर्मा ने पीडीए पखवाड़ा के तहत मंगलवार को कस्बा के एक गेस्ट हाउस में बैठक की। जिसमें मौजूदा सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करने के लिए अभियान चलाने पर चर्चा की।

पीडीए पखवाड़ा में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों व समाज के अन्य समाज को जोड़कर आगामी लोकसभा के चुनाव में सपा को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि हर बूथ से ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता जुट जाए। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष सैय्यद आबिद हसन ने कहा कि आम जनमानस मौजूदा सरकार की नीतियों से परेशान है। अनवर यादव ने कहा कि सरकार लोगों के बीच में भय फैलाकर सत्ता हथियाना चाहती है।

# शिलान्यास के चार दिन बाद भी काम शुरू नहीं

**अमृत विचार पड़ताल**

**मुख्यमंत्री ने किया था शिलान्यास, जनखत में बनना है 17.51 एकड़ में सीबीजी प्लांट**

**एचपीसीएल को दी गई है जिम्मेदारी, 27 को वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल थे अफसर व जनप्रतिनिधि**

अजय मिश्र, कन्नौज

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 27 जनवरी को बदायूं में कंप्रेस्ड बायोगैस संयत्र (सीबीजी) प्लांट का लोकार्पण और कन्नौज समेत आठ जिलों के लिए वर्चुअल शिलान्यास किया था। एनआईसी में इसके सजीव प्रसारण में जिले के कई आलाधिकारी व जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए थे। चार दिन गुजर जाने के बाद भी चिह्नित की गई जमीन पर काम शुरू नहीं हो सका है। अब इसको लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं हैं।

बदायूं में सीबीजी प्लांट का लोकार्पण हुआ था। साथ ही मुख्यमंत्री ने कन्नौज, सीतापुर, जौनपुर, बरेली, कानपुर देहात, अमेठी, बहराइच व फतेहपुर के प्लांट का ऑनलाइन शिलान्यास भी किया। इसके सजीव प्रसारण में सांसद सुब्रत पाठक, डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, एडीएम आशीष सिंह, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, भाजपा नेता शैलेंद्र द्विवेदी, इत्र व्यवसायी पवन त्रिवेदी व उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह समेत कई अधिकारी व इत्र व्यापारी शामिल हुए थे। जिले के तहसील तिर्वा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जनखत में प्लांट के लिए 17.51 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। गाटा संख्या 4859 की 7.0875 हेक्टेयर यानि 17.51 एकड़ जमीन को यूपी नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा विकास अभिकरण के पक्ष में 30 वर्ष के लिए लीज पर लिया गया है। जैव ऊर्जा नीति 2022 के तहत जैव ऊर्जा प्लांट लागने के लिए निदेशक अनुपम शुक्ल ने पत्र भी भेजा है। प्लांट स्थापित करने के लिए हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को जिम्मेदारी दी गई है।


एनआईसी में 27 जनवरी को वर्चुअल कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी, जनप्रतिनिधि व व्यापारी।


जनखत में सीबीजी प्लांट के लिए चिह्नित की गई जमीन। अमृत विचार

> जनखत में बनने वाले सीबीजी प्लांट के लिए जिला प्रशासन ने जमीन मुहैया करा दी है। एचपीसीएल को तीन महीने का समय दिया गया है। अभी डीपीआर भी नहीं मिला है। दो साल का समय बनाने में लगेगा। 27 जनवरी को वर्चुअल शिलान्यास हुआ था।
>
> **यशवंत सिंह, पीओ नेडा**

**क्या कहते हैं गांव के लोग**

शिलान्यास का प्रचार-प्रसार जोरशोर से हुआ है, लेकिन अब तक न तो चिह्नित जमीन पर काम शुरू हुआ है और न ही मैटेरियल आया है। भाजपा के लोग झूठ बोलते हैं। किसी योजना या परियोजना का शिलान्यास तभी कहा जाता है जब काम होने लगता है।

**विनोद यादव, पूर्व प्रधान जनखत**

**बोले प्रधान प्रतिनिधि**

जनखत के प्रधान रावेंद्र दोहरे के प्रतिनिधि विपिन ने बताया कि वह अभी प्लांट बनने वाले स्थान के पास से आ रहे हैं, अब तक कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

**प्लांट की खासियतें**

- पांच टन प्रतिदिन क्षमता की ऊर्जा उत्पादन का बनना है प्लांट।
- चार से पांच करोड़ रुपये की आ सकती है लागत।
- पर्यावरण सुरक्षा, रोजगार देने और निवेश की होगी सहूलियत।
- पराली से जैविक खाद व सीएनजी आदि बनाई जाएगी।
- ट्रेनों में चोरी करने वाले 50 बदमाशों को पकड़ते हुए 617900 रुपये का सामान बरामद कया गया।
- नशीले पदार्थ के साथ दो लोगों को पकड़ कर जीआरपी को सौंपा गया।

## बाइक की टक्कर से घायल युवक को पीटा

**तिर्वा-कन्नौज।** बाइक की टक्कर से घायल हुए युवक ने जब बाइक सवार का विरोध किया तो उसने मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के नथापुर्वा गांव निवासी रामजीवन पुत्र सेवाराम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 24 जनवरी की दोपहर में वह खेत पर जा रहा था। रास्ते में गांव का निवासी संजय पुत्र रामेंद्र ने अनियंत्रित बाइक चलाते हुए उसके पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया, जब उसने बाइक चालक से अस्पताल पहुंचाने के लिए कहा तो उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

## मामूली विवाद में हुई मारपीट, तीन घायल

**गुरसहायगंज।** ग्राम रौतामई निवासी संजीव कुमार का कहना है कि पानी भरने के विवाद को लेकर गांव के तीन लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पत्नी रुचि से भी मारपीट की। ग्राम भवानीपुर निवासी गोपालदास का कहना है कि बच्चों के विवाद में दो लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।



स्मार्टफोन के साथ मौजूद छात्राएं व प्रबंधक। अमृत विचार

# स्मार्टफोन से छात्र-छात्राओं को मिलेगा तकनीकी ज्ञान

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- **180 छात्र-छात्राओं को दिए गए स्मार्टफोन**

**अमृत विचार।** मंगलवार को नगर के फर्रुखाबाद रोड स्थित अमतुन्ना बानो महिला महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द सशक्तीकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने 180 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए।

पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि भाजपा सरकार छात्र-छात्राओं को तकीनीकी शिक्षा में आगे बढ़ने में सहयोग कर रही है। स्मार्टफोन छात्र-छात्राओं की शिक्षा में सहयोगी साबित हो रहे है। प्रबंधक रिजवाना सिद्धीकी ने कहा कि आज का युग तकनीकी शिक्षा से अधिक प्रभावित है। छात्र-छात्राओं को स्कूली शिक्षा के साथ साथ तकनीकी ज्ञान को भी अर्जित करना चाहिए। इससे उनकी बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूबी वर्मा ने किया। इस दौरान डॉ. पूजा श्रीवास्तव, डॉ. रुबी वर्मा, डा. साधना, नूरुल शम्स, नाजनीन रहीं।

# बावरिया गिरोह के दो डकैतों को दी जेल में बिताई गई अवधि की सजा

**विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) ने सात साल चार माह दस दिन की सजा सुनाई**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **शहर के दो घरों में डकैती डालकर दिया था वारदात को अंजाम, पुलिस ने था पकड़ा**

**अमृत विचार।** शहर में दो घरों में परिजनों को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले बावरिया गिरोह के दो डकैतों को विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) ने जेल में बिताई अवधि सात साल चार माह दस दिन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों डकैतों पर पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर दोनों को दस-दस दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने बताया कि जनपद संभल के थाना असीवन क्षेत्र के ग्राम सईमन निवासी सुल्तान बावरिया उर्फ राशिद तथा बरांडी उर्फ शोएब बावरिया ने शहर के दो घरों में डकैती की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों घटनाओं का मुकदमा दर्ज कर डकैतों को गिरफ्तार कर लिया और उनसे लूट का माल भी बरामद हुआ था। पुलिस ने दोनों डकैतों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था तथा अभियोजन पक्ष की तरफ से 18 गवाह पेश किए गए थे। दोनों डकैत पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद थे। विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) इंद्रजीत सिंह ने दोनों डकैतों को दोष सिद्ध करते डकैती व घातक चोट पहुंचाने के आरोप में जेल में बिताई गई अवधि सात वर्ष चार माह दस दिन का कठोर कारावास की सजा सुनाई है।



**केस 01** शहर के मोहल्ला बालाजी नगर में एक मई 2016 की रात में यशवीर सिंह भदौरिया के मकान पर सशस्त्र बदमाशों ने धावा बोल दिया था। बदमाशों ने यशवीर सिंह और परिजनों को बंधक बनाकर जमकर मारपीट की। डकैतों ने लाखों रुपये के जेवरात लूट लिए थे। सभी बदमाश कच्छा-बनियान पहने हुए थे। मारपीट में दंपती समेत बेटा व बेटी घायल हुए थे।

**केस 02** शहर के मोहल्ला नसरापुर नई बस्ती में एक मई 2016 की रात डेढ़ बजे के करीब कच्छा-बनियान गिरोह के बदमाशों ने सोहन मिश्रा के मकान पर धावा बोल दिया तथा परिजनों को बंधक बनाकर लाठी-डंडे व सरिया से पीटा। डकैतों ने नगदी व लाखों रुपये के जेवरात लूट लिए थे। बदमाशों की पिटाई से भाभी रेनू मिश्रा व बेटी काजल मिश्रा घायल हो गई थीं।

## युवक की हत्या में दोषी को मिला आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **अपर जिला जज प्रथम ने 21 हजार का अर्थदंड भी दिया**

**अमृत विचार।** गांव के बाजार में मुफ्त में सब्जी लेने का विरोध करने पर हत्या करने वाले दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने उस पर 21 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा सुनाए जाने के बाद दोष सिद्ध अपराधी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार अनौगी भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता यतेंद्रपाल सिंह ने बताया कि तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम बमरौली में 11 फरवरी 2021 की रात में घनश्याम पाठक की ईंटों से सिर कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। उनके बेटे रोशन पाठक ने खजुरियन नगला निवासी संतोष वर्मा पुत्र हिमांचल वर्मा व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बेटे ने बताया था कि बमरौली गांव के पश्चिम तरफ ब्रह्मदेव स्थान पीपल के पेड़ के पास उसके पिता सब्जी का बाजार लगवाते थे। 11 फरवरी 2021 को सब्जी बाजार लगा था, जिसमें संतोष वर्मा आया था। उसने विक्रेता से सब्जी ले ली और पैसे नहीं दिए, जिसका उनके पिता ने विरोध किया था। संतोष ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। पिता रात में दुकान पर लेटे थे। उसी रात 12 बजे के करीब संतोष ने दो अन्य लोगों के साथ ईंट-पत्थर से सिर कुचलकर घनश्याम पाठक की हत्या कर दी और भाग गया। वह जब अपने मामा जयप्रकाश पुत्र रामऔतार के साथ पहुंचे तो संतोष को भागते हुए देख लिया था। तत्कालीन थानाध्यक्ष कृष्णलाल पटेल व उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने घटना की विवेचना कर संतोष वर्मा के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से छह गवाह पेश किए गए। मंगलवार को अपर जिला जज प्रथम लोकेश वरुण ने संतोष वर्मा को दोष सिद्ध करते हुए हत्या के आरोप में आजीवन सश्रम कारावास तथा जान से मारने की धमकी में एक साल का सश्रम कारावास व एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## संवेदनशील बूथों की जांच कर दें रिपोर्ट

**तिर्वा-कन्नौज।** आगामी चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसडीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर उनसे संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों की जांच कर रिपोर्ट मांगी।

मंगलवार को तहसील सभागार में एसडीएम अशोक कुमार की अध्यक्षता में सौरिख व सकरावा क्षेत्र के 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक का आयोजन हुआ। एसडीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश देते बताया कि अभी तक जो उनके पास सूंची है वह संभावित है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने अपने बूथो पर जाकर वहां के मतदाताओं से जानकारी लेकर संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथो की जानकारी देकर रिपोर्ट सौप दें।

# पेड़ लगाओ जीवन बचाओ का संदेश

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- **नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल के तहत पक्षी बिहार में आयोजन**

**अमृत विचार।** मंगलवार को तहसील क्षेत्र के लाख बहोसी गांव स्थित पक्षी बिहार में नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। आयोजन में कानपुर मंडल के मुख्य वन संरक्षक केके सिंह, मानव संसाधन अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार, वन विभाग कन्नौज के ओम प्रकाश वर्मा, ज्ञान चंद्र पटेल, डॉ हेमंत कुमार व अनिल कुमार पटेल ने भाग लिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कचाटीपुर, मंशुख पुर्वा, उमर्दा व डीएन इंटर कॉलेज के करीब पांच सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केके सिंह व अशोक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों ने पेड़ लगाओ जीवन बचाओ की रूपरेखा के आधार पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता, पेन्टिंग प्रतियोगिता के माध्यम से वन संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया।प्रतियोगिता में शानदार प्रर्दशन करने पर छात्रों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। मुख्य वन संरक्षक केके सिंह ने बताया कि एक सप्ताह यूपी में स्थित नेचर एंड बर्ड संबंधित स्थलों में नेचर एण्ड बर्ड फेस्टिवल का आयोजन हो रहे हैं। कार्यक्रम के तहत लोगों को वन संरक्षण के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है।


छात्रा को पुरस्कार देते अधिकारी। अमृत विचार

# मंदिर से निकाली गई प्रतिमाओं की शोभायात्रा

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- **प्राण प्रतिष्ठा से पहले कराया गया देवालयों का भ्रमण**

**अमृत विचार।** देवी देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंगलवार को नगर के सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर व पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा समापन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

नगर के रामगंज स्थित मनसा देवी मंदिर में राम दरबार, राधा कृष्ण, हनुमान जी, शंकर जी, दुर्गा जी आदि प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पं. शिव सागर पांडेय द्वारा की जाएगी। इससे पहले पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता व समाजसेवी अशोक गुप्ता द्वारा सती माता मंदिर से पूजा अर्चना कर देवी देवताओं की प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा को नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालुओं ने जयश्रीराम के गगनभेदी जयकारे लगाकर नगर के वातावरण को भक्तिमय कर दिया। शोभायात्रा को नगर के सभी देवालयों में भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा नगर के तिर्वा रोड से जीटी रोड, फर्रुखाबाद रोड, चकोर रोड होती हुई सतीमाता मंदिर पहुंची। जहां यात्रा का समापन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, रामकुमार पाठक, धर्मेंद्र शुक्ला, विहिप जिला कार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा, संजीव गुप्ता संजू, धर्मेंद्र कौशल, हरिओम गुप्ता, विकास गुप्ता, अनुराग गुप्ता, विनोद गुप्ता, मानव गुप्ता, अमन कठेरिया, केतन गुप्ता, मोनू गुप्ता, टीटू गुप्ता, दीपक गुप्ता मौजूद रहे। जबकि सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, एसआई राबिन सिंह आदि रहे।


शोभायात्रा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

## गोशाला से सबमर्सिबल चोरी चार पर मुकदमा

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना इंदरगढ़ के ढिपिया गांव निवासी ग्राम सभा प्रधान रामसेवक ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि गोशाला मे गोवंशों के पानी के लिये एक सबमर्सिबल पंप लगी थी। वह 10 जनवरी की रात चोरी हो गई। जब उसने चोरी की घटना की जानकारी कि तो पता चला कि सपाहा गांव निवासी अभिषेक कुमार पुत्र ग्रीशचंद्र, आकाश पुत्र धर्मेंद्र, रज्जन पुत्र सुरेशचद्र, नागेंद्र पुत्र रामप्रकाश ने सबमर्सिबल को चोरी किया। इसके साथ ही इन्हीं लोगों ने तीन वर्ष पहले भी गोशाला में लगी सबमर्सिबल पंप को चोरी किया था। तहरीर पर पुलिस ने आरोपियो पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**उपलब्धि** — राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग में लैप्रोटॉमी विधि से किया गया ऑपरेशन

# महिला के पेट से निकाला छह किलोग्राम का ट्यूमर

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- **छह माह से ट्यूमर के कारण परेशान थी महिला, सीटी स्कैन देख हैरान थे डॉक्टर**

**अमृत विचार।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग में एक महिला के पेट का ऑपरेशन किया गया तो अंदर छह किलोग्राम का ट्यूमर निकला। डॉक्टरों ने ट्यूमर को जांच के लिए भेज दिया। मेडिकल कॉलेज में स्टेजिंग लैप्रोटॉमी विधि से यह सफल ऑपरेशन किया गया, जिससे पिछले छह माह से पेट दर्द से परेशान एक महिला को जीवनदान मिला तो डॉक्टरों ने उसके परिवार के लाखों रुपये भी बचा दिए।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में तीन दिन पहले पेट दर्द से परेशान एक महिला आई और प्रसूति विभाग की सहआचार्य एवं सर्जन डॉ. अमृता शाह को दिखाया। महिला के पेट के आकार भी काफी बढ़ गया था और उसे हर काम करने में दिक्कत हो रही थी। डॉक्टरों ने उसकी अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन सहित पेट की सभी जांचें कराईं। पेट में बड़ा सा ट्यूमर देख डॉक्टर हैरान हो गए।

मंगलवार को डॉ. अमृता शाह ने स्टेजिंग लैप्रोटॉमी विधि से ऑपरेशन किया तो उसके पेट में छह किलोग्राम का ट्यूमर देखकर दंग रह गए। ट्यूमर को काटकर अलग कर दिया गया और उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि चिकित्सा विज्ञान में इस तरह के केस कम मिलते हैं। उन्होंने सफल ऑपरेशन करने वालीं सर्जन डॉ. अमृता शाह, डॉ. शिखा मिश्रा, डॉ. अमृता नायक, डॉ. अभिशान व स्टाफ नर्स कंचन को बधाई दी है।

**प्राइवेट अस्पतालों में खर्च हो जाते लाखों रुपये**

महिला ने बताया कि वह पेट दर्द के कारण पिछले छह माह से परेशान थीं। काफी इलाज कराया लेकिन आराम नहीं मिला। इसमें उसका काफी पैसा भी बर्बाद हुआ। इस पर उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग में दिखाया था। वहीं, डॉक्टरों ने बताया कि इतने बड़े ट्यूमर को निकालने के लिए प्राइवेट अस्पताल लाखों रुपये खर्च हो जाते। महिला के परिजनों ने चिकित्सकों की टीम के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए बधाई दी है।


राजकीय मेडिकल कॉलेज में ट्यूमर निकालतीं डॉ. अमृता शाह व टीम। अमृत विचार

# नए साल में दो महीने का बकाया वेतन मिला

- **जिला पंचायत के 26 कर्मियों के लिए भेजा गया वेतन**
- **45 लाख के बजट में मिलेगी सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला पंचायत के कर्मियों का करीब तीन महीने का सैलरी के लिए हो रहा इंतजार खत्म हो गया। नवंबर व दिसंबर 2023 का वेतन बैंक खातों में भेज दिया गया। करीब 45 लाख रुपये के बजट में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन भी शामिल है।

रिक्त चल रहे अपर मुख्य अधिकारी (एएमए) पद पर आठ जनवरी को शिशुपाल शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया था। उसके बाद उन्होंने कर्मचारियों के बकाया वेतन को दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। साथ ही विकास कार्यों की रुकी फाइलों को भी आगे बढ़ाया। बताया गया है कि सोमवार को 26 कर्मचारियों की दो महीने से बकाया सैलरी बैंक खातों में पहुंच गई। करीब 20 ऐसे कर्मचारी जो पूर्व में रिटायर हो चुके हैं, उनकी पेंशन भी भेजी गई है। 33 लाख रुपये सैलरी और 12 लाख रुपये पेंशन का बताया गया है। इससे कर्मचारियों को काफी खुशी हुई है। दरअसल, पूर्व में चार्ज को लेकर जिला पंचायत में विवाद रहा। एएमए अरविंद कुमार आनंद का तबादला होने से पद रिक्त हो गया था। इससे कर्मियों को वेतन नहीं मिल सका था।



जिला पंचायत कन्नौज का भवन। अमृत विचार

# कायाकल्प योजना में सदर, गुगरापुर और हसेरन ब्लाकों की प्रगति धीमी

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में दिए सुधार लाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की। उसमें कहा कि कायाकल्प योजना में ब्लॉक सदर कन्नौज की प्रगति संतोषजनक नहीं है। प्रेरणा एप पर ब्लॉक गुगरापुर, हसेरन की स्थिति भी ठीक नहीं मिली। 330 विद्यालयों के सापेक्ष 190 निपुण हैं। इन सभी में सुधार होना चाहिए।

ब्लॉक सौरिख में संघर्षशील बच्चों की संख्या अधिक बताई गई। डीएम ने कहा कि रणनीति बनाकर काम किया जाए जिसमें कोई भी बच्चा संघर्षशील की सूची में न आए। इनको मध्यम, सक्षम की श्रेणी में ले जाया जाए। उन्होंने कहा कि हर न्याय पंचायत स्तर पर संकुल शिक्षक होते हैं और उनका कार्य बच्चों को निपुण बनाना हैं। डीएम ने तालग्राम में बच्चों की उपस्थिति कम होने पर भी नाराजगी जताई।



कलक्ट्रेट सभागार में बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

- ब्लाक तालग्राम क्षेत्र में बच्चों की हाजिरी कम मिली

कहा कि लगभग एक महीने बाद परिषदीय विद्यालयों में बच्चे आने शुरू हुए हैं इसलिए अच्छे तरीके से रिवीजन कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में 7,804 छात्र-छात्राओं का आधारकार्ड बनना शेष है।

इस काम को जल्द पूरा किया जाए। जिन विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन तार हैं, उनको हटाने के लिए बिजली विभाग को निर्देश दिए हैं। साथ ही डीपीआरओ से समन्वय स्थापित कर विद्यालय के 100 मीटर परिधि में सफाई कराने के निर्देश बैठक में दिए। बैठक में प्रभारी सीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह व बीएसए उपासना रानी वर्मा आदि मौजूद रहीं।

## दरवाजा तोड़कर माल चोरी करने की रिपोर्ट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला बस्तीराम स्थित एक दुकान का गेट तोड़कर लाखों रुपए की मैदा व शक्कर की कई बोरियां चोरी करने का वीडियो रिकॉर्ड हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से कर संबंधित पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला कटरा निवासी अर्पित गुप्ता पुत्र शेखर चंद गुप्ता ने बताया कि उनकी एक दुकान मोहल्ला बस्तीराम में स्थित है, जिसका बैनामा पंजीकृत स्वामी है। उस दुकान पर मोहल्ला बस्ती राम निवासी राजेश सिंह चौहान पुत्र नरेन्द्र सिंह चौहान कब्जा करना चाहते थे, जब कि न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन छिबरामऊ वाद शेखर चन्द गुप्ता आदि बनाम नरेन्द्र सिंह चौहान प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने स्टे का आदेश पारित किया गया था। स्टे का आदेश आज भी प्रभावी है। इसके बावजूद उपरोक्त दुकान का दरवाजा, ताले तोड़ कर व दीवाल काटकर दुकान में रखी लगभग 100 बोरी मैदा व 15 बोरी चीनी लगभग एक लाख पचास हजार रुपये कीमत का माल टैक्टर से भरकर राजेश सिंह चौहान ने गायब कर दिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

# 60 लाख से दूर होंगी म्यूजियम की कमियां

- कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को किया गया नामित
- कई महीनों से खराब एसी की भी रिपेयरिंग की जाएगी




जीटी रोड किनारे स्थित पुरातत्व संग्रहालय का भवन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के जीटी रोड किनारे स्थित राजकीय पुरातत्व संग्रहालय (म्यूजियम) में कमियों को दूर करने और यहां सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शासन ने बजट की मंजूरी दे दी है। इसके लिए 60.29 लाख रुपये के कार्यों पर मुहर लगाई है। बताया गया है कि पूर्व में प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। शासन की ओर से उत्तर प्रदेश स्टेट इंफ्रास्ट्रक्चर डवलमेंट कंस्ट्रक्शन लिमिटेड (सिडको) को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है। बाथरूम-टॉयलेट का जीर्णोद्धार किया जाएगा। कई महीनों से खराब एसी की भी रिपेयरिंग की जाएगी। इसके अलावा सभागार में टॉयल्स, पुताई, बिजली की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही सही होंगे। इसके अलावा संग्रहालय के भवन व बाहर तीन बोर्ड भी लगाए जाएंगे। कुछ अन्य कार्य भी कराए जाएंगे। बीथिका सहायक डॉ. पवन तिवारी ने बताया कि संग्रहालय के प्रभारी अध्यक्ष व मुद्रा शास्त्र अधिकारी डॉ. विनय सिंह के प्रयास से ही बजट स्वीकृत हुआ है।

## शाकाहारी जीवन का संकल्प ही सच्ची गुरु दक्षिणा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बाबा पंचम सिंह जनता इंटर कॉलेज नगला लक्ष्मण रामपुर हृदय शंकरपुर में जय गुरुदेव सत्संग आयोजित किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा तमाम अच्छे विचार गुरु संगति में रहकर ही मिल सकते हैं। शाकाहारी जीवन का संकल्प ही सच्ची गुरु दक्षिणा है।

तहसील अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने पांडाल में उपस्थित जन समूह को शाकाहारी सदाचारी जीवन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जब से समाज में मांसाहार बढ़ा है तब से बीमारियां बहुत बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारा यही निवेदन है कि आप शाकाहारी हो जाएं, यही आपकी गुरुदक्षिणा है। इसके पश्चात महाराज ने सभी भक्तों पर नामदान की अमृत वर्षा की। इस दौरान न्याय पंचायत अध्यक्ष विद्याराम, अहिबरन सिंह यादव, विजेंद्र यादव, भारत सिंह, रणवीर सिंह, विमलेश, सुभाष, चंद्रभान फौजी, विद्याराम, गिरिजा शंकर, अनामिका, कोमल, सुमन, रामबेटी यादव व रेखा सहित आयोजक दलगंजन सिंह यादव मौजूद रहे।

# राष्ट्रपिता के सिद्धांत पर चलने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत पर चलने का संकल्प लेते हुए देश में रामराज्य की कल्पना की गई। जिले के सभी सरकारी दफ्तरों व गैर सरकारी संस्थानों में दो मिनट का मौन रखकर गांधी जी को श्रद्धांजलि दी गई तथा राष्ट्र के लिए उनके योगदानों को याद किया गया। समाजवादी पार्टी ने गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना देकर सत्याग्रह किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

मंगलवार को महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस पर जिले में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने राष्ट्रपिता को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और शपथ दिलाई। पुलिस लाइन में एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी डॉ. संसार सिंह, सीओ सिटी कमलेश कुमार ने भी गांधी जी को श्रद्धांजलि दी तथा पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई। स्वास्थ्य विभाग में सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने भी महात्मा गांधी को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और शपथ दिलाई।



गुरसहायगंज सीएचसी में गांधी जी को श्रद्धांजलि देते स्वास्थ्य कर्मचारी। अमृत विचार

### विद्यार्थी परिषद ने चलाया सफाई अभियान

**कन्नौज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। पूर्व संयोजक दीपक ने कहा कि आजादी की लड़ाई में प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में से एक महात्मा गांधी भी रहे। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होंने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। आजादी मिलने के कुछ महीनों बाद 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी का निधन हो गया। कार्यकर्ताओं ने प्रांगण में सफाई अभियान चला कर दो मिनट का मौन धारण किया और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पवन कुमार ,शिवा, सचिन यादव, शैलेन्द्र, चंदन, राजू तिवारी, अर्पित, विपिन मौजूद रहे।

## दूध लेकर मैनपुरी जा रही पिकअप पलटी, चार घायल

**सौरिख-कन्नौज।** कानपुर देहात से मैनपुरी दूध लेकर जा रही पिकअप घने कोहरे में डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में चालक समेत चार सवारियां मामूली रूप से घायल हो गई।

कानपुर देहात के भोगनीपुर थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी चालक मनोज अपने भाई जसवंत के साथ पिकअप में दूध लादकर मैनपुरी जा रहा था। रास्ते में चालक ने तीन सवारियां और बैठा लीं।

थाना क्षेत्र के सौरिख छिबरामऊ रोड पर राजापुर गांव के पास घने कोहरे के चलते पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कोहरे में हुए हादसे में चालक मनोज, भाई जसवंत समेत तीनों सवारियां मामूली रूप से घायल हो गई आसपास मौजूद लोगों ने घायल हुए लोगों का प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया।

# विवाह बंधन में बंधे 447 जोड़े, नये जीवन की मिली बधाई

संवाददाता, तिर्वा, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** कन्नौज जनपद के चार स्थानों पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह हुए। योजना के तहत कुल 447 जोड़ों ने एक-दूजे का हाथ थामा। साथ ही जीवनभर साथ देने का वादा किया। सभी वर्गों के विकास खंड व नगर निकाय क्षेत्रों के हिंदू एवं मुस्लिम जोड़ों का विधि विधान के तहत विवाह-निकाह हुआ।

तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज में 134 जोड़ों का विवाह हुआ, जिसमें चार मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी शामिल है। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर-वधू को वैवाहिक जीवन की बधाई व आशीर्वाद दिया। कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। विवाह स्थल पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। उनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीसी मनरेगा/प्रभारी बीडीओ उमर्दा दयाराम यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा मौजूद रहे। इसी तरह खड़िनी के एक मैरिज होम में ब्लॉक सौरिख व हसेरन के 116 जोड़ों का विवाह हुआ। छिबरामऊ के नेहरू डिग्री कॉलेज में 128 जोड़े और सरायप्रयाग के एक मैरिज हॉल में ब्लॉक तालग्राम इलाके के 69 जोड़ों का विवाह हुआ। विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रमों में प्रभारी सीडीओ/डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, भाजपा जिला मंत्री राहुल पाल मौजूद रहे। 51 हजार रुपये एक जोड़े की शादी व निकाह पर खर्च होते हैं। जिसमें 35 हजार रुपये लड़की के खाते में और 10 हजार रुपये की विवाह सामग्री में वस्त्र, आभूषण-चांदी की पायल, बिछिया, डिनरसेट, कुकर, ट्रॉली बैग दीवार घड़ी दी गई। छह हजार रुपये प्रति जोड़ा विवाह समारोह के लिए खर्च होते हैं।



तिर्वा मे नवदंपति को उपहार देते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत व ब्लॉक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा।

- तिर्वा, छिबरामऊ, खड़िनी व तालग्राम में हुए आयोजन
- अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने दिए लाभार्थियों को उपहार



ग्वाल मैदान में धरना देते पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव व सपा कार्यकर्ता।

# समाजवादी पार्टी ने किया सत्याग्रह और नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मंगलवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने ग्वाल मैदान में मौजूद महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने बापू के बताए गए मार्ग पर चलने के लिए युवाओं से आह्वान किया। गांधी जी के सपनों को केंद्र व राज्य सरकार कुचल रही है। सबसे पहले रामराज्य की परिकल्पना गांधी जी ने की थी। भाजपा सांप्रदायिकता को बढ़ावा दे रही है। इस मौके पर विनोद यादव, प्रमोद यादव, अमित मिश्रा, मनोज कठेरिया, सुरेन्द्र कुशवाहा, सत्येंद यादव, हरिपाल राजपूत, राजेश यादव आदि रहे।

# कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। फूलमती मंदिर मार्ग, लाखन तिराहा ,नगर पालिका रोड होते हुए ग्वाल मैदान स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष रामधुन गायन कर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्रा, जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश चंद दुबे, मोहम्मद तारिक वशीर जिला उपाध्यक्ष, आकाश बाबू कटियार जिलाध्यक्ष निशक्तजन प्रकोष्ठ, शमशाद आलम जिला सचिव, अंबुज शुक्ला युवा जिला अध्यक्ष, अमोल दीक्षित, किरन गिहार जिला उपाध्यक्ष, इमरान खान जिला उपाध्यक्ष पीसीसी,अशोक कनौजिया ब्लॉक अध्यक्ष उमर्दा (तिर्वा), राम भरोसे कमल पूर्व एससी एसटी अध्यक्ष, इमरान अली युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष, मोहम्मद आमिर अंसारी, मोहम्मद शाकिर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष, हरमोहन सिंह यादव एडवोकेट, फैसल खान ब्लॉक अध्यक्ष कन्नौज, रमाशंकर राठौड़ जिला महासचिव, एहसान उल हक खान पूर्व शहर अध्यक्ष, लक्ष्मीशंकर मिश्रा, डॉ. रामकृष्ण राजपूत ,विकास मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष छिबरामऊ, सत्यम त्रिपाठी, हरिशरण पटेल,राकेश त्रिपाठी, श्यामू कुशवाहा,अनस खान ,देवीप्रसाद मधुपुर, आशुतोष त्रिपाठी उपस्थित रहे।



गांधी प्रतिमा पर सभा करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल व कांग्रेसी नेता।

## पारस नाथ ही रहेंगे अधिशासी अभियंता

**कन्नौज।** सिंचाई विभाग में पहले से ही एक्सईएन पारसनाथ तैनात हैं। इनकी जगह सूयर्मणी सिंह की तैनाती कर दी गई, लेकिन इनको नहीं हटाया गया। इस भूल सुधार में पारसनाथ सिंह को अधिशासी अभियंता बनाए रखने का नया आदेश जारी कर दिया गया है। उनके स्थान पर आने वाले अधिकारी अब जनपद नहीं आएंगे।

अनुसचिव इंद्रजीत सिंह ने 25 जनवरी को तबादले की सूची जारी की है, जिसमें स्वारा संगठन लखनऊ से सूर्यमणी सिंह को कन्नौज भेजा गया है। एक्सईएन पारसनाथ का सूची में कहीं जिक्र नहीं था। संशय मुख्य अभियंता कार्मिक दीपक कुमार ने संशय दूर किया। अब नए अधिकारी यहां नहीं आएंगे।

## सार-संक्षेप

### जिला कारागार में शुरू किया गया पैन इंडिया कैंपेन

**जलालाबाद, कन्नौज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के निर्देश पर अपर जिला जज व सचिव लवली जयसवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण पैन इण्डिया कैम्पेन 2024 तहत किया। मंगलवार को अपर जिला जज लवली जायसवाल ने जिला कारागार में शिविर लगाकर बंदियों को जागरूक किया। बताया कि शिविर का उद्देश्य कारागार में बंद ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना है जो अपराध होने के समय संभावित रूप से नाबालिक थे। ऐसे व्यक्तियों के किशोर होने के दावे के लिये सहायक दस्तावेजों के साथ आवश्यक आवेदन दाखिल करने में विधिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु पैन इण्डिया कैम्पेन 2024 चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान ऐसे दो बंदियों की पहचान की गई। जो न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के विरुद्ध उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने में असमर्थ है। चार ऐसे बंदी जिनकी अपील तो दाखिल हो चुकी है लेकिन अपील संख्या ज्ञात नहीं हो पा रही है। 9 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी, डिप्टी जेलर वीके शुक्ला आदि मौजूद रहे।



जिला कारागार का निरीक्षण करतीं अपर जिला जज लवली जायसवाल।

### ग्रामीण की शिकायत पर टीम ने की जांच

**जलालाबाद, कन्नौज।** सरकारी राशन की दुकान पर बीते तीन माह से राशन न मिलने की शिकायत पर मंगलवार को पूर्ति निरीक्षक ने जलालाबाद पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ कर जांच की। ग्रामीणों ने कोटेदार राजेन्द्र कुमार की पर अभद्रता करने सहित तीन महीने से राशन न देने का आरोप लगाया था। बिंदू उर्फ राजू सहित अन्य ने जांच टीम को बताया कि तीन महीने से राशन नहीं दिया गया है। राशन लेने पहुंचने पर कोटेदार द्वारा अभद्रता कर भगा दिया जाता है। पूर्ति निरीक्षक ने बयान दर्ज कर कार्रवाई का भरोसा ग्रामीणों को दिलाया।

क्रिकेट | स्व . ओमप्रकाश पाठक मेमोरियल राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में हुआ रोमांचक संघर्ष

# मुरादाबाद को हराकर कानपुर ने जीता फाइनल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मुरादाबाद व कानपुर के बीच फाइनल मैच में रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें कानपुर ने बाजी मार ली। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने विजेता टीम को ट्राफी व पुरस्कार प्रदान किए। कानपुर के मोहम्मद सारिम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। हजारों दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का जमकर उत्साहवर्द्धन किया।

शहर के बोर्डिंग मैदान पर मंगलवार को स्व.ओमप्रकाश पाठक मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सुबह जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दोनों टीमों के बीच टॉस कराया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मुरादाबाद की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 25 ओवरों में मुरादाबाद की टीम ने सभी विकेट खोकर 145 रन बनाए और कानपुर को 146 रनों का लक्ष्य दिया। कानपुर के तेज गेंदबाज मोहम्मद सारिम ने चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम ने 22 ओवरों में ही मैच को अपने नाम कर लिया। कानपुर के सलामी बल्लेबाज व कप्तान सागर शर्मा ने 39 रन बनाए और दूसरे छोर से सतनाम सिंह ने 36 रनों का योगदान दिया। कानपुर ने फाइनल मुकाबला जीत लिया। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक,रिया शाक्य ने विजेता टीम को शील्ड व ट्राफी प्रदान की। मो. सारिम को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया। इस दौरान क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक संजय सामवेदी, एसोसिएशन के चेयरमैन पवन त्रिवेदी, आनंद मिश्रा, शुभम दुबे, ममतेश तिवारी, अजय यादव, गौरव मिश्रा, सजल सिंह, मोहित सिंह, जुबेर हाशमी, आशू दुबे मौजूद रहे। अंपायरिंग रितेश व रोहित व स्कोरिंग आकाश मिश्रा ने की।



विजेता टीम को ट्राफी देते समाजकल्याण मंत्री असीम अरुण व सांसद सुब्रत पाठक।

- कानपुर के मो. सारिम बने मैन ऑफ द मैच, समाज कल्याण मंत्री ने प्रदान की ट्राफी

# पड़ोसी लोस क्षेत्रों के टिकट घोषित, कन्नौज को बेचैनी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने की संभावनाएं बलवती हुईं

**अमृत विचार।** सपा ने सूबे के 16 लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। इसमें कुछ पड़ोसी जिलों वाले लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार भी शामिल हैं। इस वजह से कन्नौज के लोगों में बेचैनी बढ़ गई है। माना जा रहा है कि सूची में समाजवादी पार्टी के सभी दिग्गजों के टिकटों की घोषणा नहीं हुई है, इससे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलश यादव के फिर से यहां चुनावी ताल ठोकने की संभावनाएं बढ़ गईं हैं। हालांकि पहले कुछेक बार वह इशारों-इशारों में कन्नौज से चुनाव मैदान में उतरने की बात कह चुके हैं।

सपा ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी उन प्रत्याशियों के नाम की सूची जारी की है, जिनको पार्टी लोकसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ाएगी। वर्तमान में मैनपुरी सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव फिर से उसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। वर्ष 2012 के उपचुनाव व 2014 के सामान्य चुनाव में वह कन्नौज से सांसद बनीं थीं। 2019 में उनको यहां से हार का सामना करना पड़ा था। इसी तरह पड़ोसी जिला फर्रुखाबाद डॉ. नवल किशोर शाक्य, कानपुर देहात के अकबरपुर संसदीय क्षेत्र से राजाराम पाल व उन्नाव से अन्नू टंडन का भी टिकट फाइनल हो गया।

### विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाने पर दिया जोर

**गुरसहायगंज।** मंगलवार को न्याय पंचायत समधन देहात की मासिक संकुल स्तरीय बैठक हुई। एआरपी सुदीप पटेल ने कहा कि वार्षिक उत्सव मनाया जाए। बैठक में संकुल शिक्षक उमेश कुमार, राजन गौतम, प्रदीप कुमार, शशांक, तौकीर फात्मा रिजवी, रमा देवी, जय किशन, कुलदीप यादव, अमन, जोगेंद्र सिंह, दिनेश चंद्र शर्मा, अभिषेक प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार, आशीष पाण्डेय, अपूर्वा सागर, ज्योति मिश्रा, सुमन राजपूत, नम्रता सिंह, अनीता सुधाकर, रजनी राजपूत, मंजूलता आदि मौजूद रहे। मासिक संकुल स्तरीय बैठक पीएस अमोलर में हुई। एआरपी सुदीप कुमार व नोडल संकुल शिक्षक वीरपाल कुशवाह, अनुराग कुशवाह, गौरव कुमार, शिक्षक उपेंद्र कुमार, शिवकेश सिंह, स्वेता मिश्रा, दीपक राठौर, अमित आदि रहे।

क्लासीफाइड

NOTICE

I have changed my name from Faizan to Faizan Ali. In future, I should be known and known as Faizan Ali. Faizan Ali, son of Samsad, resident of village Awasthi Kheda, Jogikot police station, Behta Mujawar tehsil Bangarmau district, Unnao.

सूचना

मैने अपने भाई सुदामा पुत्र घासीराम के चाल चलन ठीक न होने व आये दिन लोगों से मारपीट करने से संबध विच्छेद कर लिया है। मै अपनी पत्नी व बच्चों के साथ अलग रहता हूं। भाई सुदामा की ओर से किये गये किसी भी अच्छे बुरे कार्य से उसका व उसके परिवार का कोई वास्ता नहीं है। **अर्जुन उर्फ कन्हैया पुत्र घासीराम निवासी ग्राम सांड़ा थाना ठठिया जिला कन्नौज।**

# कोल्ड स्टोरेज में भरे जाएंगे आलू दाम बढ़ने की संभावना भी बढ़ी

## मिल गया 'ठिकाना' : शीतगृहों में भंडारण का कार्य कल से हो जाएगा शुरू

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**12** लाख मीट्रिकटन आलू पैदा होने का अनुमान

**80** शीतगृहों में भंडारण क्षमता 6 लाख मीट्रिकटन

**अमृत विचार।** आलू उत्पादन के लिए चर्चित जनपद में आलू का शीतगृहों में भंडारण का कार्य एक फरवरी से शुरू हो जाएगा। आलू की अगैती फसल का भाव न मिलने से बर्बाद हुए किसानों को भंडारण शुरू होने से भाव में उछाल आने की आस जगी है। वहीं उपभोक्ताओं को भी आलू महंगा मिलने की संभावना है। अभी तक आलू की कच्ची फसल होने से उन्हें सड़ने से बचाने के लिए किसान व्यापारियों के माध्यम से औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर था। अब आलू भी पकने लगी है और उसके भंडारण का बंद रास्ता भी खुलने जा रहा है। मांग के अनुरूप आपूर्ति न हो पाने पर दाम बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

बताते चलें कि दो हजार हेक्टेयर भूमि पर किसानों ने आलू की अगैती फसल तैयार की थी। अगैती फसल



शीत गृह। अमृत विचार

तैयार होते ही आलू के भाव धड़ाम हो गए। शुरु से अंत तक किसानों को अगैती फसल का आलू घाटे का सौदा साबित हुआ। आज भी आलू के भाव पांच सौ रुपये क्विंटल चल रहे हैं। शीत गृह एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय गंगवार सन्नू भइया ने बताया कि एक फरवरी से 15 फरवरी तक जिले भर के शीतगृहों में आलू भंडारण का कार्य शुरू हो जाएगा। आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार उर्फ रिंकू वर्मा ने बताया कि कच्ची फसल का आलू अब खत्म हो गया है। शीतगृहों में भंडारण शुरू होते ही आलू की मांग बढ़ेगी, जिसकी वजह से आलू के भाव मे उछाल आ सकता है। प्रगतिशील किसान नारद सिंह कश्यप का कहना है कि हर साल शीतगृहों में भंडारण शुरू होते ही आलू के भाव मे उछाल आता है। इस साल भी भंडारण शुरू होने की खबर आलू किसानों को कच्ची सीजन के आलू में हुए घाटे के पूरा हो जाने की आस जगी है।

जिला आलू विकास अधिकारी राम नरायन वर्मा ने बताया कि जिले में 42 हजार हेक्टेयर भूमि पर आलू खुदने को तैयार हो रहा है। जिसमे 12 लाख मीट्रिक टन आलू पैदा होने का अनुमान है। जिले में 80 शीतगृह हैं। जिनकी भंडारण क्षमता 6 लाख मीट्रिक टन के आस पास है। शीत गृह में आलू भंडारण करने के लिए शीत गृह मालिक व व्यापारी दोनों सक्रिय होंगे। इस वजह आलू के भाव मे उछाल आने की पूरी तरह से उम्मीद है। किसानों को चाहिए कि वह समय रहते अपना आलू बेंच लें। शीतगृह फुल होने के बाद कोई गारंटी नही कि आलू के भाव सही मिले। उन्होंने कहा कि किसानों को चाहिए कि वह अपने आलू को बाहर की मंडियों में भी ले जाएं।

## कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**फर्रुखाबाद।** शहर के मोहल्ला बजरिया से मंगलवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। टाउनहाल पर यात्रा का समापन हो गया।

शहर के मोहल्ला बजरिया में डॉ. पीएन सक्सेना के आवास पर कांग्रेसी एकत्र हुए। दोपहर बाद मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव प्रकाश प्रधान व पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद ने यात्रा प्रारंभ की। यात्रा में शामिल कांग्रेसी राहुल गांधी, सोनिया गांधी जिंदाबाद-जिंदाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे। मुख्यमार्गों से होती हुई यात्रा टाउनहाल पहुंची, जहां समापन हो गया। टाउनहाल पर लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने फूलमाला पहनाई। प्रदेश महासचिव प्रकाश प्रधान ने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा धर्म के नाम पर चुनाव लड़ रही है। लुईस खुर्शीद ने कहा कि अब जनता सब कुछ जान गई है। इस अवसर पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्र, पुन्नी शुक्ल, जीशान कुरैशी और प्रदीप अग्निहोत्री आदि रहे।

## नवल किशोर को सपा प्रत्याशी बनाने से गठबंधन को झटका

चन्द्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

- कांग्रेस के कद्दावर नेता सलमान खुर्शीद के समर्थकों में छाई मायूसी
- कांग्रेस की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ने कहा- शीर्ष स्तर का मामला

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस सरगर्मी को सपा ने प्रत्याशियों की घोषणा कर और तेज कर दिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने फर्रुखाबाद से प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य को घोषित कर कांग्रेस के गठबंधन को करारा झटका दिया है। इससे कांग्रेस के कद्दावर नेता सलमान खुर्शीद के समर्थकों में मायूसी छा गई है।


नवल किशोर शाक्य।

मंगलवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सपा लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा की, जिसमें फर्रुखाबाद का टिकट डॉ. नवल किशोर शाक्य की झोली में चला गया। डॉ. नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी बनाते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। डॉ. नवल किशोर शाक्य ने बताया कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वह खरे उतरेंगे। फर्रुखाबाद की सीट सपा की झोली में डालकर वह अपने मुखिया अखिलेश यादव को तोहफा देंगे। प्रत्याशी बनाए जाने पर जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र शाक्य, पूर्व प्रधान मिथुन शाक्य, राजन यादव व सुब्रत शाक्य ने डॉ. नवल किशोर शाक्य को बधाई दी। कांग्रेस की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने बताया कि इस मामले में वह कुछ नहीं कह सकतीं। यह शीर्ष नेतृत्व स्तर का मामला है।

लोक सभा चुनाव लड़ने के लिए सलमान खुर्शीद पूरी तरह तैयारी में थे।

## मुख्यमंत्री की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात उप निरीक्षक की मौत

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात उप निरीक्षक की मंगलवार को अपने पैतृक निवास पर मौत हो गई। बीमारी के कारण वह अवकाश पर चल रहे थे।


दरोगा सुरेश।

थाना कम्पिल के गांव करनपुर के रहने वाले दरोगा सुरेश पुत्र अंतराम मुख्यमंत्री के यहां सिक्योरिटी में तैनात थे। उनका एक माह से कानपुर के रीजेंसी हास्पिटल में कैंसर का इलाज चल रहा था। वह 40 दिन की छुट्टी लेकर आये थे। उनकी छुट्टी 3 फरवरी को खत्म हो रही थी। मंगलवार सुबह नौ बजे के आस पास उनका सांस फूलने लगी। आननफानन उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉ. अनुराग ने दरोगा को मृत घोषित कर दिया। दरोगा अपने पीछे अपनी पत्नी शीतला व पुत्र रत्नेश को छोड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने बताया कि दरोगा की मौत की सूचना पुलिस मुख्यालय भेज दी गई है।

## नवजात का सिर देख क्षेत्र में फैली सनसनी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना कादरी गेट क्षेत्र में मिशन कम्पाउंड के निकट खेल मैदान में नवजात के सिर को देख सनसनी दौड़ गई। मोहल्लेवालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर आवास विकास चौकी इंचार्ज दीपक कुमार थाना कादरीगेट प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच पड़ताल की। इसके बाद सिर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मोहल्ले वालों ने बताया कि नवजात के सिर को कुत्ता लिए हुए घूम रहा था। लोगों ने जब कुत्ते का


जांच पड़ताल कर रही पुलिस।

पीछा किया तो वह यहां डालकर भाग गया है। थांनाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। गुण-दोष के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा ने कार्यालय उद्घाटन कर फूंका चुनावी बिगुल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भाजपा नेताओ ने मंगलवार को हवन पूजन के साथ आवास विकास में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि पार्टी का संगठन 24 घंटे कार्य करने वाला संगठन है।

आचार संहिता लगने से पूर्व ही भाजपा ने चुनावी तैयारी के लिहाज से चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया है। भाजपा विचारधारा पर आधारित राजनीतिक दल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोभ सभा


उद्घाटन के मौके पर मंचासीन भाजपा नेता। अमृत विचार

चुनाव में भाजपा 400 से पार सीट जीत कर आएगी। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, शोषित, वंचित, पिछड़े, महिला और गरीब वर्ग के लिए कार्य किया है। लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे ने कहा लोकसभा का पूरा चुनाव केंद्रीय चुनाव कार्यालय से संचालित होगा। जहां से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारी दी जाएगी। फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ जुट जाएं। दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह लोकसभा संयोजक दिनेश कटियार ने भी सपने विचार व्यक्त किये। जिला महामंत्री डीएस राठौर जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता ,पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ क्षेत्रीय सहसंयोजक वीरेंद्र सिंह राठौर, बीके गंगवार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### वीके सिंह को पहली बार बनाया गया डीएम

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के किए गए स्थानांतरण के बाद यहां भेजे गए जिलाधिकारी विजय कुमार सिंह 2013 बैच के आईएएस अधिकारी है । वह मुख्य रूप से बिहार राज्य के रहने वाले हैं । वीके सिंह अपर निदेशक सूडा ,उपाध्यक्ष हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण और अपर निदेशक जल जीवन मिशन, विशेष सचिव उत्तर प्रदेश ऊर्जा विभाग तथा राज्य संपत्ति अधिकारी के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। उन्हें पहली बार फर्रुखाबाद का जिलाधिकारी बनाया गया है। अभी तक जिलाधिकारी विजय कुमार सिंह ने यहां कार्यभार ग्रहण नहीं किया है ।


जिलाधिकारी वीके सिंह।

### आरके क्रिकेट एकेडमी ने रितिक हंटर क्लब को 88 रन से हराया

**फर्रुखाबाद।** आरके क्रिकेट एकेडमी ने रितिक हंटर क्लब को हराकर स्व. एपीजे अब्दुल कलाम क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। नाबाद शतक लगाने वाले शिवम ठाकुर को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। याकूतगंज स्थित मैदान में मंगलवार को आरके क्रिकेट एकेडमी व रितिक हंटर क्लब के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। आरके क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी चुनी। शिवम ठाकुर के ताबड़तोड़ नाबाद 107 रनों की बदौलत टीम ने चार विकेट खोकर 194 रन बनाए। शाकिब व शिवमोहन ने 22-22 रनों का योगदान दिया। रितिक हंटर क्लब के गेंदबाज वासित ने दो व मिन्हाज अली ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रितिक हंटर क्लब की शुरूआत अच्छी नहीं रही। चार ओवर तक उसके दो विकेट गिर चुके थे। आरके क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजों के आगे रितिक हंटर क्लब की पूरी टीम 17 ओवर में 105 रनों पर सिमट गई। शारिक खान ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। रिषभ मिश्रा ने 17 और रितिक ने दस रनों की पारी खेली। अर्जुन ठाकुर ने चार, धीरेंद्र, अभिषेक और शिवम कुमार ने एक-एक विकेट लिया। शतक लगाने वाले शिवम ठाकुर को रितेश कटियार ने 500 रुपये देकर पुरस्कृत किया। दानिश खान व राज वर्मा आदि रहे।


बल्लेबाजी करता खिलाड़ी। अमृत विचार


आर्म्स की दुकानों का एसडीएम, सीओ। अमृत विचार

### शस्त्र की दुकानों का अफसरों ने किया निरीक्षण

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर नगर की आर्म्स दुकानों का एसडीएम व सीओ ने निरीक्षण किया। इस दौरान आर्म्स डीलरो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव के मद्देजर शासन की मंशा के अनुरूप मंगलवार को एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा व सीओ सतेंद्र सिंह ने नगर में आर्म्स की दुकानो का निरीक्षण किया। सबसे पहले वह बजरिया स्थित राजीव वर्मा आर्म्स स्टोर पर पहुंचे। जहां स्टाक रजिस्टर चेक किए। वही शस्त्र लाइसेंस, कारतूसों के बारे में जानकारी की। जमा असहलो के बारे भी जानकारी की। इसके बाद उन्होंने नगर की दो और आर्म्स की दुकानों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया आर्म्स दुकानो की चेकिंग में आर्म्स डीलर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। उनसे पता किया गया संबंधित डीलर ने 315 बोर कारतूस लाईसेंस धारक कब और कितने दिए। उसके सापेक्ष खोखा कितने जमा किए । जो लोग कारतूस लेकर गए थे। उनकी सूची भी नोट की गई है। लाईसेंस धारकों का भी कारतूस को लेकर वेरीफिकेशन किया जाएगा। उनसे पूछा जाएगा कि आखिकार उन्होंने कारतूस कहां कहा इस्तेमाल किए है।

### गर्मी से पहले बिजली व्यवस्थाएं होंगी दुरुस्त

**फर्रुखाबाद।** गर्मी से पहले बिजली व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएंगी। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के निर्देश पर फरवरी माह में अनुरक्षण मंत्र के तहत कार्य कराए जाएंगे। इसके तहत जर्जर तारों को बदला जाएगा। ट्रांसफार्मरों में तेल डालने के साथ ही जंफर आदि व्यवस्थाएं ठीक की जाएंगी। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने बताया कि एक फरवरी से अनुरक्षण मंत्र के तहत बिजली व्यवस्थाएं ठीक कराए जाने के कार्य शुरू किए जाएंगे।

### कल कनौडिया में होगी रंगोत्सव प्रतियोगिता

**फर्रुखाबाद।** कनौडिया बालिका इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद में एक फरवरी को रंगोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बीते दिनों हुई रंगोत्सव प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग कराया जाना है। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम आए छात्र-छात्रा को प्रतिभाग कराए जाने के लिए सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेज दिया गया है।

### दो ने पिया जहर , हालत गंभीर

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर कंपिल क्षेत्र के गांव नगला भूढ़ सिकंदरपुर निवासी दामिनी, क्षेत्र के गांव झब्बूपुर निवासी लटूर नगर निवासी राजीव ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। दोनो के परिजन सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनो को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## जागरुकता शिविर में 35 मनोरोगियों की जांच

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

- निदान दवाओं व व्यवहारिक तरीकों से संभव

**अमृत विचार।** सीएचसी में लगे मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर में लोगो को जागरूक किया गया। 35 मनोरोगियो की जांच हुई।

मंगलवार को सीएचसी में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम के तहत वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 35 मानसिक रोगियो की जांच की गई। उन्हे परामर्श देकर दवाइयां दी गई। इसके अलावा स्वास्थ्य शिविर में 300 से अधिक मरीजो की ओपीडी हुई। जहां उनके स्वास्थ का परीक्षण किया गया। इस मौके पर शिविर के मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन डा. शरद



जागरुकता शिविर में मौजूद लोग। अमृत विचार

गंगवार ने जागरुकता कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मानसिग रोग विशेषज्ञ डा. अनुराग कुशवाह ने मानसिक बीमारी से जुड़ी भ्रातियो को दूर कर ऐसे रोगियो का इलाज जरूरी बताया। लोहिया अस्पताल के साइको सोशल वर्कर अखिलेश कुमार व साइको सोशल वर्कर दीप्ति सिंह ने कहा चिंता, उलझन आज के भौतिक युग की सबसे गंभीर समस्या है जो आम आदमी की दैनिक दिनचर्या राष्ट्रीय उत्पादकता में बाधक है। उन्होंने कहा कि लक्षण के माध्यम से इस रोग को पहचाना जा सकता है। इसका निदान व्यवहारिक तरीको एव दवाओ से संभव है। अधीक्षक डा. शोभित कुमार ने मानसिक बीमारियों के लक्षणों पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर वीपीएम मोहित गंगवार, वीसीपीएम विनय मिश्रा के अलावा डाक्टर, स्वास्थ कर्मी, एएनएम, आशा बहुए मौजूद रही।

## बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए बनाए गए 165 केंद्र

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- ब्लाकवार सात सेक्टर मजिस्ट्रेटों की लगाई गई ड्यूटी

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराए जाने के लिए जनपद के 165 माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रैक्टिकल संपन्न कराने को सात सेक्टर मजिस्ट्रेटों की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

जनपद में दूसरे चरण में दो से नौ फरवरी तक कक्षा 12 की प्रयोगात्मक परीक्षा होनी है। इसको लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 165 केंद्र बना दिए हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए ब्लॉकवार सात सेक्टर मजिस्ट्रेटों में बेसिक शिक्षा विभाग के खंड शिक्षाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा होगी। परीक्षा केंद्रों पर नजर रखने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सभागार में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसके प्रभारी रामलखन पाल होंगे। पांच कंप्यूटर भी लगा दिए गए हैं। परीक्षा प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराने को 165 केंद्र बनाए गए हैं।

**मेला रामनगरिया** | गंगा के पांचाल घाट पर ज्ञान ज्योति महोत्सव में दिव्य आयोजन

## देवयज्ञ की आहुतियों से महक उठा समूचा वैदिक क्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा के पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में आयोजित ज्ञान ज्योति महोत्सव में मंगलवार को देव यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आहुतियां डालकर कल्पवासियों ने पुण्यलाभ अर्जित किया। पंजाब के मानसा से आये आचार्य महावीर शास्त्री ने वैदिक ऋचाओं से यज्ञ सम्पन्न कराया। शिविर के संचालक आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने अपने आशीर्वचन में यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा यज्ञ संसार का श्रेष्ठतम कर्म है। ब्रह्मा से लेकर जैमिनी पर्यंत ऋषियों ने हम मनुष्यों को यज्ञ का निर्देश दिया। परमपिता परमात्मा भी अपनी वाणी वेद में जीवात्मा के कल्याण के लिए यज्ञ की आज्ञा देते हैं। यज्ञ से बड़ा परोपकार का कोई साधन नहीं है। इसमें डाला हुआ सकल्य सुगंधी का रूप धर वायु रूपी देवता पर सवार होकर सूर्यलोक तक जाता है। तथा श्रष्टि के प्रत्येक प्राणी को लाभ पहुंचाता है।

ये मेला राम के नाम से लगता



श्रद्धालुओं को ज्ञानामृत पिलाते आचार्य चंद्रदेव शास्त्री। अमृत विचार

है और श्रीराम का जन्म ही यज्ञ के यज्ञ की कृपा से हुआ था। ऋषि विस्वामित्र के साथ वन में जाकर यज्ञ की रक्षा की। तभी राम की ख्याति चारो ओर फैली। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम नित्य यज्ञ और संध्या करते थे।

इस मेले में आने वाले सभी कल्पवासियों को भी यज्ञ और संध्या करनी चाहिए ।तभी हम सच्चे अर्थों में राम के भक्त कहलायेंगे। वैदिक क्षेत्र में प्रतिदिन यज्ञ और संध्या का आयोजन किया जाता है ।ताकि सभी कल्पवासियों को राम से जोड़ा जा सके। मध्यान्ह की सभा मे प्रदीप शास्त्री ने ईस्वर भक्ति के गीत सुनाकर भक्तिरस की धारा प्रवाहित की। उनके गीत 'प्रभु प्यारे से जिसका संबंध है उसको हर दम आनंद ही आनंद है' पर श्रोता भावविभोर हुए। हरियाणा से आए प. धनीराम बेधड़क ने हरियाणवी रागनियों के माध्यम से अपने भक्तिमय विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में स्वामी महेन्द्रनानंद, आचार्य ओमदेव,डॉ रामकुमार कटियार,राजाराम आर्य, रामवीर आर्य,मंगलम आर्य, शिशुपाल आर्य,प्रवल आर्य, यज्ञप्रताप,उदयराज,रत्नेश द्विवेदी, अमृता पाण्डेय, उपासना कटियार, जयंती आर्या, आदि उपस्थित रहे।

## 'पद-प्रतिष्ठा के लिए लड़ना संत का कर्तव्य नहीं'

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- ओशो रजनीश के शिष्य स्वामी आनंद पुनीत ने कहा

**अमृत विचार।** सन्त का मतलब होता है जिसकी सारी कामनाओं का अंत हो गया हो। उसे ईश्वर के मिलने की भी कामना नहीं होती है। मंगलवार को मेला राम नगरिया में ओशो रजनीश के शिष्य स्वामी आनंद पुनीत ने सत्संग के दौरान यह व्याख्यान दिए। उनका संकेत मेला राम नगरिया में संतों में छिड़ी जंग की ओर था। उन्होंने कहा कि यहां कल्पवास कर रहे संत-महात्मा सुख-सुविधाओं व वर्चस्व को लेकर झगड़ रहे हैं। उन्हें भगवान बुद्ध और महावीर स्वामी को पढ़ना चाहिए, जिन्होंने शांति की खोज में राज पाठ छोड़ दिया। एक भिक्षु बन कर आत्म ज्ञान की प्राप्ति की। उन्होंने कहा कि सुख पैसे से खरीदा जा सकता। लेकिन आनन्द पैसे से खरीदा नही जा सकता ।अगर सुख सुविधाओं के बीच ही परमात्मा मिलता तो बुद्ध राज पाठ क्यों छोड़ते ।क्यों कांटो भरे रास्ते पर चलते ।उन्होंने कहा कि बीज को महान बृक्ष बनने के लिए सड़ना पड़ता है। बीज को मिटाना पड़ता है ।तभी उसमे अंकुर निकलता है। इसी तरह अध्यात्म की राह पर निकले साधक को अपना अहंकार पूरी तरह खत्म करना पड़ता है ,जब तक अहंकार है तब तक परमात्मा के मिलने का कोई सवाल ही नही उठता।

उन्होंने सुविधाओ को लेकर मेला राम नगरिया में झगड़ रहे संतो से कहा कि वह ध्यान और सत्संग की गंगा में गोते लगा कर पद प्रतिष्ठा को छोड़ कर अध्यात्म के इस महासंगम का लाभ उठाएं। धन,पद सांसारिक लोगो के लिए छोड़ दें। उन्होंने कहा कि उसके नाम जप से जो आनन्द मिलता है, उसको कल्पवासियों में बांटें। यही जीवन का सार है।

## राजकीय कॉलेजों में आज होगी अभिरुचि परीक्षा

**फर्रुखाबाद।** जनपद के राजकीय इंटर कॉलेजों में 31 जनवरी को अभिरुचि परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के आदेश पर पहली बार राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 के विद्यार्थियों की अभिरुचि परीक्षा कराई जाएगी। जीआईसी फर्रुखाबाद के प्रभारी प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने बताया कि उनके विद्यालय में कक्षा नौ से 12 तक के 314 छात्र अभिरुचि परीक्षा देंगे।

## मार्ग दुर्घटनाओं में दंपति समेत चार घायल

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी जद्दीन पुत्र माहिर अपनी पत्नी साजिया को बाइक से लेकर जा रहे थे ।तभी दूसरे बाइक सवार सुग्रीव निवासी बरई थाना शमसबाद से भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनो बाइक पर सवार तीनों गंभीर घायल हो गए। एक अन्य दुर्घटना में नगर के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी आशीष गुप्ता मार्ग गंभीर घायल हो गये।

प्रवृत्तवाक् विचित्रकथ ऊहवान् प्रतिभानवान्।
आशु ग्रन्थस्य वक्ता च य: स पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति बोलने की कला में निपुण हो जिसकी वाणी लोगों को आकर्षित करे, जो किसी भी ग्रंथ की मूल बातों को शीघ्र ग्रहण करके बता सकता हो, जो तर्क-वितर्क में निपुण हो, वही ज्ञानी है।

## संपादकीय

# प्रतिस्पर्धी वैश्विक राजनीति

भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता तेज हो गई है और सत्ता व रसूख के लिए संघर्ष नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। चीन का एक मात्र लक्ष्य एक एशियाई ताकत के रूप में अपने रुतबे को और अधिक बढ़ाना, हिंद महासागर के विशाल संसाधनों तक अपनी पहुंच बनाना, भारत की घेराबंदी करना, संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों को सुरक्षित करना और विशेष रूप से शिनजियांग और तिब्बत जैसे अपने अस्थिर क्षेत्रों में आर्थिक विकास की शुरुआत करना है। जबकि भारत वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से 'वैश्विक दक्षिण'का नेतृत्व करने और विश्व राजनीति में प्रमुख हितधारक बनने के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। पड़ोस में जटिलताओं से उसके प्रयासों में बाधा आ रही है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय व्यवस्था में रणनीतिक वर्चस्व के लिए भारत और चीन होड़ करते रहे हैं और सीमा विवादों में उलझे रहते हैं। हालांकि, अपने तमाम मतभेदों के बावजूद दोनों देशों ने अतीत में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग भी किया है। वास्तव में वैश्विक राजनीति एक प्रतिस्पर्धी खेल है। ऐसे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का यह कहना महत्वपूर्ण है कि चीन भारत के पड़ोसी देशों को प्रभावित करेगा और भारत को ऐसी 'प्रतिस्पर्धी राजनीति' से नहीं डरना चाहिए। एक प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के नाते, चीन संसाधनों का इस्तेमाल करके चीजों को अपने तरीके से आकार देने की कोशिश करेगा।

भारत ने अतीत में वैश्विक उथल-पुथल का सामना अच्छी तरह से किया है। फिर भी दक्षिण एशिया में राजनीतिक रूप से भारत विरोधी शासनों का उदय चिंता की बात है। भारत और मालदीव के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि हर देश के पड़ोस में समस्याएं हैं। हमारा काम अनुमान लगाना, आकलन करना और प्रतिक्रिया देना है। अंत में पड़ोसियों के एक-दूसरे के साथ संबंध रहते हैं। राजनीति और कूटनीति को परिभाषित करते हुए जयशंकर ने अहम बात कही कि राजनीति में तीखे रुख अपनाए जाते हैं और कूटनीति हमेशा उन तीखे रुख से नहीं चलती। आखिरकार, पड़ोसियों को एक-दूसरे की जरूरत होती है। इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता। इन हालात में आगे बढ़ने के लिए भारत को आर्थिक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए और सकारात्मक संबंधों के लिए अपने 'सॉफ्ट पावर' का उपयोग करना चाहिए। विकसित हो रहे दक्षिण एशियाई परिदृश्य में एक स्थिरताकारी शक्ति बनने के लिए रणनीतिक संचार, क्षेत्रीय मंचों में सक्रिय भागीदारी और दीर्घकालिक दृष्टिकोण भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# बदल रही है भारतीय खेती


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है।

भारतीय खेती के पिछड़ेपन का मुख्य कारण भूमि सुधार संस्थागत सुधार और तकनीकी सुधारों में पिछड़ापन तो रहा ही,साथ में कभी उसको एक व्यवसाय के रूप में न देखकर मात्र आजीविका के रूप में देखने की सोच भी रही है। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान कृषि का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के आर्थिक हितों की पूर्ति करना था। हालांकि स्वतंत्रता पश्चात भारत ने कई कृषि सुधारों को लागू किया है। पचास और साठ के दशक के सुधार कृषि उत्पादकता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर केंद्रित थी। हरित क्रांति का उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों,आधुनिक कृषि तकनीकों और सिंचाई सुविधाओं की शुरूआत के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाना था। यह भारत को खाद्य अल्पता की स्थिति से आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदलने में सफल रहा। सरकार ने भूमि हदबंदी कानूनों के माध्यम से भूमि के पुनर्वितरण के प्रयास किए जिसका उद्देश्य सामंती भूमि स्वामित्व प्रणाली को तोड़ना था। हालांकि उद्देश्य अच्छा था,परंतु कार्यान्वयन खराब होने के कारण विभिन्न राज्यों में इसका प्रभाव अलग-अलग रहा। 1990 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण और बढ़त निजीकरण के चलते कृषि नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। निर्यात बाधाएं हटी और किसानों को नकदी फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे जहां नए अवसर खुले,वहीं छोटे किसानों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता का भी सामना करना पड़ा। प्रौद्योगिकी में प्रगति से कृषि में नए रास्ते आए।

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत योगदान देती है। संस्थागत सुधारों के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा पिछले एक दशक में उठाए गए कदम महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लक्ष्य वर्ष 2024 तक 100 मिलियन हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई प्रदान करना है। नई नहरों एवं बांधों का

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है।

निर्माण,मौजूदा नहरों और बांधों का नवीनीकरण और आधुनिकीकरण,सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा भूजल पुनर्भरण किसानों का क्षमता निर्माण, इसके प्रमुख लक्ष्य हैं। मार्च 2023 तक इस योजना के अंतर्गत लगभग 30 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित की गई थी। परंपरागत कृषि विकास योजना किसानों को पारंपरिक कृषि के लिए प्रशिक्षण,इनपुट और सुनिश्चित खरीद गारंटी प्रदान करती है। स्वाभाविक रूप सुधारों से कृषि उपज में वृद्धि हुई है और उसके मार्केटिंग की समस्या भी किसानों के समक्ष आती है। सरकार भले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों की उपज खरीदती है,परंतु यह सिर्फ कुछ गिने-चुने फसलों के लिए है। कृषि उपज के विपणन, प्रसंस्करण,पैकेजिंग,ग्रेडिंग और निर्यात पर ध्यान न देने के कारण कृषि उपज बिक्री और निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। विश्व के कुल कृषि उपज निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 2.4 प्रतिशत ही है। सरकार ने फसल विविधीकरण पर जोर दिया,ताकि किसान गेहूं-धान-गन्ना जैसी चुनिंदा फसलों की खेती से आगे बढ़कर बागवानी,मछली पालन,दुग्ध उत्पादन जैसी आयपरक गतिविधियों में संलग्न हों। कृषकों को उनकी उपज का उचित एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य दिलाने के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) की शुरुआत की गई है। इससे किसान बिना किसी बिचौलियों के अपनी उपज बेच रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) द्वारा संचालित ई-नाम किसानों को देशभर के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एकल मंच प्रदान करता है। इससे किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर और प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है और मूल्य में उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने में भी सहायता मिलती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च के अनुसार ई-नाम के माध्यम से अपनी उपज बेचने वाले किसानों को पारंपरिक मंडियों की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत अधिक मूल्य प्राप्त हुआ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार ई-नाम से कृषि वस्तुओं की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत अस्थिरता कम हो गई है। छोटे किसानों को बाजार व्यवस्था से जोड़ने के लिए सरकार 22 हजार ग्रामीण हाटों के बुनियादी ढांचे में सुधार कर उन्हें आधुनिक बना रही है।

उक्त सुधारात्मक प्रयासों के अतिरिक्त किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) का गठन छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। देश में छोटे और सीमांत किसानों की संख्या लगभग 12 करोड़ से अधिक हैं। यह कुल किसानों का लगभग 86 प्रतिशत हैं। इनकी कृषि जोत का औसत आकार 1.10 हेक्टेयर से कम है। इन किसानों को उत्पादन से जुड़े कार्यों और बाजार तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती है। एफपीओ द्वारा अपने सदस्य किसानो से फल-फूल, सब्जी, मछली आदि से संबंधित उपजों को खरीदकर सीधे कंपनियों को बेचा जाता है। सरकार ने वर्ष 2024 के अंत तक दस हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है जिससे लगभग 30 लाख किसान लाभान्वित होंगे। नाबार्ड के अनुसार वर्ष 2020-22 के मध्य एफपीओ से जुड़े किसानों की कृषि उत्पादकता में 31.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एफपीओ के माध्यम से पिछले तीन-चार वर्षों में वाराणसी कृषि उपज के निर्यात का एक हब बनकर उभरा है। वर्ष 2022 में वाराणसी एयरपोर्ट से 541 मीट्रिक टन कृषि उपज का निर्यात किया था,जो गतवर्ष बढ़कर 655 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग 20 हजार किसान 50 एफपीओ से जुड़कर अपनी फसलों का निर्यात कर रहे है। स्पष्ट है सरकार बिचौलियों को हटाकर सीधे किसानों को निर्यातक बना रही है। राजस्थान के झुंझुनू जिले के लांबी अहीर गांव में एक एफपीओ ने अपने 300 सदस्यों के साथ 800 कुंतल सरसों की कटाई और बिक्री की है। यहां की महिला सरपंच नीरू यादव द्वारा संचालित एफपीओ ने 50 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है। किसानों का संगठन अब 5 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक कृषि-प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं लैंगिक समानता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस एफपीओ ने 150 महिला किसानों को उनके पुरुष समकक्षों के साथ इक्विटी धारकों के रूप में शामिल किया है। बिहार के बख्तियारपुर, एकंगरसराय, बाढ़ और हरनौत के लगभग 3273 किसानों ने एफपीओ के माध्यम से अपने सब्जियों को सीधे दिल्ली,नोएडा जैसे बड़े शहरों में बेचना शुरू कर दिया है। राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के एफपीओ और एफपीसी के छोटे-छोटे किसान अब बड़ी-बड़ी कंपनियों से आंखों में आंखें डालकर अपनी फसलों का सौदा तय करते हैं। यह आत्मविश्वास उन्होंने एफपीओ की सामूहिक शक्ति से पाया है।

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है। देश के 700 जिलों में से लगभग 256 जिलों में अत्यधिक भूजल दोहन के चलते भूजल स्तर बहुत नीचे जा चुका है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड योजना,परंपरागत कृषि विकास योजना, नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि योजनाएं चलाई जा रही है। इन सब प्रयासों से भारत में जैविक उत्पादों का बाजार प्रति वर्ष 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अभी यह बाजार लगभग 1.20 लाख मिलियन रुपये का है। आज भारत में कुल 4.43 मिलियन हेक्टर में जैविक खेती की जा रही है, जो वैसे तो कुल कृषि क्षेत्रफल का दो प्रतिशत ही है,परंतु विश्व में इसका पांचवा स्थान है। जाहिर है भारतीय खेती अब तेजी से बदल रही है। खेती किसानी के सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए सरकार और खुद किसान दृढ़ संकल्पित हैं।

## व्यंग्य

# लात और हैसियत


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

किसी को लतिया देना,हमारी महान सभ्यता की गौरवशाली परंपरा है। आमतौर पर या तो हम किसी को लतियाते है या खुद लतियाये जाते हैं। यही भारतीय जीवन पद्धति है। हम हमेशा चाहते हैं कि जिसने कभी भूतकाल में हमसे ये सद्व्यवहार किया हो,मौका मिलते ही उसका कर्जा सूद समेत लौटा सकें। जब भी ऐसा कर पाते हैं हम,हल्के हो जाते हैं, खुशी मिलती है और लगता है कि धरती पर अभी न्याय बचा हुआ है। हालांकि पेट पर भी लात मारी ही जाती है,पर इस बाबत लोग कुछ ज्यादा ही बुरा मान जाते हैं। ऐसे मे इस काम के लिए पिछवाड़ा ज्यादा मुफीद जगह है। यदि आप किसी को लतियाना तय कर ही चुके हैं तो फिर सामने वाले के लात मारते वक्त किसी भी तरह का लिहाज करना ठीक नहीं। किसी को लतियाना,फिर उसे चींचीं करके हुए देखना परमानंद है।

वैसै किसी को लतिया देने के लिए हमारे पास कोई वाजिब कारण हो ही ये कतई जरूरी नहीं है। ये तो मन की मौज भर भी हो सकती है। पेट भरा है हमारा,करने को कुछ खास है नहीं, सामने कोई लाचार दिख गया है तो यह कार्य केवल मजे मजे के लिए भी किया जा सकता है। लतियाया गया आदमी यदि कमजोर है तो वो ऐसे व्यवहार से चौंकता नहीं। या तो उसे इसकी आदत होती है या वह आपसे ऐसा ही कुछ किए जाने की उम्मीद लेकर आया होता है। ऐसे लोगों को लतियाना कोई खास मजेदार नहीं होता। बहुत बार ऐसा करने के बाद उस पर दया करने की,उसे पुचकारने की इच्छा भी हो सकती है आपकी,जो कि घाटे का सौदा होती है। शातिर लोग तो खुद ही ऐसा माहौल बना देते हैं कि आप उन्हें लात मारे बिना रह न सके और बाद में वे पांव पकड़ कर अपनी बात मनवा लें।

हालांकि लतियाते वक्त ज्यादा सोचा विचारा नहीं जाता। फिर भी यदि सामने वाला बंदा आपसे हर लिहाज से कमजोर हो और निकट भविष्य मे भी उसके कमजोर ही बने रहने की उम्मीद हो तो ठीक रहता है। होता ये है कि जिस आदमी को लतिया दिए जाने की आदत नहीं होती वो शुरू-शुरू में इसका थोड़ा बहुत बुरा मान जाता है। उसका बुरा मानना जरूरी भी है ,वरना लतिया देने का सारा मजा ही किरकिरा हो सकता है। कमजोर को लतिया लीजिए पर नंगों से दूर रहिए। इसलिए क्यों नंगों से खुदा भी डरता है। नंगों का कोई भरोसा नहीं। खोने को कुछ होता नहीं उसके पास ऐसे में वो निडर हो जाता है,उससे उलझने में उल्टे बांस बरेली वाली नौबत आ सकती है। किसी को अकेले में लतियाना भी मजा कम कर देता है। जंगल में मोर नाचेगा तो कौन देखेगा? यह काम चार लोगों से सामने कीजिए। आपकी शोहरत में चार चांद लगेगे इससे और देखने वाले बिना आपकी लात खाए आपको बड़ा और काम का आदमी मान लेंगे। यदि आप एक साथ पच्चीसों को लतिया सकते है तो यकीनन आपकी इज्जत तो बढ़नी ही है। इससे आपका लतियाना सामने वाले को भी शोहरत बख्श सकता है।

एक फायदा और है इससे। ऐसा करके आप अपनी औकात का भी अंदाजा लगा सकते हैं। लात और हैसियत का सीधा संबंध है। हमारे देश में हैसियत वाला ही लात मार सकता है और लात चलाने की हिम्मत रखने वाले के हैसियतदार हो जाने की पूरी गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। आपके लात मारने के बाद सामने वाला यदि आपकी कॉलर न पकड़े,आपके प्रति और अधिक आदर भाव से भर उठे तो इसका मतलब यही है कि आप हैसियत वाले हैं और जैसा कि आपको पता ही है हमारे यहां हैसियत वाले आदमी को ही इज्जतदार कहा जाता है। हालांकि ऐसा कम ही होता है,पर बहुत से कमजोर ऐसे ही खब्ती होते हैं,जो अपनी इज्जत की चिंता करते हैं। उन्हें लगता है कि उनके पास वही है जिसे बचाना जरूरी है। ऐसे में वो भी अपनी लातों का इस्तेमाल कर सकता है। जब भी ऐसा हो तो किसी को कानों कान खबर न होने दें। इसे अपने तक रखिए। सामने वाले से हाथ मिला लें और उस दिन का इंतजार करें जब वो बिल्कुल गाफिल हो और आप उसे दोबारा,पिछली बार से भी ज्यादा करारी लात मार सकें।

एक सवाल जो पूछा ही जाना चाहिए कि यदि किसी को लतिया देने का ख्याल आता कहां से है? आमतौर पर ये आता है कि भरी जेब से,जेब की गर्मी सीधे दिमाग पर असर करती है और ऐसे हर शख्स का मन अपनी लात इस्तेमाल करने के लिए कुलबुलाने लगता है। भरी जेब होने के बाद भी जो आदमी अपनी लात को काबू में रखे हमारे यहां तो लोग उसको रसूखदार मानने के लिए ही राजी नहीं होते। यदि आप ऐसा नहीं करते तो अब करके देखिए। अच्छा लगता है।

# लोक संस्कृति का आधार है बोली


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है।

लोक संस्कृति सामान्य जन की संस्कृति है। सामान्य जन का जीवन बोली में ही व्यतीत होता है। इसलिए लोक संस्कृति अनिवार्य रूप से बोली में होती है। बालक को बोली के रस से पहला परिचय मां के द्वारा होता है। पहला बोल मां का होता है। अमृत एक मीठी कल्पना है,लेकिन मां का बोल वास्तविक है और वह इस कल्पना से अधिक मीठा है। बालक का पहला संस्कार "भाषिक संस्कार" होता है और यह संस्कार मां की लोरी से होता है "हलराबै दुलराइ मल्हाबै जोई सोई कछु गावै।" अपने बालक में मां अपने को भूल जाती है। अपने को भूलना ही तो आत्मप्रतीति है और रस का प्रतिपादन करते हुए आचार्य अभिनव कहते हैं यह आत्मप्रतीति ही रस है। मां बालक में खो जाती है और बालक मां के रूप में अपने को पा जाता है। यह बोली की रस प्रक्रिया है।

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है। फिर उसी बोली में दादी और नानी उसे कहानी सुनाती हैं, उसी बोली में जीजी पहेली पूछती है,उसी बोली में काकी गीत गाती है और मौसी कहनावत कहती है-ग्वाल-बाल सखा-मंडली उसी बोली में आंख-मिचौनी खेलती है। छठी से लेकर विवाह तक के संस्कार बोली के मांगलिक गीतों के संग होते हैं। देवी-देवताओं को बोली में मनाया जाता है,पति-पत्नी का प्यार बोली में ही छलकता है। प्यारी बोली में रूठ जाती है तो प्रियतम बोली में ही मनुहार करता है। इस परस्परता के भाव में बोली का रस अंतर्निहित है। बोली परिवार और समुदाय की जिंदगी के साथ जल से लहर की तरह जुड़ी होती है। हर सुख-दुख में बोली उसके साथ रहती है। वह प्रगाढ़ आत्मीयभाव कोई दुराव नहीं,कोई छिपाव नहीं,कोई औपचारिकता नहीं,अकृत्रिम सहज भाव हृदय की मुक्तावस्था आचार्य शुक्ल कहते हैं- इसी का नाम रसदशा है। हम कहीं परदेश में हों और वहां हमें किसी से अपनी बोली सुनने को मिल जाए तो जान-पहचान के अभाव में भी एक आत्मीय भाव जगता है,क्योंकि बोली अपने मूल रूप में समष्टि चित्त पर परिवेश का प्रतिबिंब है। बोली नैसर्गिक दाय है। बोली से विच्छिन्न होने का मतलब है, अपनी जड़ों से कट जाना।

शतकोटिजन के परिवेश में असंख्य भिन्नताएं हैं- कहीं पहाड़ है तो कहीं समुद्र है,कहीं जंगल हैं तो कहीं गांव है,कहीं झोपड़ी है तो कहीं बहुमंजिले महल हैं। सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक और सांस्कृतिक परिवेश की भिन्नताओं के कारण शतकोटिजन का संवाद विविधताओं का संवाद है। इस संवाद के अनेक स्तर हैं। इस संवाद की असंख्य शैलियां हैं और इस संवाद के विभिन्न रूप हैं। इसी कारण बोलियों में विविधता है। यह विविधता नैसर्गिक है और नैसर्गिक है इसलिए अपरिहार्य है। जैसे संवाद और परस्परता अन्योन्याश्रय है,वैसे ही संवाद और बोलियां भी अन्योन्याश्रय है। संवाद होता है तो बोलियां बनती है और बोलियां बनती हैं तो संवाद होता है। सामान्यजन का संवाद सामान्य से होता है, सामान्य के माध्यम से होता है, बोली में होता है। यही कारण है कि जब बुद्ध और महावीर सामान्यजन से संवाद करने निकले,तो पाली और प्राकृत में बोले।

कबीर को भाषा के 'सामान्य तत्व' की बड़ी गहरी पहचान थी,बोले-संसकिरत है कूप जल भाखा बहतानीर। विद्यापति ने जब 'देसिल बयना सब जन मिट्ठा का सूत्र दिया था,तब उन्होंने बोली के अभ्यंतर-संगीत को पहचान लिया था। कोई भी भाषा अपने मूलरूप में बोली ही होती है। विभिन्न बोलियां बोलने वाले जब परस्पर मिलते हैं तब उनके बोली तत्व भी परस्पर मिल जाते हैं। कोई भी बोली अपने जनपद में सीमित रहे, अन्य जनपदों में उसका संपर्क और प्रसार न हो तो वह भाषा नहीं बन सकती।

कोई भी बोली तब भाषा बन जाती है,जब अन्य बोलियों के भाषा तत्व घुल मिलकर आधार भाषा के रूप को बदल देते हैं, जब कोई आंदोलन आंधी की तरह उठता है, तब उसके केन्द्र की बोली भी उठती है। जहां-जहां आंदोलन पहुंचता है, वहां-वहां बोली पहुंचती है और विविध बोलीतत्व परस्पर अंतर्भुक्त होते हैं। बोली भाषा बनती है तो शाही फरमान या सरकारी आदेश का इंतजार नहीं करती। जब कोई बोली भाषा बनती है तो वह व्याकरण का इंतजार नहीं करती, वह किसी कोशरचना की मोहताज नहीं है। वह कभी नहीं कहती कि पहले मानकीकरण कर लो तब आगे बढ़ूंगी। किनारे नदी को नहीं बनाते,नदी किनारों को बनाती है। नदी बहती है तो किनारे अपने आप बन जाते हैं। बोली भाषा बनती है तो समष्टि जीवन के परस्पर संवाद से बनती है। वह सामूहिक भाव कितना व्यापक है, अंतर्जनपदीय और अंतर्प्रांतीय संपर्क जितना प्रगाढ़ है,वह भाषा उतनी ही समर्थ है।

## सोशल फोरम

# विज्ञान की आजादी


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अतीत में विज्ञान एक साधना थी। बेचैन वैज्ञानिक रात-रात जगकर नए आविष्कार करते थे। आज विज्ञान का ज्यादा इस्तेमाल उपनिवेशवादी तौर-तरीकों से सीखकर कूट उद्देश्यों से होता है। यह हम खासकर सूचना क्रांति,उपग्रह प्रक्षेपण,कृत्रिम मेधा और युद्ध तकनीक के क्षेत्र में देख सकते हैं। हम मंगल ग्रह पर जल्दी जा सकते हैं, लेकिन उत्तराखंड के पहाड़ों पर सुरंग निर्माण में फंसे 41 श्रमिकों के पास जल्दी नहीं पहुंच सकते। वर्तमान विश्व में सत्ताएं उच्च टेक्नोलॉजी और इसके डिजिटल औजारों का इस्तेमाल अपने नागरिकों पर निगरानी रखने के लिए कर रही हैं। इस दौर में बढ़ती बेरोजगारी और विषमता से जन्मे क्षोभ को दबाना मुश्किल नहीं है। विश्वभर में सभ्य ढंग से क्षोभ का डिजिटल दमन हो रहा है। विकसित टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल पिछड़ी मानसिकता के प्रसार के लिए ज्यादा हो रहा है। इतिहास के गड़े मुर्दों को हथियारबंद किया जा रहा है। समस्या यह है कि बाजार और राजनीति दोनों ही निरंकुश ढंग से टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए यथार्थ को अपने उद्देश्य के अनुरूप ढालने में कुशल हो गए हैं। वे करिश्माई हैं और लोगों को रंगीन अंधविश्वासों, प्रलोभनों तथा भ्रमों से सम्मोहित करने में सक्षम हैं। जाहिर है,आज विज्ञान की आजादी का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है।

विज्ञान की प्रधान शिक्षा यह है कि व्यक्ति बिना सोचे-समझे या ठीक से जांचे-परखे किसी चीज को आंख मूंदकर न माने और सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचार से न घिरे। विज्ञान सिर्फ इसलिए नहीं है कि इसके बल पर चालाकियां की जाएं,आराम की चीजों और सुख-सुविधाओं को इकट्ठा किया जाए। उसका एक बड़ा उद्देश्य जीवन की समस्याओं का यथार्थ तरीके से समाधान निकालना है। हम यह भी कैसे मानें कि वैज्ञानिक दृष्टिसंपन्न होने का दावा करने वाले बुद्धिजीवी विज्ञान की शिक्षाओं पर चलते हैं। वे वैज्ञानिक दृष्टि-संपन्न कैसे हो सकते हैं? यदि वे सर्वज्ञ होने के अहंकार से भरे हों,उनके शब्द तथा कर्म के बीच दूरी हो और उनमें बौद्धिक सहृदयता नहीं हो सकती। दरअसल उनसे अधिक वैज्ञानिक गांवों-शहरों के वे साधारण लोग हैं जिनमें आज भी 'कॉमन सेंस' और बौद्धिक सहृदयता बहुत ज्यादा है।

-फेसबुक वॉल से

# बापू और गोडसे


के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

महात्मा गांधी ने सेक्युलर शब्द न कभी कहा और न कही लिखा। वे चाहते थे कि यदि पुनर्जन्म हुआ तो वे हिंदू ही हों। अपने को संकोच नहीं होता था। फिर भी मनसा, वाचा, कर्मणा बापू अप्रतिम सेक्युलर थे। इसीलिए वेदना होती है,रोष भी,जब अधकचरी जानकारी के बूते विकृत बातें पेश की जाती हैं। मसलन तुर्की के खलीफा का समर्थन कर गांधीजी ने भारत में इस्लामी फिरकापरस्ती को खादपानी दिया,पोषित किया। आधुनिक संदर्भ में जब हिंदू-मुस्लिम रिश्तों में विषाक्तता बढ़ रही है। यह विश्लेषण करना होगा कि क्या बापू की यह भूल थी कि इस्लामी दुनिया के खलीफा और तुर्की के अपदस्थ सुल्तान मोहम्मद चतुर्थ को पुनप्रस्थापित करने हेतु खिलाफत आंदोलन चलाया जाना चाहिए था? इस्तानबुल स्थित ओटोमन खलीफा ने 1774 से रूस से युद्धोपरांत एक संधि की थी जिससे तुर्की के बाहर बसे मुसलमानों का मजहबी संरक्षक बन गया था। इसके कारण 1880 से भारत के मुसलमानों का भी यह तुर्की सुल्तान अब्दुल हामिद द्वितीय खलीफा बन गया था,किंतु प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी,तुर्की और रूस की ब्रिटेन व अमेरिका द्वारा हरा दिए जाने पर तुर्की की सल्तनत खत्म हो गई। अंग्रेजों ने पराजित सुल्तान का खलीफा पद को अमान्य करार दिया। इससे 1920 से 1924 तक भारतीय मुसलमानों ने मौलाना मोहम्मद अली,उनके भाई मौलाना शौकत अली,मौलाना अबुल कलाम आजाद,डॉ.मुख्तर अहमद अंसारी,बेरिस्टर मोहम्मद जान अब्बासी आदि के नेतृत्व में भारतीय केन्द्रीय खिलाफत समिति बनाई जिसने खलीफा को पुनः स्थापित करने हेतु आंदोलन छेड़ा। गांधीजी इस केन्द्रीय समिति के सदस्य बने और मोतीलाल नेहरू ने उनके कदम का खुला समर्थन किया। मगर मोहम्मद अली जिन्ना ने खलीफा को बचाने का कड़ा विरोध किया। बापू की पुण्यतिथि पर नाथूराम विनायक गोडसे की भी याद अनायास आती है। जिस देश में पंचमी के दिन नाग को दूध पिलाते हों,वहां इसमें अचरज नहीं होगा। आखिर कैसा, कौन और क्या था गोडसे? नाथूराम स्कूल से भागा हुआ छात्र था। नूतन मराठी विद्यालय में मिडिल की परीक्षा में फेल हो जाने पर उसने पढ़ाई बंद कर दी थी। उसका मराठी भाषा का ज्ञान भी अल्प था। अंग्रेजी और इतर भाषाओं की जानकारी तो शून्य ही थी। जीविका हेतु उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। सांगली शहर में दर्जी की दुकान खोल ली थी। उसके पिता विनायक गोडसे डाकखाने में बाबू थे,मासिक आय पांच रुपये थी। नाथूराम अपने पिता का लाडला था,क्योंकि उससे पहले जन्मी सारी संतानें मर गई थीं। नाथूराम के बाद और भी पैदा हुए थे जिनमें था गोपाल,जो नाथूराम के साथ सहअभियुक्त था। लोग अभी भी नाथूराम गोडसे के प्रति थोड़ी बहुत नरमी बरतते हैं,उन्हें इस क्रूर हत्यारे के बारे में प्रमाणित तथ्यों पर गौर करना चाहिए। गांधीजी को मारने के दो सप्ताह पूर्व नाथूराम ने अपने जीवन को काफी बड़ी राशि के लिए बीमा कंपनी से सुरक्षित करा लिया था। जाहिर है उसके मौत के बाद उसके परिवारजन इस बीमा राशि से लाभान्वित होते। (पृष्ठ 18 व 19 : गांधीवध और मैं, लेखकः गोपाल विनायक गोडसे, प्रकाशकः वितस्ता प्रकाशन पुणेः 1982)। ऐतिहासिक मिशन को लेकर चलने वाला व्यक्ति बीमा कंपनी से क्या ऐसा मुनाफा कमाना चाहेगा? अब जानिए गोड्से के परम सखा, फांसी पर लटके नारायण दत्तात्रेय आप्टे को। उसने 29 जनवरी की रात दिल्ली के वेश्यालय में गुजारी थी। ताकत बढ़ाने हेतु। आप्टे और गोड्से ने जेल के भीतर सुविधाओं की मांग की। हम भारतीय सीधी, सरल बात करना कब शुरू करेंगे कि हत्या एक जघन्य अपराध और सिर्फ नृशंस हरकत है। वह भी लुकाटी थामे, एक वृद्ध अधनंगे हिन्दू की जो राम का अनन्य, आजीवन भक्त रहा।

# क्या असीम है नेताओं की कार्यक्षमता


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मानव की आत्मा जिस खोल में रहती है,उसे शरीर या देह कहा जाता है। इसीलिए आत्मा को 'शरीरी' या 'देही' भी कहते हैं। शरीर शब्द का अर्थ ही है कि जो शीर्ण यानी क्षरित होता है। शनैः शनैः उसकी क्षमताएं और सामर्थ्य कम होती जाती है। इसी कारण सेवाओं में एक सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की गई है। मान्यता है कि तत्समय वह अक्षम हो चुका होगा,अतः उसे सेवा मुक्त कर दिया जाए। अपने देश के संविधान के अनुच्छेद 14 में 'समानता' का सिद्धांत पवित्रता के साथ संरक्षित है। हालांकि जब हम विभिन्न वर्गों की एतत्संबंधी आयु पर दृष्टि डालते हैं तो स्पष्ट रूप से असमानता परिलक्षित होती है। अध्यापन वृत्ति से जुड़े लोगों के लिए यह 65 वर्ष है। सर्वोच्च न्यायालय के जजों के लिए भी यही है। उच्च न्यायालय के जजों हेतु 62 वर्ष है और राजकीय कर्मचारियों के लिए 60 है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कोई सेवानिवृत्ति आयु नहीं है। वे कितने ही उम्र दराज हो जाए,अशक्त हो जाए,ह्वील चेयर पर चलें,तो भी वे सक्षम और समर्थ हैं। भाजपा ने एक अलिखित नियम बनाया है जिसके अनुसार उनका नेता 75 वर्ष का होने पर सक्रिय राजनीति हेतु अक्षम माना जाता है,जिसे रिटायर होना कह सकते हैं। यद्यपि वह राज्यपाल या सक्रिय राजनीति के अगल-बगल वाले पदों पर रह सकता है। क्या भाजपा का कथित 75 वाला नियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी लागू होगा, जब वे 17 सितम्बर, 2025 को 75 के हो जाएंगे। ऐसी ही विषमता पेंशन के संबंध में है। सरकारी कर्मचारियों के लिए यह बंद कर दी गई है,लेकिन एमपी,एमएलए आदि व जजों की बरकरार है। सेना में 'अग्निवीर' प्रणाली लाकर इसे खत्म कर दिया गया है। जैसे 'एक देश एक चुनाव' की बयार सरकार ने चलाई है,वैसे ही 'एक सेवानिवृत्ति आयु और पेंशन' नियम भी प्रवृत्त होने चाहिए। संविधान की आत्मा तो यही कहती है।

# पंच सूत्र का पालन कर आगे बढ़ें महिलाएं

## महिलाओं को स्वरोजगार से बारे में दी गई जानकारी, महिलाओं ने भी दिखाया रुझान

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मजबूत करने तथा स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा की ओर से नगला पूठ व गोविंद नगर में पहुंचे सामुदायिक आयोजक अनुज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं नियमित बैठकें, नियमित बचत, लेनदेन, लेखा कार्यवाही व नियमित ऋण वापसी यानी पंच सूत्र का पालन अवश्य करें । जिससे उन्हें सफलता का मुकाम हासिल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। जागरूक महिलाएं शहर की अन्य महिलाओं को एकजुट करें और उन्हें समूहों में जोड़ने का प्रयास करें तथा शासन की विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं से उन्हें लाभान्वित कराएं। हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

डूडा की ओर से इंजी विपिन यादव ने आवास योजना की आवेदन प्रक्रिया समझाई तथा किन किन चरणों के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है इसकी भी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान समूहों की महिलाओं को कैलेंडर भी प्रदान किए गए। जिसमें शासन की रोजगार मूलक स्वास्थ्य लाभ से संबंधित अन्य योजनाओं की जानकारी उपलब्ध है।

सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय महिलाएं जो समुदायिक सरोकार के लिए कार्य करना चाहती हैं, उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने, कौशल प्रशिक्षण दिलाने तथा जरूरतमंदों को स्वरोजगार कार्यक्रम से जोड़ने की प्रक्रिया समझाई गई। संचालन सिटी कोऑर्डिनेटर संध्या ने किया। फैसिलिटेटर जयबुननिशा ने सहयोग प्रदान किया।


शहरी आजीविका मिशन के प्रशिक्षण में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

- अधिकारियों ने सहयोग प्रदान करने का दिया आश्वासन

इस दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कैसे मिलता है उसकी भी जानकारी दी गई। दोनों स्थलों पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्मृति, मुक्तेश्वर, कृष्णा, राधे राधे, खाटू श्याम, भूरेश्वर, साईं, लक्ष्मी, श्री कृष्णा, हर हर महादेव, श्री राधे कृष्णा, वैष्णो देवी, लक्ष्मी स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।

## कोविड काल में शहीद हुए चिकित्सकों को दी गई श्रद्धांजलि

**इटावा।** आईएमए इटावा के सदस्यों ने कोरोना काल में लोगों की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर शहीद हुए चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी।

मंगलवार को पक्का तालाब स्थित आईएमए के सभागर में कोरोना काल में जनसेवा करते हुए आईएमए के 2000 चिकित्सकों और 3500 पैरामेडिकल स्टाफ ने लोगों की जान बचाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। ऐसे कोरोना काल में शहीद हुए योद्धाओं को आईएमए इटावा के सदस्यों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी।

आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा एमएम पालीवाल व प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ.संजीव यादव ने शहीद हुए चिकित्सकों के परिवारीजनों को मदद देने के साथ कोरोना योद्धा वीर पदक देने की मांग की। श्रद्धांजलि सभा में आईएमए इटावा अध्यक्ष एस.सी.गुप्ता, डी.के.सिंह आदि रहे।

# ककराई गांव के पास औद्योगिक गलियारा बनने की जगी उम्मीद

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** औद्योगिक गलियारे के लिए चयनित जगह पर 104 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण करने की संभावना बनती नजर आ रही है। एचपीसीएल की जमीन के अंदर से निकली पाइपलाइन गलियारा बनने के रास्ते में सिरदर्द बनी हुई है।

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत ककराई में यूपीडा के डिप्टी कलेक्टर संजय चावला व टाउन प्लानर केके अस्थाना ने पहुंचकर धरातल का सर्वे किया। साथ ही वहां से गुजरने वाली लोकल मार्ग, तालाब, मकान व हाईटेंशन बिजली लाइनों के आंकड़े इकट्ठे किये, साथ ही यूपीडा के अधिकारियों ने एचपीसीएल के अधिकारियों से बात की। जिसमें एचपीसीएल के गाइडलाइन के अनुसार पाइपलाइन वाली जमीन पर निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। वहीं वहां से गुजरने वाले एक नाले की जमीन को देखा और किसानों से बातचीत की।


किसानों से बात करते यूपीडा के अधिकारी। अमृत विचार

बताते चलें बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के कन्नौज इटावा मार्ग पर बने ककराई कट के आसपास भूमि का प्रस्ताव यूपीडा को भेजा गया है। जिसमें ताखा तहसील के 133 किसानों की 51.9 हेक्टेयर भूमि को मिलाकर 60 हेक्टेयर भूमि उपयोगी है जिसमें लगभग 6 हेक्टेयर भूमि वन विभाग की है शेष भूमि ऊसर, बंजर, सडक, नाला आदि की है, वन विभाग की जमीन को ट्रांसफर किया गया है। बाकी जमीन भरथना तहसील के ढकपुरा गांव के आसपास की है। एसडीएम ताखा देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि यूपीडा के अधिकारियों को जमीन पसंद है। एचपीसीएल के अधिकारियों से बात हुई है जमीन को अधिग्रहण किया जाता है तो उसे निर्माण कार्य में उपयोग ना करके अन्य किसी कार्य के प्रयोग में लिया जा सकता है या अधिग्रहण से बाहर भी किया जा सकता है।

# शिवपाल सिंह और आदित्य यादव का हुआ अभिनंदन

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** कस्बे के एक मैरिज होम में आयोजित एक भव्य समारोह में सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक शिवपाल सिंह यादव तथा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव अंकुर का अभिनंदन और सम्मान किया गया।

नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अहसान और आमिर ने शाल ओढ़ाकर, अभिनंदन पत्र तथा बुके देकर दोनों नेताओं का अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रो. बृजेश यादव, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, अनिल प्रताप सिंह यादव, प्रो. अरविंद यादव, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुज मोंटी, विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू, पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण संखवार, रामवीर सिंह यादव, राशिद सिद्दीकी, सभासद राजीव यादव, सांसद प्रतिनिधि हाजी मो शमीम, मोहित यादव सनी, खन्ना यादव ,राजेंद्र गुप्ता एडवोकेट ,सभासदगण हेमू शाक्य ,मोहम्मद फैजान, सतीश यादव ,कमल प्रकाश पाल, मोहित यादव संजीव यादव समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग भी मौजूद रहे।


सपा महासचिव शिवपाल का अभिनंदन करते हाजी मो . अहसान। अमृत विचार

- हाजी मो. अहसान ने किया समारोह का आयोजन


जनसभा को संबोधित करतीं सैफई ब्लाक प्रमुख मृदुला यादव। अमृत विचार

## पीडीए शोषित, वंचितों के रक्षा करने का समूह : मृदुला यादव

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन पर पीडीए पखवाड़ा का आयोजन 26 जनवरी से 10 फरवरी तक प्रदेश के प्रत्येक गांव में चौपाल लगाकर किया जा रहा है। लोगों को जागरूक करने के लिए हम सभी यहां आपके बीच आए हैं।

यह बात सैफई की ब्लॉक प्रमुख मृदुला यादव ने सोमवार को ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिडारी, उझियानी, नरोहली भिड़रूआ, लछबाई में आयोजित चौपाल में कही। उन्होंने कहा कि यहां आपके गांव में जो भी विकास दिखाई दे रहा है, यह सब समाजवादी सरकार का विकास कार्य है। चाहे सड़के हो बिजली व्यवस्था हो, सारी सुविधाएं, सपा सरकार में मिल रही थी। इस मौके पर रामनरेश यादव,ब्लॉक अध्यक्ष संतोष शाक्य, आंनद यादव बबलू व, महावीर आदि रहे।

## खटखटा बाबा कुटिया पर वसंत महोत्सव कल से

**जसवंतनगर, इटावा ।** ब्रह्मलीन संत खटखटा बाबा की पवित्र कुटी के सान्निध्य में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला वसंत महोत्सव आगामी एक फरवरी से प्रारंभ हो रहा है जो 14 फरवरी को वसंत पंचमी को भंडारे के साथ समाप्त होगा।

एक फरवरी को नगर में महिलाओं की कलश यात्रा निकाली जाएगी। दो फरवरी से 10 फरवरी तक प्रतिदिन कोकिल जी महाराज द्वारा राम कथा का श्रवण कराया जाएगा। 11 एवं 12 फरवरी को दोनों दिन रासलीला का प्रदर्शन दर्शाया जाएगा। नगर में तालाब किनारे स्थित मनोरम स्थल को भव्य तरीके से सजाया गया है। कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। नगरवासियों को इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्सुकता रहती है ।

## सार-संक्षेप

### गांवों में प्रवास करेंगे भाजपा के जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता

**इटावा।** भाजपा का गांव चलो अभियान 4 फरवरी से 11 फरवरी तक चलेगा। इस गांव चलो अभियान के तहत जन प्रतिनिधियों सहित पार्टी के कार्यकर्ता 24 घंटे तक संगठन द्वारा प्रदत्त गांव में प्रवास करेंगे तथा लाभार्थियों से सम्पर्क करेंगे। यह बात भाजपा की संगठनात्मक जिला प्रभारी कमलावती सिंह ने इस संबंध में आयोजित कार्यशाला में कही। उन्होंने बताया कि इस दौरान बूथ स्तर की बैठक से लेकर गांव के प्रभावशाली और सामाजिक लोगों से संवाद स्थापित करेंगे तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाएंगे। इस गांव चलो अभियान के तहत जन प्रतिनिधियों सहित पार्टी के कार्यकर्ता 24 घंटे तक संगठन द्वारा प्रदत्त गांव में प्रवासी लाभार्थियों से सम्पर्क करेंगे। अभियान की प्रस्तावना जिला मंत्री जितेंद्र गौड़ ने रखी। संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डा रमाकांत शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, गोपाल मोहन शर्मा, बढ़पुरा ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, बसरेहर ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, रमेश राजपूत, गांव चलो अभियान के जिला संयोजक एवं महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, शिवकिशोर धनगर, विवेक भदौरिया, विक्रम अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

### ऊषा यादव को किया गया सम्मानित

**इटावा।** उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब में विस्तारित जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 5 के अध्यक्ष के रूप में कुशल नेतृत्व करते हुए नवीन जायंट्स समूह प्रायोजन के फलस्वरूप फेडरेशन 5 ऊषा यादव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आउटस्टेडिंग फेडरेशन प्रेसीडेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। ऊषा यादव के अलंकरण के साथ साथ फेडरेशन 5 पदाधिकारियों एवं समूहों को 55 अबार्ड एवं सर्टीफिकेट्स प्राप्त हुए। जिसमें आउटस्टैंडिंग फेडरेशन वाइस प्रेसिडेंट विपिन मित्तल, आउटस्टैंडिंग यूनिट डायरेक्टर आशा अवस्थी एवं अनु रस्तोगी, सोनल अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। एक एक नवीन जायण्टस समूह प्रायोजन हेतु 14 समूह एवं 50 प्रतिशत सदस्यता वृद्धि हेतु 15 समूहों को अलंकृत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के साथ साथ फेडरेशन 5 के पदाधिकारी एस पी चतुर्वेदी विश्व उपाध्यक्ष, डॉ शिवराज सिंह यादव सदस्य केन्द्रीय समिति, कृष्ण अवतार गुप्ता पूर्व अध्यक्ष फेडरेशन 5, डॉ उमेश अग्रवाल, विमल कुमार सिंह एवं सदस्यों ने सदस्यों ने ऊषा यादव समेत अवार्ड प्राप्त करने वाले सभी पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।



ऊषा यादव को सम्मानित करते अतिथि ।

### कष्ट रूपी विष पीने के बाद ही मिलता है सफलता का अमृत

**इटावा।** कुम्हावर रोड ग्राम खड़कोली में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह के चतुर्थ दिवस सरस कथावाचक आचार्य साकेत बिहारी दीक्षित ने कहा कि भक्ति का प्रारंभ कथा श्रवण से होता है । आचार्य ने समुद्र मंथन की कथा में बताया देवता और दैत्यों मिल कर मंथन किया । अमृत प्राप्ति के लिए लेकिन प्रारंभ में विष निकल आया विष भगवान शंकर ने पिया। शिव का नाम नीलकंठ पड़ा । अंत में अमृत की प्राप्ति हुई। किसी भी कर्म के आरंभ में विष रूपी कष्ट अपमान सहना पड़ता है अंत में ही सफलता मिलती है। कथा की आयोजक सीमा तिवारी ने बताया सभी ग्रामवासियों का क्षेत्रवासियों में अद्भुत उमंग है। सहयोगी सुरेश दुबे, राम नरेश दुबे, व्यवस्थापक आनंद तिवारी, सुभाष तिवारी, राकेश तिवारी, देवबंधु तिवारी, अवधेश तिवारी व उमेश अग्निहोत्री, जगदीश प्रसाद शुक्ल, अंशुल तिवारी सभी का पूर्ण सहयोग मिल रहा है।

### टीडीएस और टीसीएस कटौती नियमानुसार कर अर्थदंड से बचें

**इटावा।** आयकर अधिनियमों के तहत स्त्रोत पर कटौती के संबंध में जानकारी के व्यापक प्रचार प्रसार के उदेश्य से आयकर विभाग (टीडीएस) आगरा के तत्वावधान में विकास भवन इटावा स्थित प्रेरणा सभागार में कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में विकास भवन के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आयकर के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए टीडीएस व टीसीएस के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। स्त्रोत पर आयकर की कटौती तथा स्त्रोत पर कर संग्रह के प्रावधानों का विशेष उल्लेख किया गया। आयकर अधिकारी सुनील सक्सेना ने जिले के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्धारित दरों पर टीडीएस व टीसीएस की कटौती किये जाने की जानकारी दी। उसे समय से सरकारी कोष में जमा कराने का अनुरोध किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने जिले के आहरण एवं वितरण अधिकारियों से आयकर के नियमों तथा टीडीएस व टीसीएस के प्रावधानों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा की।

# दो जगह आग लगने से गांव में मचा हाहाकार

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** खेत पर रखी झोपड़ी और कुछ दूरी पर एक घर के छप्पर में आग लग गई। विकराल आग की लपटें देख ग्रामीणों में हाहाकार मच गया। पुलिस व फायरब्रिगेड ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। गृहस्थी का सामान राख हो गया, बकरी के मेमना की मौत हो गई।

थाना भरथना क्षेत्र के गांव नगला मोहन अड्डा की मधु यादव ने बताया कि एक ग्रामीण के निधन पर पति गांव गये हुए थे,वह अपने दोनो बच्चों दीपांशी व अतुल के साथ घर पर अकेली थी। सोमवार रात 10 बजे उसके घर के पिछवाड़े पर रखा छुप्पर आग से घिर गया, आग की तेज रोशनी में देखा कि चार पांच लोग भाग रहे हैं जिन्हें पहचान लिया। आग बुझाए जाने तक छुप्पर में बंधी बकरियों के एक मेमने की जलकर मौत हो गई, जबकि कपड़े,बर्तन आदि गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया है।

- पुलिस, फायरब्रिगेड ने ग्रामीणों के साथ बुझाई आग

ग्रामीणों ने बताया कि पास में एक खेत पर रखी झोपड़ी में अचानक आग लग गई। यह आग भी कुछ लोगों ने लगाई, दो जगह आग लगने से पूरे गांव में आग फैलने की आशंका से हाहाकार मच गया। हम लोगों ने आग को फैलने नहीं दिया। पुलिस फायरब्रिगेड के आ जाने से आग पर काबू पाया गया। दरोगा बृजनन्दन ने बताया कि अग्नि पीड़ित दोनों पक्षों के मध्य भूमि विवाद चल रहा है,जिससे दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।

## हुजूर मोहददिस-ए-आजम कुल शरीफ का आयोजन

**इटावा।** मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हाजी मुईनुद्दीन उर्फ गुड्डू मंसूरी के वाह अड्डा स्थित आवास पर हुजूर मोहददिस-ए-आजम-ए हिन्द के कुल शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के उलेमा इकराम हाफिज व कारी और मस्जिदों के पेश इमामों ने शिरकतकर नात शरीफ वा मनकवत पेश की । वहीं मौलाना कमालुद्दीन अशरफी ने हुजूर मोहददिस-ए-आजम-ए हिन्द की हयाते जिंदगी पर रोशनी डाली। आए हुए मेहमानों का गुड्डू मंसूरी ने शाल ओढ़ाकर इस्तकबाल किया ।

कुल शरीफ के बाद वहां पर आए हुए सभी लोगों ने लंगर चखा इस मौके पर मौलाना जमालुद्दीन मौलाना जाहिद राजा ,मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी आदि रहे।

# सुरक्षा के बिना नहीं कर सकते शिक्षण कार्य

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ(एकजुट) का एक दिवसीय जनपदीय शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान सुदिति ग्लोबल एकेडमी में हुआ।

जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षा नीति तभी कामयाब होगी जब शिक्षक उसे जमीन पर उतारेगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने कहा कि जब तक शिक्षक शोषण मुक्त नहीं होता तब तक निश्चिंत होकर शिक्षण कार्य नहीं कर सकता । प्रदेश महामंत्री राजीव यादव ने कहा कि संघ का अंतिम उद्देश्य है अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण हो । प्रदेशीय प्रवक्ता श्रवण कुशवाहा ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ 13 मार्च को पूरे प्रदेश के शिक्षक लखनऊ शिक्षा निदेशालय का घेराव करेंगे । संगोष्ठी के पश्चात जनपद में श्रेष्ठ कार्य कर रहे प्रधानाचार्यों एवं उत्कृष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया गया ।


डीआईओएस मनोज कुमार को अभिनंदन पत्र भेंट करते शिक्षक। अमृत विचार

संगोष्ठी में संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव, प्रधान संरक्षक गुमान सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा, सोसल मीडिया प्रभारी प्रमोद पाल, बीडीओ उमेश यादव, मण्डल अध्यक्ष अटेवा अलीगढ़ दिनेश यादव आदि ने संबोधित किया । कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष रणविजय यादव एवं जिलामंत्री सुखराम आदिवंशी के कुशल नेतृत्व में संपन हुआ ।

इस मौके पर प्रेशीय आय व्यय निरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संयोजक अटेवा अजय यादव, प्रदेश संगठन मंत्री अटेवा डा भूरी सिंह, एवं विभिन्न जनपदों के पदाधिकारी सहित प्रबंधक सतीश कुमार, प्रधानाचार्य कमल कुमार, अतिवीर यादव, शिव प्रकाश तिवारी, प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद, अनुज प्रताप, मंजू भदौरिया, अमिता यादव, सुनीला यादव आदि रहे।

## दो से होंगी बोर्ड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं

**इटावा।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी से होनी है। उससे पहले प्रैक्टिकल परीक्षाएं कराई जानी है। यह परीक्षाएं दो फरवरी से शुरू हो जाएगी। स्थिति यह है कि पढ़ाई के दौरान लगातार प्रैक्टिकल होने चाहिए जबकि अलग-अलग कारणों के चलते लैब में प्रैक्टिकल उतनी संख्या में नहीं हो पाए जितने होने चाहिए थे। प्रधानाचार्यो का कहना है कि विद्यालयों में प्रैक्टिकल लैब को सजाकर परीक्षाओं के लिए तैयार कर लिया गया है। हाई स्कूल तथा इंटर के परीक्षर्थियों को यह प्रैक्टिकल परीक्षा देनी होती है। यदि साल भर नियमित रूप से प्रैक्टिकल चलते रहें तो परीक्षा के दौरान छात्रों को ज्यादा कठिनाई नहीं होगी लेकिन साल में कम दिनों ही प्रैक्टिकल होने के कारण प्रैक्टिकल परीक्षा देना काफी कठिन हो जाता है। हालांकि प्रैक्टिकल देने वाले छात्र इसके लिए तैयारी कर रहे है, लैब भी सज चुके हैं ।

पुनर्निर्माण — कालेश्वर मंदिर का भी जारी हैं कामकाज, मार्च तक बढ़ जायेंगी यात्री सुविधाएं भी

# तीन करोड़ से निखारा जा रहा भारेश्वर मंदिर

संवाददाता चकरनगर, इटावा

**अमृत विचार।** चंबल के बीहड़ और पर्यावरण के अलौकिक सौंदर्य के बीच पर्यटन के नक्शे पर जल्द कालेश्वर व भारेश्वर महादेव मंदिर चमकते नजर आएंगे। चंबल घाटी के प्रसिद्ध महाभारत कालीन ऐतिहासिक भारेश्वर महादेव मंदिर और कालेश्वर महादेव मंदिर को पर्यटन विभाग ने सौगात दी है। इन मंदिरों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 5 करोड़ रुपये की धनराशि से मंदिरों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। करीब 50 प्रतिशत काम पूरा भी हो चुका है। ऐसे में बचा काम जल्द पूरा कर मार्च तक दोनों मंदिर पर्यटन के नक्शे पर दर्ज होंगे।

तहसील क्षेत्र चकरनगर के ऐतिहासिक भारेश्वर मंदिर पर हर वर्ष शिवरात्रि पर लख्खी मेला लगता है। इसमें कई राज्यों से श्रद्धालुओं का आना होता है। सर्दियों में यमुना व चंबल के संगम पर विदेशी पक्षियों का कलरव सैलानियों को आकर्षित करता है। वहीं पचनद पर कालेश्वर महादेव मंदिर पर कार्तिक पूर्णिमा पर विशाल मेला लगता है। जिसमें स्थानीय भक्तों के अलावा अन्य प्रदेशों के लोग भी स्नान कर कालेश्वर महादेव के दर्शन को आते है। सावन माह में हर सोमवार को क्षेत्रीय भक्तों के साथ इटावा, औरैया, जालौन, झांसी, मैनपुरी, मध्य प्रदेश के भिण्ड, ग्वालियर, मुरैना से बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटती है। ऐतिहासिक महाभारत कालीन मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए बीहड़ क्षेत्र की जनता ने जनप्रतिनिधियों से कई बार मांग की। क्षेत्रीय जनता की मांग पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन विभाग से प्रसिद्ध भारेश्वर महादेव मंदिर को 2 करोड़ 95 लाख और कालेश्वर महादेव मंदिर को 2 करोड़ 4 लाख रुपये स्वीकृत कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश से मंदिरों का सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य के जरिये भव्य रूप दिया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जिसमें श्रद्धालु आवास, पुजारी आवास, महिला पुरुष सार्वजनिक शौचालय बनकर तैयार हो गए हैं।


भारेश्वर मंदिर में सौंदर्यीकरण के लिए होता कामकाज। अमृत विचार

### सुविधाओं व रोजगार को बढ़ावा

**चकरनगर।** दोनों मंदिरों के सौंदर्यीकरण के अलावा मंदिर के नीचे 125 मीटर रोका दीवार, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवास, पुजारी आवास, महिला पुरुष सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण होगा साथ ही यात्रियों की सुविधा को देखते हुए मंदिर के मार्गों का विस्तारीकरण और बैठने के लिए बेंचों आदि का निर्माण कराया जायेगा। दोनों प्रसिद्ध मंदिरों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने के बाद क्षेत्रीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। लोगों का मानना है कि पर्यटन स्थल बन जाने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी। जिससे क्षेत्र के लोगो के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत झिंगूपुर विकास खण्ड सैंफई-इटावा

पत्रांक: मेमो/निविदा विज्ञप्ति-ग्रा0पं0अ0/2023-24 दिनांक: 27.01.2024

**अल्पकालीन निर्माण सामग्री आपूर्ति विज्ञप्ति**

ग्राम पंचायत झिंगूपुर विकास खण्ड सैंफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु वि0ख0 सैंफई-इटावा के पंजीकृत सप्लायर / कॉन्ट्रैक्टरों से **निविदाये/टेण्डर** दिनाक 31.01.2024 से 02.02.2024 समय 2:00 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनाक 02.02.2024 को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 3:30 पर खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र दिनांक 31.01.2024 से 02.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में प्रातः 10:30 से 1:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं। आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से संम्बधित नियम/ नियमों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | योजना | कार्य का विवरण | अनुमानित सामग्री लागत | धरोहर धनराशि (2%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | मनरेगा | ग्राम पंचायत झिंगूपुर में खण्डंजा से सुदेश के घर तक इण्टर लॉकिग निर्माण कार्य। | 357966 | 7159 | 100 |
| 02 | मनरेगा | ग्राम पंचायत झिंगूपुर में सुरेन्द्र वीर के घर से प्रमोद के घर तक इण्टर लॉकिगं निर्माण कार्य। | 509198 | 10184 | 100 |
| 03 | मनरेगा | ग्राम पंचायत झिंगूपुर में दलबीर के घर से वी.के. के घर तक इण्टर लॉकिग निर्माण कार्य। | 405223 | 8104 | 100 |

ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत झिंगूपुर, विकास खण्ड सैंफई।

# जिला प्रभारी व जिलाध्यक्ष ने भाजपाइयों को दिए टिप्स

## पार्टी 4 फरवरी से 11 फरवरी तक प्रत्येक गांव तथा बूथ तक पहुंचकर करेगी जनसंवाद

कार्यालय, संवाददाता औरैया



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की गांव चलो अभियान कार्यशाला पार्टी कार्यालय तुर्कीपुर में आयोजित हुई। कार्यशाला को भाजपा जिला प्रभारी आनंद सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने सम्बोधित किया। गांव चलो अभियान के माध्यम से पार्टी 4 फरवरी से 11 फरवरी तक प्रत्येक गांव तथा बूथ तक पहुंचकर व्यापक जनसंवाद का अभियान चलाएगी। पार्टी कार्यकर्ता रात्रि प्रवास कर केन्द्र सरकार की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की योजनाओं तथा विकसित भारत का विजन लेकर चौपाल लगा कर चर्चा करेंगे।

कार्यशाला में जिला प्रभारी आनंद सिंह ने कहा कि जिन संकल्पों को लेकर भाजपा जनता के बीच पहुंची, सारे संकल्पों को डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया है। हमें गांव-गांव तक पहुंचकर घर-घर सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचानी है।

उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के साथ राष्ट्र की सुरक्षा व विश्व में भारत के बढ़ते हुए सम्मान से राष्ट्र का यशोगान लेकर गांव में सम्पर्क व संवाद किया जाएगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा गांव चलो अभियान में प्रत्येक प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे प्रवास करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर तथा नगरीय क्षेत्रों में बूथ स्तर पर प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। गांव में प्रवास के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सम्पर्क, बूथ समितियों तथा पन्ना प्रमुखों से संवाद, घर-घर सम्पर्क करते हुए सरकर की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करेंगे। कार्यशाला में आयुष्मान कार्ड के बनने की प्रकिया की विस्तार से जानकारी सीएमओ ऑफिस से आए डॉ ज्योतेंद मिश्रा ने दी।

संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं गांव चलो अभियान के जिला संयोजक विकास गौर, सह संयोजक रानी पोरवाल के अलावा जिला महामंत्री कौशल राजपूत,जिला महामंत्री धीरेंद्र गौर,जिला महामंत्री शिव सिंह भारतीय, सुधांशु पांडेय उर्फ ऋषि पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अनंग पाल सिंह ,प्रेम गुप्ता,चंद्रकांति मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मंजू सिंह चौहान,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी,यशवीर सिकरवार, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष माधव सिंह राजपूत, एस सी मोर्चा जिलाध्यक्ष बंटू राव दिवाकर,अवधेश शुक्ला, डॉ सर्वेश कठेरिया ,राहुल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तीन सभासदों ने थामा बीजेपी का दामन

कार्यालय, संवाददाता औरैया

● बोले-बीजेपी सरकार में सबका साथ सबका विकास

**अमृत विचार।** औरैया नगर पालिका के 3 सभासदों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। जिसके बाद उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में सब मुमकिन है और इस सरकार में सब काम अच्छा हो रहा है इसीलिए हम पार्टी के साथ में आए हैं।

औरैया नगर पालिका के तीन सभासद विनोद कुमार उर्फ कल्लू यादव सभासद वार्ड न 9 ठठराई, मुकेश कुशवाहा सभासद वार्ड न 7 नारायन पुर दक्षिणी, गुड़िया राजपूत पत्नी अरविंद राजपूत वार्ड न 14 भीखमपुर दक्षिणी में भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली से प्रभावित होकर बीजेपी जिला कार्यालय तुर्कीपुर में जिला प्रभारी आनंद सिंह,जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ,पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता चुन्नू भैया ,भाजपा जिला महामंत्री कौशल राजपूत,शिव सिंह भारतीय ,धीरेंद्र गौर ,औरैया नगर अध्यक्ष राम जी बाजपेई की उपस्थिति में भाजपा का दामन थाम लिया।

इस दौरान भाजपा जिला प्रभारी ,जिलाध्यक्ष ने कहा कि कुछ माह बाद लोकसभा के चुनाव होना है और इसीलिए हम लोग अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। हमारी सरकार से लोग काफी खुश हो रहे हैं और इसीलिए हमारी पार्टी में लोग शामिल हो रहे हैं। तीन सभासदों ने आज और इससे पहले तीन सभासदों ने पार्टी का दामन थाम लिया है।

## सार-संक्षेप



नहर पुल पर लगा जाम। अमृत विचार

### ट्रक आमने सामने फंसने से नहर पुल पर लगा जाम

**कंचौसी औरैया।** कंचौसी कस्बे में नहर के पुल का चौड़ीकरण न होने के कारण आए दिन जाम लगता रहता है। जाम लगने से मार्ग के दोनों ओर दो दर्जन से अधिक वाहन जाम में फंस गए। आने-जाने वाले राहगीरों सहित वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे नहरपुल पर लंबा जाम लग गया पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया। कस्बे के औरैया रसूलाबाद मुख्य मार्ग स्थित नहर के पुल का चौड़ीकरण न होने से आए दिन भीषण जाम की स्थिति रहती है। कस्बे के व्यापार मंडल सहित अनेक समाजसेवी कई बार जनप्रतिनिधियों सहित जिले के उच्च अधिकारियों से पुल चौड़ीकरण की मांग कर चुके हैं। छोटी नहर पुल का चौड़ीकरण हर बार कागजों तक ही सीमित रह जाता है। पुल संकरा होने से दो ट्रक आमने-सामने फंस गए जिससे सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। जिसके चलते मंगलवार को नहर पुल पर वाहनों से भीषण जाम लग गया। मौके पर कंचौसी चौकी इंचार्ज ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर जाम को खुलवाया करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा।



पीवीसी लाइन डालते विद्युतकर्मी। अमृत विचार

### पीवीसी लाइन डालने का काम शुरू

**ककोर औरैया।** औद्योगिक नगर दिबियापुर में पीवीसी लाइन डालने का काम तेजी से हो रहा है, जिससे आने वाली गर्मियों के मौसम में दिबियापुर की बिजली फाल्ट से राहत मिल सके। विभागीय सूत्रों से दिबियापुर में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की भी शिकायत मिल रही है। पीवीसी लाइन पड़ने से बिजली चोरी पर अंकुश लग सकेगा और नगर में बार-बार होने वाली लाइन फाल्ट से भी निजात मिलेगी। गर्मियों के समय फाल्ट होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। पीवीसी लाइन पड़ जाने से लाइन फाल्ट से समस्या कम हो जायेगी। दिबियापुर की अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह ने बताया पूरे नगर में पीवीसी लाइन डालने के बाद ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाएगी जिससे लोगों को समय-समय पर होने वाले फाल्ट से छुटकारा पाया जा सकेगा।

### विशाल अजगर दिखने से मचा हड़कंप

**अछल्दा औरैया।** अछल्दा क्षेत्र के बघुआ अड्डा गांव में एक खेत में दो विशाल अजगरों को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं युवाओं द्वारा साहस दिखाते हुए एक अजगर को पकड़ कर वन विभाग को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया, जबकि दूसरा अजगर नदी में जाने में कामयाब रहा। वन विभाग की टीम ने युवाओं द्वारा पकड़े गये विशाल अजगर को कब्जे में लेकर नदी में छोड़ दिया। मंगलवार की सुबह बघुआ अड्डा गांव के निवासी पिंटू यादव के खेत में दो अजगर आराम फरमा रहा थे। युवाओं के शोर मचाने पर दोनों अजगर दूर जाने लगे, तभी युवाओं ने एक को कंकर, पत्थर मारकर वहीं रोके रखा जबकि दूसरा नदी किनारे भाग गया। बाद में वन विभाग की टीम को बुलाया गया। कुछ देर में वन सिपाही वनकर्मी मौके पर पहुंचे और तकरीबन आठ फिट लंबे इस अजगर को वन कर्मियों ने कब्जे में किया। वनरक्षक गौरव मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर रेस्क्यू कर अजगर को नदी में छोड़ दिया गया है।



निकला अजगर। अमृत विचार

### ट्रैक्टर ले कर फरार हुए चोर

**एरवाकटरा, औरैया।** कस्बा ऐरवा कटरा सब्जी मंडी दोवा रोड दुर्गा मंदिर के समीप सोमवार की रात्रि को रोज की भांति खेतों में काम करने के बाद ट्रैक्टर खड़ा कर दिया गया था। सोमवार की रात में चोरों ने ट्रैक्टर में लगी मूंगफली बोने मशीन व टाइपलिंग को अलग कर दिया और खाली टैक्टर ले कर फरार हो गये। सुबह 4 :00 बजे कृषक राकेश कुमार ने देखा तो टैक्टर गायब मिला पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

कार्यालय, संवाददाता औरैया

● महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कुष्ठ के विरुद्ध शुरू किया 'आखिरी युद्ध'

● 13 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को जनपद की समस्त चिकित्सा इकाइयों पर एंटी लेप्रोसी डे (विश्व कुष्ठ निवारण दिवस) मनाया गया। इस दिवस को मनाने के साथ ही स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान की शुरुआत भी हुई। यह अभियान 13 फरवरी तक चलेगा।

50 शैय्या जिला संयुक्त चिकित्सालय स्थित जिला कुष्ठ रोग कार्यालय में विश्व कुष्ठ निवारण दिवस पर सर्वप्रथम जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. अजय कुमार ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण करके उनको याद किया एवं कुष्ठ रोग को ख़त्म करने की शपथ भी दिलाई। इसके साथ ही वहां उपस्थित समस्त कुष्ठ रोगियों को एमसीआर चप्पलों का वितरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि यह रोग कोई कलंक नहीं है, बल्कि दीर्घकालीन संक्रामक रोग है, जो माइक्रोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु से फैलता है। यदि कुष्ठ रोग की पहचान और उपचार शीघ्र न हो तो यह स्थाई विकलांगता का कारण बन जाता है।



कुष्ठरोग मिटाने की शपथ दिलाते डॉक्टर अजय कुमार। अमृत विचार

जिला कुष्ठ रोग अधिकारी ने बताया कि कुष्ठ रोग को लेकर आज भी समाज में तमाम तरह की भ्रांतियां हैं, जिसके कारण कुष्ठ रोगियों को भेदभाव का सामना करना पड़ता है। इन्हीं भ्रांतियों को दूर करने और कुष्ठ रोग के प्रति जनजागरुकता लाने के लिए 30 जनवरी को कुष्ठ निवारण दिवस मनाया जाता है। इन्हीं भ्रांतियों व भेदभाव के डर से लोग इस बीमारी को उजागर नहीं करते हैं। वैसे तो कुष्ठ रोग एक संक्रामक बीमारी है परंतु समय रहते इसका पता चल जाने और इलाज शुरू कर देने से इससे छुटकारा पाया जा सकता है।

जिला कुष्ठ रोग सलाहकार डॉ. विशाल अग्निहोत्री ने बताया कि वर्तमान में जनपद में 89 कुष्ठ रोगियों का इलाज़ चल रहा है। उन्होंने बताया की कुष्ठ निवारण दिवस के क्रम में जनपद की समस्त चिकित्सा इकाइयों पर कुल 49 एमसीआर चप्पलों का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी तक चलने वाले अभियान का उद्देश्य कुष्ठ के लक्षण युक्त मरीजों को खोजकर व पुष्टि कराकर जल्द से जल्द उनको दवा खिलाने की शुरुआत करना है जिससे मरीज को विकलांगता से बचाया जा सके।

### पॉसिबैसिलरी कुष्ठ रोग (पीबी)

जब किसी व्यक्ति की त्वचा पर लगभग एक से पांच घाव होते हैं और त्वचा के नमूनों में कोई बैक्टीरिया नहीं पाया जाता है। यह सबसे कम संक्रामक रूप है और इसे आगे ट्यूबरकुलॉइड (टीटी) और बॉर्डरलाइन ट्यूबरकुलॉइड (बीटी) में वर्गीकृत किया जाता है। यह छह से नौ माह के उपचार से ठीक हो जाता है।

### मल्टीबैसिलरी कुष्ठ रोग (एमबी)

जब किसी व्यक्ति की त्वचा पर पांच से अधिक घाव होते हैं और त्वचा के धब्बों या दोनों में बैक्टीरिया पाए जाते हैं। यह सबसे संक्रामक रूप है और इसे बॉर्डरलाइन (बीबी), बॉर्डरलाइन लेप्रोमेटस (बीएल) और लेप्रोमेटस (एलएल) में वर्गीकृत किया जाता है। इसमें नसें भी प्रभावित हो जाती हैं। इसका उपचार एक से डेढ़ साल चलता है।

# खेलते समय किशोरी को अटैक पड़ने से हुई मौत

कार्यालय, संवाददाता औरैया अमृत विचार। दिबियापुर में खेलते खेलते एक 12 साल की किशोरी को अटैक पड़ गया और वह मुंह के बल गिर गई। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

स्टेशन रोड ककराही बाजार निवासी संजय की 12 साल की बेटी परी छत पर खेल रही थी। अचानक ही उसकी हालत बिगड़ गई और वह मुंह के बल गिर पड़ी। साथ खेल रहे बच्चों ने परिजनों को बताया तो परिजन उसे बेसुध हालत में तुरंत सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद भी परिजन नहीं माने और उसे 100 सैय्या अस्पताल चिचोली लेकर गए यहां पर भी चिकित्सकों ने परी को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# वकीलों ने बार व बेंच के बीच समन्वय बनाने का दिया भरोसा

**बिधूना औरैया।** बिधूना तहसील के नवागंतुक उप जिलाधिकारी हरिश्चंद्र ने तहसील के अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर वादकारियों को न्याय सुलभ कराने के लिए बार और बेंच के बीच जहां तालमेल बनाए रखने को कहा।

अधिवक्ताओं ने भी बार बेंच के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने का भरोसा दिया। उन्होंने छोटी छोटी बातों को लेकर हड़ताल कार्य बहिष्कार आदि से भी बचने को कहा । कहा यदि कोई समस्या हो तो मिलबैठ कर उसका निराकरण किया जायेगा। उपजिलाधिकारी हरिश्चंद्र ने कहा कि बहुत जल्द पुनः अधिवक्ताओं के साथ बैठक की जाएगी।

उन्होंने कहा कि फरियादियों के मामलों के प्रार्थना पत्रों पर गुण दोष के आधार पर आदेश जारी होते रहेंगे। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने दाखिल खारिज विरासत आदि मामलों में लेखपालों के रवैए में सुधार किए जाने की बात कही।

# अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त

संवाददाता कंचौसी औरैया

**अमृत विचार।** भले ही चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जाता हो, लेकिन बिजली संकट ने सभी को बेहाल कर रखा है। ग्रामीण क्षेत्र क्या, नगर में ही बिजली आपूर्ति का हाल-बेहाल है। निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश के बाद भी अधिकारियों की मनमानी से नगरीय क्षेत्र में बिजली गुल होने से व्यापारिक क्षेत्र परेशान हैं। कभी काम के नाम पर तो कभी ओवरलोडिंग को लेकर रुक-रुक कर कई-कई घंटों की कटौती की जा रही है। दिन में लाइन शिफ्टिंग कार्य के समय 6 से 8 घंटे की कटौती ने विद्युत चलित उद्योग चौपट कर दिए हैं, जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। पानी के लिए लोगों को हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति की कटौती होने से बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र और छात्राओं को रात्रि में तैयारी करने में परेशानी हो रही है। ओवर लोडिंग से मशीने बंद होने से बिजली गुल हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों को आपूर्ति करने वाली एचटी लाइनें पुरानी जर्जर होने से आए दिन टूट कर आपूर्ति बाधित करती हैं। गांवों में बिजली गुल होने से नलकूप का संचालन नहीं हो पा रहा है।

अघोषित कटौती के बारे में एसडीओ अनुराग पांडेय का कहना है कि पनकी से बिजली कटौती की वजह से कटौती की जा रही है। जल्द ही आपूर्ति सुचारू रूप से होने लगेगी।

### 11 हज़ार लाइन टूटकर गिरी, हादसा टला

**अछल्दा औरैया।** अछल्दा उपकेंद्र से ग्वारी फीडर के लिए 11 हज़ार विद्युत सप्लाई के लिए गयी है। मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे मकरा गांव के पास बिधूना अछल्दा मार्ग के ऊपर से निकली 11000 लाइन अज्ञात कारणों से टूट गयी। लाइन टूट कर रोड के बीचोबीच गिर पड़ी। तभी अछल्दा की तरफ से बिधूना की तरफ जा रही एम्बुलेंस ने तार को बीच सड़क पर पड़ा देखकर गाड़ी के रोक दी। गाड़ी खड़ी होने पर पीछे से आ रही अन्य गाड़िया भी रुक गयीं। सूचना पर ग्वारी फीडर की विद्युत सप्लाई बंद कराई गई और तार को एक तरफ कर आवागमन चालू कराया गया। एसडीओ ऋषभ कुमार ने बताया कि सूचना पर लाइनमैन को भेज कर लाइन ठीक करा दी गयी है।

**समस्या** अन्ना पशुओं ने छीना किसानों का सुख-चैन, मौका मिलते ही चट कर जाते हैं लहलहाती फसल

# करोड़ों खर्च के बाद भी अन्ना मवेशियों से किसान परेशान

गोपाल कृष्ण मिश्रा, फफूंद/औरैया

**अमृत विचार।** औरैया जिले के ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायतों में लाखों रुपया गोशालाओं में खर्च होने के बावजूद भी मवेशी अन्ना घूम रहे हैं, जिससे किसान बहुत ज्यादा परेशान हो रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं। इस समय सभी ग्राम पंचायतों में गेहूं, सरसों, आलू, लाही की फसल खड़ी हुई हैं, जिन्हें अन्ना मवेशियों के चट कर जाने चिंता किसानों को सता रही है। वहीं किसान जी जान लगाकर और इस भयंकर सर्दी में भी रात रात भर जागकर फसलों की रखवाली करने में लगे हुए हैं।

**गांवों में घूम रहे हैं सैकड़ों अन्ना मवेशी:** क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग रात दिन एक करके सिर्फ अपनी फसलों को बेसहारा मवेशियों से बचाने में लगे रहते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी थोड़ी सी चूक होने पर पशु आकर फसलों को नष्ट कर देते हैं। जिससे हम लोगों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हम लोग दिन रात एक कर के अपने बच्चों का पालन पोषण हो सके इसके लिए अपनी फसलों को बचाने के लिए दिन-रात अपने खेतों में ही रहना पड़ता है। लेकिन थोड़ी सी नींद अगर लग जाती है उसी बीच में सैकड़ों अन्ना मवेशी फसलों को नष्ट कर देते हैं। इसलिए किसानों ने सरकार से मांग की है। कि वह जल्द से जल्द इन मवेशियों की उचित व्यवस्था करें जिससे किसानों की फसलें सुरक्षित बच सकें।



खेत में मौजूद अन्ना मवेशी। अमृत विचार



खेत में फसल चरते अन्ना मवेशी। अमृत विचार

### किसानों के तमाम प्रयास हो रहे विफल

किसान इन पशुओं से फसल बचाने के लिए खेत के चारों तरफ कटीले तार और खेत में कपड़े के पुतले लगा रहे हैं, मगर फिर भी अन्ना पशु उनकी फसलों को नष्ट कर रहे हैं। आर्थिक तंगी की वजह से कई किसान अपने खेतों में कटीले तार भी नहीं लगवा पाते हैं। यदि कोई किसान इन पशुओं को भगाने का प्रयास करता है तो पशुओं का झुंड उन पर भी हमला कर देता है। ऐसे कई मामले भी सामने आ चुके हैं, जहां पशुओं के हमले से एक-दो किसान घायल भी हो चुके हैं। खेतों में गेहूं, सरसों और अन्य फसलें खड़ी हुई है। किसान पहले ही प्राकृतिक आपदाओं की मार झेल रहा है। अब यह बेसहारा पशु किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं। प्रशासन से अनुरोध है कि खेतों में खड़ी फसल को पशुओं से बचाया जाए।

### लाखों खर्च के बावजूद भी खुला घूम रहे मवेशी

जिम्मेदारों ने बताया कि सरकार हर महीने इन गोशालाओं के लिए लाखों रुपये खर्च करती हैं। लेकिन इसके बावजूद भी गोशालाओं में खाने पीने की उचित व्यवस्था नहीं होती है। जिससे मवेशी भूख और प्यास से आए दिन गोशालाओं में दम तोड़ते रहते हैं। और इन गोशालाओं में आने वाला पैसा जिम्मेदार हजम कर जाते हैं। जिससे इन गोशालाओं में बंद मवेशियों को खाने पीने की उचित व्यवस्था नहीं हो पाती है। इसी कारण आए दिन मवेशी गोशाला में दम तोड़ते रहते हैं। और जिम्मेदार बेखबर बने रहते हैं लेकिन सरकार को चाहिए कि इन गोशालाओं की जांच कराकर खाने-पीने की पूरी उचित व्यवस्था मवेशियों के लिए कराए। जिससे मवेशियों को भरपेट खाना मिल सके और मवेशी गोशाला छोड़कर बाहर न जा सकें।

"हमारी इतनी अच्छी आर्थिक हालत नहीं है कि हम खेतों पर कटीले तार लगाकर बेसहारा पशुओं को रोकें। इसका कोई मुआवजा भी हमें नहीं मिलता।

– किसान-मेघसिंह निवासी डेरा जैतपुर

बेसहारा पशुओं के कारण भारी नुकसान झेलना पड़ता है। यह पशु फसलों को खा जाते हैं, जिससे भारी नुकसान भुगतना पड़ता है।

-किसान हेतराम राजपूत मखानपुर"

### किसानों का दर्द भी समझे सरकार

किसानों ने सरकार से गुहार लगाई है कि किसानों का दर्द सरकार समझे और इन बेसहारा मवेशियों की उचित व्यवस्था कराएं जिससे किसानों की फसलें बच सके। किसानों ने सरकार से मांग की है कि जो भी बेसहारा मवेशी इधर-उधर घूम रहे हैं। उनको जल्द से जल्द सरकार गोशालाओं में बंद कराये जिससे किसानों की फसलें बच सकें। अगर कहीं ज्यादा मवेशी नजर आए तो सरकार जिम्मेदारों पर कड़ा एक्शन ले तभी शायद इन बेसहारा मवेशियों से किसानों को राहत मिलेगी।

### प्रधान व सचिवों सहित अधिकारी भी बने लापरवाह

ग्रामीणों की माने तो गोशालाओं की देख रेख से लेकर सभी कार्यो में ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिवों सहित बीडीओ की प्रमुख जिम्मेदारी होती है। और इन्ही लोगों की देखरेख में पशु आश्रय केंद्रों की देखरेख भी होती है। वहीं कभी कभी एसडीएम भी पहुंच जाती है निरीक्षण करने लेकिन ग्रामीणों को इन सब बातों का बहुत कम पता चल पाता कि गोशाला का निरीक्षण करने कब कौन अधिकारी आया। लिहाजा सभी कार्य प्रधान व सचिव के चिर परिचित लोग ही वहां पर उपस्थित होते है भला ऐसी सूरत में सच्चाई कैसे उजागर हो सकती है।

# अब कक्षा दो तक के बच्चों को अंक की जगह मिलेगा स्टार

संवाददाता ककोर, औरैया

● बच्चों के बर्ताव का ब्योरा भी समग्र रिपोर्ट कार्ड में होगा दर्ज

**अमृत विचार।** जिले की प्राथमिक विद्यालय में अब कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों को मार्कशीट नहीं दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने अब उन्हें स्टार अंक देने का प्लान बनाया है।

वहीं कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के रिपोर्ट कार्ड पर विषयों के मूल्यांकन के साथ ही बच्चों के व्यवहार का आकलन भी देखने को मिलेगा। परिषदीय विद्यालयों ने कक्षा एक से आठ तक के बच्चों का समग्र प्रगति कार्ड तैयार किया है। जिसमें बच्चे की विषय में दक्षता के साथ ही छात्र की आयु, लंबाई, वजन के अलावा बच्चे का स्कूल और घर में व्यवहार को भी दर्शाया जाएगा।

समग्र प्रगति कार्ड को राज्य शैक्षिक अनुसंधान केन्द्र ने तैयार किया है। जिसे नए सत्र से परिषदीय विद्यालयों में लागू कराएंगे। राज्य संदर्भ समूह सदस्य सुनील दत्त राजपूत ने बताया कि समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड में कक्षा एक से दो तक के छात्रों के अंक की जगह स्टार दिए जाएंगे। साथ ही स्वच्छता, कलात्मक अभिरूचि, व्यवहार का आकलन भी होगा। वहीं कक्षा तीन से आठ तक हिन्दी, गणित, अंग्रेजी के साथ पर्यावरण अध्ययन, सामाजिक विषय एवं विज्ञान आधार पर आकलन होगा। तार्किक क्षमता, अभिरूचि, व्यवहार, कौशल का आकलन होगा। अब कक्षा 2 तक के बच्चों को अंक के स्थान पर स्टार प्रदान करने से छात्रों में अवसाद से ग्रसित होने स्थिति से बचा जा सकेगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत जलालपुर, विकास खण्ड- बिधूना, जनपद औरैया**

पत्रांक: केन्द्रीय वित्त/राज्यवित्त/मनरेगा/ग्राम पंचायत/2023-24 दिनांक: 30 जनवरी 2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

**विभिन्न/एक फर्म द्वारा माल आपूर्ति विवरण**

विकास खण्ड बिधूना की ग्राम पंचायत जलालपुर के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 केन्द्रीय वित्त/राज्यवित्त / मनरेगा / ग्राम पंचायत के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य प्रयोगार्थ निर्माण सामग्री स्थानीय आयकर में पंजीकृत जीएसटी धारक निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मों ईंट विक्रेताओं/सप्लायर्स से (ईट,सीमेन्ट, मौरंग, बालू पत्थर, गिट्टी, लोहा, सरिया, इण्टरलांकिंग ईट, रंग, इलेक्ट्रीकल / इलेक्ट्रोनिक आदि) सामग्री आपूर्ति हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा दिनाक 03.02.2024- अपरान्हन 2 बजे तक सीलबन्द निविदा/ टेण्डर आमन्त्रित किये जाते है। जो उसी दिन अपराहन 3 बजे ग्राम पंचायत जलालपुर द्वारा गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 31.01.2024 से 02.02.2024 किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से अपराहन बजे तक ग्राम पंचायत बरौली में निविदा प्रपत्र 100.00रु0 देकर प्राप्त किये जा सकेंगें।।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | माप | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्राम पंचायत जलालपुर के मजरा डभारी में अवधेश सिंह के मकान से उमेश पाल के सामने पुलीया तक इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त/राज्यवित्त / मनरेगा | 40 मी0 | 2.35 लाख | 100.00 |

नियम व शर्ते- 1. निविदाकर्ता कार्यालय में निविदा सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर सकते है। पूर्ण सन्तुष्ट होने पर ही टेन्डर डालें। ।2. कार्य की मात्रा एवं लागत मौके की परिस्थितियों के अनुसार घट बढ़ सकती है।3. कार्य धन उपलब्ध होने की दशा में कराये जायेंगे।

**प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

ग्राम पंचायत जलालपुर, वि0ख0 बिधूना जनपद औरैया

## एक नजर

### अब पहली तारीख तक मिल जाएगा संविदा कर्मियों को वेतन

अमृत विचार, लखनऊ : अब प्रत्येक माह की एक तारीख तक संविदा बिजली कर्मियों का वेतन का भुगतान किया जाएगा। पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने इस सिलसिले में सभी वितरण कंपनियों को निर्देश जारी किया है। कॉरपोरेशन के निर्देश के बाद वितरण कंपनियों ने भी मुख्य अभियंताओं को निर्देश जारी कर आउटसोर्स एजेंसियों को निर्देश सुनिश्चित कराने को कहा है। कॉरपोरेशन के निर्देश में कहा गया है कि वितरण कंपनियों की ओर से हर हाल में महीने की 25 तारीख तक आउटसोर्स एजेंसियों को धनराशि अवमुक्त की जाए। माह के अंत तक आउससोर्स एजेंसियां आउटसोर्स कर्मियों के बैंक खाते में वेतन की धनराशि स्थानांतरित करें। आगामी माह की चार तारीख तक आउससोर्स एजेंसियां संविदा कर्मियों के ईपीएफ आदि अंशदान का भुगतान सुनिश्चित करेंगी।

# महिलाओं को रोजगार देने में बरेली अव्वल, लखनऊ पीछे

## आजीविका का दावा पर स्वयं सहायता समूहों को एनआरएलएम के तहत नहीं बांट पाए ऋण

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**एक्सक्लूसिव**

- सीएम डैशबोर्ड में अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत शीर्ष पांच में शामिल
- लखनऊ 38वें स्थान पर आकर डी ग्रेड में

**अमृत विचार :** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत प्रदेश में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए गठित स्वयं सहायता समूह खोखले साबित हुए। मिशन ने महिला समूहों का गठन तो खूब किया, लेकिन उन्हें चलाने के लिए बैंकों से ऋण नहीं दिला पाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर तक बात करें तो समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज यानी ऋण दिलाने में बरेली पहले स्थान पर है। जबकि अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत भी टॉप-5 में हैं। लेकिन राजधानी लखनऊ 38वें स्थान पर है। यह प्रगति मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से सामने आई है। जो पारदर्शिता के साथ मिशन के कार्य और लापरवाही बता रही है। दिसंबर में राजधानी को खराब प्रगति पर डी ग्रेड श्रेणी में रखा गया है। यहां 2892 समूह को क्रेडिट लिंकेज कराने का लक्ष्य था जिसमें 1,147 समूह का लक्ष्य ही हासिल हुआ। इससे जिले की प्रगति 39.66 प्रतिशत है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि यह कार्य जिले के हैं। वहां के अधिकारियों को ही प्रगति सुधारनी है।

**टॉप जिलों का प्रतिशत**

| जिला | प्रतिशत |
|---|---|
| बरेली | - 96.74 |
| अंबेडकर नगर | - 89.98 |
| बलिया | - 87.36 |
| मथुरा | - 83.56 |
| बागपत | - 78.42 |

**फिसड्डी जिलों का प्रतिशत**

| जिला | प्रतिशत |
|---|---|
| गोंडा | - 10.3 |
| सीतापुर | - 10.91 |
| बाराबंकी | - 11.80 |
| संभल | - 11.92 |
| हमीरपुर | - 11.96 |

### गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर फिसड्डी

स्वयं सहायता समूहों का गठन करना और उन्हें ऋण दिलाने का कार्य बरेली, अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत ने बेहतर किया है। इससे इन जिलों को टॉप-5 पर रखा गया है। जबकि सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर सबसे खराब प्रगति पर नीचे रखे गए हैं। इनके अलावा अन्य जिलों की भी प्रगति बेहद खराब है। लखनऊ की खराब प्रगति का जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने संज्ञान लिया है और बुधवार को बैठक रखी है। मिशन इस खराब प्रगति का कारण नवंबर से चल रही कर्मियों की हड़ताल बता रहा है। तो वहीं बैंकों द्वारा रुचि न लेने का भी हवाला दिया जा रहा है।

### नहीं चल रही विभागों की आंकड़ेबाजी

दरअसल, इस वर्ष मुख्यमंत्री डैशबोर्ड लागू हुआ था। इसमें विभागों द्वारा लक्ष्य पूर्ति आदि की प्रगति ऑनलाइन फीड की जाती है। डैशबोर्ड विभागों की वेबसाइट के साथ शासन से लिंक है। इसलिए इसमें प्रगति के फर्जी आंकड़े या फिर एडवांस विभाग नहीं भर पा रहे हैं। जो नीचे कुछ और ऊपर कुछ भेजते थे। इसलिए ज्यादातर विभागों की सही प्रगति अब सामने आ रही है।

# फरवरी में ही कराने होंगे 57 हजार जोड़ों के विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फरवरी अंतिम या मार्च प्रथम सप्ताह में लग सकती है लोस चुनाव की आचार संहिता

**अमृत विचार :** प्रदेश के 75 जिलों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लक्ष्य फरवरी में ही हासिल करना होगा। मार्च के प्रथम सप्ताह में आचार संहिता लगने की संभावना है। अभी तक प्रदेश में 1 लाख 22 हजार जोड़ों ने विवाह के लिए आवेदन किया है और 65 हजार का विवाह कराया जा चुका है।

बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जाता है। एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। दाम्पत्य जीवन की खुशहाली एवं गृहस्थी के लिए 35 हजार रुपये कन्या के खाते में डाले जाते हैं। जबकि शेष राशि आयोजन पर खर्च की जाती है। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभी तक 65 हजार से अधिक जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। जबकि 57 हजार जोड़ों का विवाह इस माह ही कराने की तैयारी है, क्योंकि फरवरी के अंतिम सप्ताह में या मार्च के प्रथम सप्ताह में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लग सकती है।

# फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही पर योगी सख्त

## क्षतिग्रस्त फसलों के दोबारा सत्यापन में ढिलाई पर जताई नाराजगी, 17 जिलों के एडीएम से मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद अधिकारियों ने वंचित किसानों का फिर से सर्वे कराकर शासन से की है बजट की मांग



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्ती दिखाई है। योगी ने क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिये हैं।

दरअसल, बीते दिनों मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में पाया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हजारों किसानों को डाटा फीडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं किया जा सका। उन्होंने दोबारा सत्यापन करा मुआवजे से वंचित किसानों को सहायता राशि देने के निर्देश दिये थे। इस निर्देश के बाद भी कई जिलों के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों का सर्वे नहीं कराया। इसकी वजह से समय से किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका।

मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद हरकत में आए अधिकारियों ने अपने-अपने जिले में मुआवजे से वंचित किसानों का दोबारा सर्वे कराकर शासन से बजट की मांग की है। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि जिलों से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा देने के लिए मांग के अनुसार धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अभी तक 35 करोड़ से अधिक की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों को जल्द से जल्द मुआवजे से छुटे किसानों का सत्यापन कराकर धनराशि की मांग करने के निर्देश दिये गये हैं ताकि कोई भी किसान इससे वंचित न रह जाए।

सभी जिलों से जवाब मिलते ही रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। बाद में आगे की कार्रवाई की जाएगी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों को मुआवजा धनराशि सर्वे के 24 घंटे में डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी जा रही है।

### इन जिलों के जिम्मेदारों को किया तलब

अपर मुख्य सचिव राजस्व ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 17 जिलों के एडीएम एफआर से लापरवाही पर जवाब तलब किया गया है। इनमें अलीगढ़, हाथरस, बाराबंकी, मऊ, बरेली, बदायूं, अंबेडकरनगर, शाहजहांपुर, महोबा, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, झांसी, ललितपुर, गाजियाबाद, बिजनौर और कौशांबी के एडीएम एफआर शामिल हैं। सभी एडीएम को एक हफ्ते में अपना जवाब शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

### प्रभावित किसानों को दी धनराशि

साल 2021-22 में उप्र. के 75 जिलों के क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित 13,97,480 से अधिक किसानों को 5,08,31,80,715 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी गई। वहीं साल 2022-23 में 10,44,387 से अधिक किसानों को 4,25,22,41,276 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी गई, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनवरी तक 1,87,845 से अधिक किसानों को 80,88,68,299 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि वितरित की जा चुकी है।

# यूपी की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार

- सूचना निदेशक को नई दिल्ली में प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न




नई दिल्ली में पुरस्कार प्राप्त करते उप्र सूचना विभाग के निदेशक शिशिर, साथ में अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस परेड में 'विकसित भारत-समृद्ध विरासत' की थीम पर सजाई गई प्रदेश की मनोरम झांकी ने दूसरा स्थान हासिल किया है। उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक शिशिर को भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया। हालांकि जबकि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की झांकी ने पहला पुरस्कार जीता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास पथ पर तेजी से दौड़ रहे प्रदेश की सजाई गई झांकी ने इसबार सबका मन मोह लिया था। इसीलिए पीपुल्स च्वॉइस के आधार पर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। 26 जनवरी को 16 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के साथ ही 9 अलग-अलग मंत्रालयों व विभागों की कुल 25 झांकियां निकली थीं। लेकिन जनता ने जब वोटिंग की तो, उप्र काफी आगे निकल गया।

मंगलवार को नई दिल्ली में पुरस्कार पाने के बाद निदेशक शिशिर ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की थीम पर सजाई गई प्रदेश की इस झांकी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही रैपिड रेल, ब्रह्मोस मिसाइल के प्रदर्शन तकनीक के साथ ही आत्मनिर्भर होते प्रदेश की झलक पेश कर रहा था।

### लगातार 5वें वर्ष मिला सम्मान

प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है। गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षक झांकी के लिए लगातार पांचवें वर्ष सम्मानित किया गया। 2020 में यूपी की झांकी को द्वितीय, 2021 व 2022 में प्रथम पुरस्कार मिला था। 2023 में पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय व तृतीय पुरस्कार यूपी के खाते में आया। वहीं 2024 में भी पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में उत्तर प्रदेश की झांकी दूसरे स्थान पर रही।

# मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना की गाइडलाइन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जीएसटीआईएन व टीईएन नंबर वाले उद्यमी योजना का लाभ नहीं ले सकते

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सूक्ष्म दुर्घटना बीमा योजना की नियमावली जारी कर दी गई है। जीएसटीआईएन/टीईएन नंबर वाले उद्यमी योजना का लाभ नहीं ले सकते। साथ ही, 18 से 60 वर्ष आयु के उद्यमी ही ऑनलाइन पंजीकरण कराने के लिए पात्र होंगे।

बीते 21 अगस्त 23 को विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना शुरू की थी। योजना के अंतर्गत पांच करोड़ रुपये से कम पूंजी और 40 लाख रुपये से कम टर्नओवर वाले छोटे उद्यमियों को पांच लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर मुहैया कराया जाएगा। इस श्रेणी के प्रदेश में 90 लाख एमएसएमई हैं, जो भारत के सभी राज्यों में प्रथम स्थान पर हैं। भारत की कुल एमएसएमई संख्या 6.33 करोड़ में प्रदेश का हिस्सा लगभग 14 प्रतिशत है। प्रदेश के कुल औद्योगिक उत्पादन में एमएसएमई क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 60 फीसदी है।

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत जीएसटीआईएन व टीआईएन लेने वाले उद्यमी इस योजना का लाभ नहीं उठा सकेंगे। एमएसएमई विभाग ने इस संबंध में जारी शासनादेश में कहा है कि विभागीय पोर्टल msme.up.gov.in पर 18 से 60 वर्ष के एमएसएमई उद्यमी ऑनलाइन आवेदन करेंगे। योजना के प्रथम वर्ष में ऐसे सूक्ष्म उद्यमी जो 14 अगस्त 2023 तक उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकृत हैं, और जीएसटी विभाग द्वारा संचालित बीमा योजना से आच्छादित नहीं हैं, वही उद्यमी दुर्घटना होने की स्थिति में पात्र माने जाएंगे। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से योजना संचालित होगी। उद्यमी द्वारा पोर्टल पर आवेदन के साथ 10 रुपये के स्टांप पेपर पर तय प्रारूप पर ब्यौरा देना होगा। इसमें बताना होगा कि उद्यमी वास्तविक रूप से उत्पादन अथवा सेवा क्षेत्र में कार्यरत है। साथ ही राज्य सरकार की किसी अन्य दुर्घटना बीमा से आच्छादित नहीं है।

# आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण आवश्यक है। भाजपा आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है। वह संविधान को भी बदलना चाहती है। 2024 के बाद लोकतंत्र पर खतरा है। भाजपा जनता को धोखा दे रही है। हालात अच्छे नहीं है। ये विचार समाजवादी पार्टी मुख्यालय के लोहिया सभागार में में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को व्यक्त किए।

अखिलेश ने अपने कार्यकर्ताओं को चेताया कि सन 2022 का परिणाम सबको निगाह में रखना चाहिए। जनता ने तो सपा के पक्ष में फैसला कर लिया था, लेकिन प्रशासनिक धांधली कर मतदाता सूची में गड़बड़ी करके जनता के निर्णय से खिलवाड़ किया गया। हमें इसलिए हर स्तर पर 2024 के चुनाव को गम्भीरता से लेना है।

### सपा प्रमुख ने राष्ट्रपिता को किया याद

**लखनऊ :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सपा के राज्य मुख्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता के रास्ते पर चलने और उनके सपनों को पूरा करने का हमें संकल्प लेना है।

## प्रशिक्षु अधिकारियों को मुख्य सचिव ने समझाई जिम्मेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) 2021 बैच के 47 प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें समानता के सिद्धांतों को कायम रखते हुए पक्षपात या भेदभाव के बिना कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को उनकी पृष्ठभूमि या संबद्धता की परवाह किए बिना समान अवसर देकर और उचित व्यवहार करके उनमें शासन के प्रति विश्वास जगाना होगा। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा के अधिकारियों की एक अहम जिम्मेदारी होती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों मिले, उनके जीवन में किस प्रकार से बदलाव लाया जाय, इस दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य करना होगा।

## विपक्षी भी मोदी की सरकार बनाने में कर रहे सहयोग : राजभर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को कहा है कि विपक्ष भी केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने में सहयोग कर रहा है। कुछ नेता करीब आकर तो कुछ नेता दूर से ही सहयोग करने में जुटे हैं। नीतीश कुमार एनडीए में आकर अब करीब से साथ दे रहे हैं तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी दूर से ही सहयोग कर रहे हैं।

पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में राजभर ने सवाल किया कि दिनभर भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करने वाले अखिलेश भाजपा के बड़े नेताओं के पास गुलदस्ता लेकर क्यों जाते हैं? सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के बारे में राजभर ने कहा कि वह इस समय दुखी हैं। क्योंकि, उनके हिसाब से सपा नहीं चल रही है। वहीं सुभासपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने यहां कहा, पश्चिमी उप्र. में राजभर की सभाओं में उमड़ रही भीड़ को देख अखिलेश घबरा गए हैं।

## वर्ग पहेली-328

**बाएं से दाएं**

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।
5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।
6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी
7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।
8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।
2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक
3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का शृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।




### वर्ग पहेली - 327 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हु | 2 मा | यूँ | ■ | ■ | 3 शि |
| ■ | यू | ■ | 4 जी | ■ | ली |
| ■ | 5 स | रा | व | गी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | लो | ■ | ■ |
| ■ | 6 घ | 7 म | क | ना | ■ |
| ■ | ■ | सू | ■ | ■ | 8 थो |
| 9 ओ | गा | र | ना | ■ | ड़ा |

## सुडोकू-45

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 8 | | |
| | | 1 | 5 | | | | | 7 |
| | 3 | | | 8 | | 9 | | 4 |
| | | 5 | 2 | | | 7 | | 8 |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| 2 | | 9 | | | 6 | 1 | | |
| 7 | | 3 | | 9 | | | 8 | |
| | | | | | 1 | 5 | | |
| | | 6 | | | | 3 | | |

### सुडोकू - 44 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 9 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 11.36 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** - आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

**वृष** - आज दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मिथुन** - आज कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें। किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। अप्रत्यक्ष रूप से आपके दुश्मन खड़े हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कर्क** - आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारंभिक हिस्सा आपके लिए बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

**सिंह** - आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर अधीर न रहें। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपके द्वारा बोले गए वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

**कन्या** - आज आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक होगा। नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसके लिए अपना टीम मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें।

**तुला** - आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। बाधाओं के साथ काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारी की डांट खानी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** - आज इंटरनेट के माध्यम से कुछ सीखने-पढ़ने का प्रयास करेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

**धनु** - आज सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। एकांतवास में रहने से मन हल्का होगा। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

**मकर** - आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। गुप्त प्रेम संबंधों के खुलने का भय हो सकता है। तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है।

**कुंभ** - आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

**मीन** - आज भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। विवाहेतर संबंधों को यथासंभव टालने का प्रयास करें। आपको पर्याप्त मात्रा में नींद लेनी चाहिए। जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। बिजनेस के नए अवसर मिल सकते हैं।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.58-12.42 तक। दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-हस्त 1 फरवरी 01.08 तक तत्पश्चात चित्रा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.00
- रंग — रात : 07.00

**Sony Max**
- सेटर्स — सुबह : 10.46
- केजीएफ : चेप्टर 2 — रात : 09.02

**Sony Pix**
- मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 09.54
- स्पाइडर मैन 2 — रात : 08.45

**Zee Cinema**
- आवारापन — सुबह : 10.30
- रावणासुर — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- दस — सुबह : 09.53
- मोतीचूर चकनाचूर — रात : 10.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-09.02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई।
लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

# मतदाता बनने के लिए ऑनलाइन भी भर सकते हैं फॉर्म : जिलाधिकारी

## डीएम ने राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों के साथ बैठक कर दी जानकारियां

कार्यालय, संवाददाता औरैया



डीएम के साथ बैठक करते राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार**। जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में निर्वाचन आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के उपरांत प्रकाशित मतदाता सूची का भली भांति अध्ययन कर मतदाता सूची में निर्धारित तिथि में अर्हता पूर्ण करने वाले मतदाता बनने से छूटे मतदाताओं के नाम जुड़वाने, मृतक/ गलत नाम को हटाने तथा मतदाता बनने से छूटे दिव्यांग को जुड़वाएं इसके लिए निर्धारित प्रपत्र अथवा ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया का भी उपयोग कर सकते हैं।

अपर जिला मजिस्ट्रेट/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्रपाल सिंह ने बैठक के दौरान प्रतिनिधियों को अवगत कराया है कि जनपद में मतदाता बनने तथा मतदान की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु एवं मतदान के प्रति जागरुकता लाये जाने के उद्देश्य से दो एलईडी वैन के द्वारा 23 फरवरी 2024 तक तहसीलवार प्रत्येक बूथ पर जागरुकता कार्यक्रम किया जा रहा है जिसके द्वारा आमजन मतदान की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकता हैं ईवीएम संचालन तथा वीवीपैट में निकलने वाली पर्ची आदि को भी जांच सकता हैं।

उन्होंने कहा कि बीएलए के माध्यम से निर्धारित बूथ पर तैनात बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ने अथवा हटाए जाने संबंधी प्रपत्र पूर्ण प्रक्रियाओं के साथ उपलब्ध करा दें जिससे उनके संबंध में समय रहते नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर तथा ककोर मुख्यालय एवं एलईडी वैन पर एक-एक सेट कुल 06 ईवीएम मशीन का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 202 बिधूना में 287 मतदान केंद्र तथा 404 मतदेय स्थल, विधानसभा क्षेत्र 203 दिबियापुर में 289 मतदान केंद्र तथा 361 मतदेय स्थल एवं 204 औरैया विधानसभा क्षेत्र में 281 मतदान केंद्र तथा 374 मतदेय स्थल हैं। उन्होंने बताया कि अब तक जेंडर रेशियो 837 है तथा ईपी रेशियो 62.55 प्रतिशत है।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष शिववीर दुबे, सपा प्रतिनिधि राजकुमार सहित अन्य पार्टी के प्रतिनिधि व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## डीसीएम व ट्रैक्टर की भिड़ंत में डीसीएम चालक हुआ घायल

**औरैया**। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर स्थिति मधुवन ढाबा के पास अचानक ट्रैक्टर सामने आ जाने के चलते आगे जा रहे ट्रक के ब्रेक ले लेने के चलते डीसीएम और ट्रैक्टर की भिड़ंत हो गयी जिसमें डीसीएम चालक बुरी तरह घायल हो गया जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।

प्रताप सिंह पुत्र मोहनलाल निवासी गॉव दौलतपुर थाना फतेहाबाद हरियाणा अपने साथी हेल्पर महेल सिंह निवासी फतियाबाद भटिंडा के साथ पंजाब से डीसीएम में प्लास्टिक का दाना लादकर कानपुर जा रहा था। मंगलवार की शाम जैसे ही डीसीएम कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर स्थिति मधुबन ढावा के सामने पहुचा तभी आगे जा रहे ट्रक के सामने अचानक ट्रैक्टर आ गया जिससे उसने ब्रेक ले लिये जिसके चलते डीसीएम और ट्रैक्टर आपस में भिड़ गये । जिसमें डीसीएम चालक बुरी तरह घायल हो गया। तथा हाईवे का संचालन बाधित हो गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल चालक प्रताप सिंह को सीएचसी अजीतमल में भर्ती कराया। वहीं मौके पर पहुंचे कोतवाल राजकुमार ने हाईड्रा की मदद से डीसीएम और ट्रैक्टर को हाईवे के किनारे करवाकर हाईवे का संचालन शुरू कराया।



भगवान नेमिनाथ की बारात में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

# भक्तों ने निकाली प्रभु नेमिनाथ की बारात

**जसवंतनगर, इटावा**। आचार्य आदित्य सागर महाराज के सानिध्य में जसवंतनगर में चल रहे पंचकल्याणक महा महोत्सव के तृतीय दिन मंगलवार को प्रातः काल अभिषेक शांति धारा नित्य नियम मंडल विधान जप अनुष्ठान पश्चात प्रभु नेमिनाथ की शोभायात्रा निकाली गई।

बारात सिटी प्लाजा मार्केट से प्रारंभ होकर छोटा चौराहा कैला मैया रोड होते हुए महावीर वाटिका में पहुंची। बारात में नेमी कुमार के बाराती सैकड़ों की तादाद में फिल्मी गीतों की धुनों पर थिरकते रहे। नेमि कुमार बने प्रांशु जैन पारस का पुष्प हार पहनाकर जगह-जगह स्वागत किया गया। बारात में भगवानश्री कृष्ण डॉ आशीष जैन और बलराम नितिन जैन शानू पात्र के रूप में विशाल बग्घियों पर विराजित थे। 32 हजार मुकुट बद्ध राजाओं द्वारा नेमि कुमार का राज्याभिषेक हुआ।

आचार्य गुरुदेव ने अपने प्रवचन के माध्यम से उपस्थित धर्म सभा को बतलाया कि भगवान नेमिनाथ और श्री कृष्णा आपस में चचेरे भाई थे । नारायण श्री कृष्ण की आयु 1200 वर्ष थी और नेमि कुमार की आयु 1000 वर्ष थी। इस अवसर पर प्रभु नेमिनाथ के माता-पिता दिनेश चंद आशा जैन दिल्ली सौधर्म इंद्र प्रखर जैन अंजलि जैन, कुबेर इंद्र शुभम हर्षित जैन दिल्ली, महायज्ञ नायक राजकमल, मनीषा जैन, ईशान इंद्र राजेश, सुषमा जैन माहेंद्र, महेंद्र कुमार, सरोज जैन, सानत , नलिन, कल्पना जैन, मुक्तेश जैन, अनिल लता जैन, सचिन सुरभि जैन,चंद्र मोहन शिखा आदि रहे।

## महात्मा गांधी नाम नहीं विचार धारा हैं

**इटावा**। कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें उन्हें नमन करते हुए पार्टी कार्यालय पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। साथ ही नुमाइश मैदान में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। ब्लॉक में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भी समापन किया गया।

जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक नाम ही नहीं एक विचारधारा है। शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा,कमला वर्मा,संजय दोहरे, सरवर अली,सरवरी बेगम आसिफ जादरान, सचिन संखवार, सूर्य शंकर दीक्षित,लालमन बाथम महेश कटारे,मनोज दीक्षित, यशपाल यादव, कुलदीप तिवारी आदि लोगों उपस्थित रहे।

वहीं सपा नेताओं ने भी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सपा कार्यालय पर गांधी जी के चित्र पर पुष्पमाला पहनकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर सपा जिला उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, उत्तम सिंह प्रजापति, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, सपा जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव, महिला सभा की अध्यक्ष सीमा यादव, राम बेटी गोयल आदि रहीं।

## एक नजर

### आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव आज

**इटावा**। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 31 जनवरी को सुबह 10 बजे से अप्रैंटिसशिप ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें टीवीएस प्रा लि कंपनी प्रतिभाग करेगी। अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षिक प्रमाणपत्रों के साथ ड्राइव में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रधानाचार्य डा राजकुमार यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम सांय 5 बजे तक चलेगा।

### देवर-भाभी को पीटकर किया घायल

**बकेवर, इटावा**। थाना क्षेत्र में कस्बा निवाड़ीकला की रहने वाली सुनीता पत्नी शुभम कठेरिया ने थाने में बताया कि उसका देवर संतोष कुमार सोमवार को दरवाजे पर बैठा था, तभी पड़ोस के ही सौरभ व गौरव, राज कमल व देव कमल दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगे। संतोष ने विरोध किया तो लाठी डंडों से मारपीट करने लगे, चीखपुकार सुनकर बचाने गई तो मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल देवर भाभी अस्पताल भिजवाने के बाद जांच शुरू की।

### तीन लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

**भरथना, इटावा**। थाना के एसआई सुरेश चंद्र ने बताया कि क्षेत्र में विरौधी गांव के भुवनेश व मयंक के ख़िलाफ़ वाद विवाद करने पर, भरथना नगर के मोहल्ला जवाहर रोड के शुभम के खिलाफ मारपीट की शिकायत पर शांतिभंग करने की कार्रवाई की गई।

### लूटपाट के इरादे से घूम रहा चाकूधारी धरा गया

**इटावा**। कोतवाली सदर के एसआई नितिन कुमार को सटीक सूचना मिली कि मोहल्ला लालपुरा का वेदांत शंखवार उर्फ विशु नुमाइश से लौट रहे लोगों से लूटपाट करने के इरादे से बाइस ख्वाजा मार्ग पर घूम रहा है। इस पर फोर्स के साथ घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। तलाशी लिए जाने पर अवैध चाकू बरामद हुआ।

# जिले में 6.33 लाख से अधिक बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

कार्यालय,संवाददाता औरैया

- पेट के कीड़े निकालने के काम आती है एल्बेंडाजोल
- सभी ब्लॉक सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में चलेगा अभियान

**अमृत विचार**। मनुष्य की आंत में रहने के दौरान जीवित रहने के लिए कृमि मनुष्य के शरीर से ही पोषक तत्व खाते हैं। इसका सबसे बुरा असर एक से 19 वर्ष की आयु वर्ग में पड़ता है और कई प्रकार के लक्षण दिखने लगते हैं।

गंभीर कृमि संक्रमण की स्थिति में दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी, भूख न लगना, सीखने की क्षमता में कमी, एनीमिया और कुपोषण के लक्षण दिखते हैं। अगर वर्ष में सिर्फ दो बार पेट से कीड़े निकालने की दवा का सेवन किया जाए तो इनसे बचाव हो सकता है। इसी उद्देश्य से पहली फरवरी को सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में एक से 19 साल के 6.33 लाख से अधिक बालक-बालिकाओं को कृमि से मुक्ति के लिए पेट के कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि बच्चे कभी-कभी कुछ भी जमीन से उठाकर मुंह में डाल लेते हैं या फिर नंगे पांव ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं जिसके कारण उनके पेट में कीड़े या कृमि विकसित हो जाते हैं। एल्बेंडाजोल की गोली खाने से यह कीड़े मल के साथ बाहर आते हैं। अगर यह कीड़े पेट में मौजूद हैं तो आहार का पूरा पोषण यह कीड़े हजम कर लेते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है। बच्चा खून की कमी (एनीमिया) सहित अनेक बीमारी से ग्रस्त हो जाता है। इसकी दवा खाली पेट नहीं, कुछ खाने के बाद ही खाना है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. शिशिर पुरी ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 01 फरवरी को दवा खाने से यदि कोई बच्चा छूट जायेगा तो उन बच्चों के लिये 05 फरवरी को मॉप अप राउंड आयोजित होगा। इसमें छूटे हुए बच्चों को भी दवा से आच्छादित कर लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस बार छह लाख 33 हज़ार 600 को दवा खिलाने का लक्ष्य है । यह दवा 1398 सरकारी स्कूल, 988 प्राइवेट स्कूल और 1789 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से खिलाई जाएगी। प्रत्येक ब्लॉक के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से दो सदस्यीय टीम गठित की गयी है। उन्होंने कहा की पेट में कीड़े होने से बच्चे कुपोषित हो जाते हैं। उनमें खून की कमी हो जाती है, जिसके कारण बच्चे कमजोर होने लगते हैं। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को इस परेशानी से बचाने के लिए कीड़े निकालने की दवा उन्हें जरूर खिलाएं।

# 11 वर्ष पुराने मामले में चार दोषियों को पांच वर्ष की कैद

कार्यालय, संवाददाता औरैया

- कोर्ट ने 32-32 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार**। विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति अधिनियम सैफ अहमद ने थाना अजीतमल क्षेत्र में वादी मुकदमा व उसकी बहन बहनोई के साथ गालियां देते हुए मारपीट करने व कार पर बम से हमला करने के दोषी चार अभियुक्तों को पांच वर्ष के कारावास की सजा दी है।

अभियोजन की ओर से उक्त मामले की पैरवी कर रहे अभियोजन अधिकारी ओंकारनाथ त्रिपाठी ने बताया कि वादी मुकदमा प्रेमनारायण दोहरे निवासी पुर्वा नंदलाल ने थाना अजीतमल में रिपोर्ट लिखाई कि 23 नवंबर 2011 को उसकी बहन व बहनोई सूरत से गांव आ रहे थे।रात्रि करीब आठ बजे बस से भीखेपुर हाईवे रोड चौराहे पर उतरे ,तभी उसकी बहन दुकान पर गई तो वहां बैठे महेंद्र सिंह राजपूत, मान सिंह राजपूत, दलवीर सिंह राजपूत व रंजीत सिंह राजपूत शराब पी रहे थे। उन्होंने वादी की बहन को देखकर अपशब्द का प्रयोग किया। बाद में वादी बोलेरो गाड़ी से वहन-बहनोई को लेने पहुंचा तो उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो उसने ऐतराज किया इसपर चारों जातिसूचक गलियां दी और उसके व उसकी बहन बहनोई के साथ मारपीट की। महेंद्र सिंह ने गाड़ी के ऊपर बम फेंका। वह बोलेरो के शीशे से जा टकराया फलस्वरूप गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई तथा वादी चोट आई । मुकदमा थाना अजीतमल में पंजीकृत हुआ। यह मुकदमा विशेष न्यायालय (एससीएसटी एक्ट) सैफ अहमद द्वारा मंगलवार को निर्णीत हुआ। एडीजी ने चारों अभियुक्त महेंद्र सिंह,दलबीर सिंह, मानसिंह व रंजीत निवासीगण पूठा को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा। सभी पर 32-32 हजार रुपये अर्थदण्ड भी लगाया गया। चारों दोषियों को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### ताइक्वांडो में इटावा के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**इटावा**। राजधानी में हुई प्रतियोगिता में जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने पदक झटक कर जिले का नाम रोशन किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है। एसोसिएशन के महासचिव हिमांशु यादव ने बताया कि 27 से 29 जनवरी के बीच दो दिवसीय प्रतियोगिता के आयोजन को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कराया गया था। इसमें सब जूनियर ब्वॉयज अंडर 32 किलोग्राम भार वर्ग में अनमोल वर्मा ने स्वर्ण पदक, सब जूनियर गर्ल्स अंडर 47 किलोग्राम भार वर्ग में श्रद्धा गोयल ने कांस्य पदक प्राप्त किए। कैडेट गर्ल्स में आराध्या सिंह ने ओवर 59 किलोग्राम भार वर्ग में खेलो इंडिया के कठिन चयन प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। सब जूनियर गर्ल्स अंडर 22 किलोग्राम भार वर्ग में सिद्धि त्रिपाठी, सब जूनियर ब्बायज अंडर 29 किलोग्राम भार वर्ग में अक्षय प्रताप, कैडेट गर्ल्स अंडर 47 किलोग्राम भार वर्ग में दीपांजलि त्रिपाठी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष इं. हरि किशोर तिवारी, ध्रुव दत्त मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ. प्रत्युष तिवारी ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संघ के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान की। कोषाध्यक्ष नबीला, संघ के सह सचिव रोहित द्विवेदी, हरि गोविंद सिंह ने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की है।



पदक विजेता खिलाड़ी।

### राम मंदिर विश्व भर के सनातनियों की आस्था का केंद्र : तोगड़िया

**औरैया**। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंगदल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया का शहर में स्वागत किया गया। यहां उन्होंने कहा की राम मंदिर सनातनियों के आस्था का केंद्र है इसके बनने से विश्व भर में हिंदुओं का सम्मान बढ़ा है। अयोध्या से कानपुर होते हुए औरैया पहुंचे प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि वह भारत के प्रत्येक प्रान्त में प्रवास कर रहे है। आज राम मंदिर बनने से हिंदुओ का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मन्दिर कोई एक व्यापारी के करोड़ों रुपये से नहीं बना हैं। मन्दिर आठ करोड़ हिन्दुओं के सवा रुपये से बना है। बताया भारत में कोई हिन्दू अकेला नहीं हैं। उनकी मदद के लिए भारत के हर कोने में हमारी हिन्दू हेल्प लाइन बनी है। भारत के प्रत्येक हिन्दू की मदद कर एक जुट करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कारसेवकों व सवा रुपया देकर सहयोग करने वाले 8 करोड़ रामभक्तों को धन्यवाद दिया।



वार्ता करते प्रवीण तोगड़िया। अमृत विचार

### चेन पुलिंग से अवध एक्सप्रेस ट्रेन पांच मिनट रुकी

**भरथना, इटावा**। रेलवे स्टेशन के पश्चिमी ओर से स्थित एडवांस सिग्नल के पास मंगलवार अपराह्न एक बजे बरौनी जंक्शन से बांद्रा टर्मिनल जा रही अवध एक्सप्रेस ट्रेन में सवार किसी यात्री द्वारा जंजीर खींचने से ट्रेन रुक गई। ट्रेन के रुकते ही रेल सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंच गए मगर उससे पहले ही अज्ञात यात्री चला गया। इससे पांच मिनट बाद ट्रेन गंतव्य को रवाना हो सकी।

### फरार वारंटी पुलिस के हाथ आया

**भरथना, इटावा**। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में झिंदुआ गांव सुधीश कुमार को सटीक सूचना पर गिरफ्तार किया गया। मारपीट कर मरणासन्न करने के मामले में यह अर्से से फरार चल रहा था।

## किन्नर के ढोलक वादक को पीटा

**बकेवर, इटावा**। सोमवार शाम ढोलक वादक बाजार से घर जा रहा था रास्ते में पड़ोस के ही अशफाक के बेटे सलीम व शमीम गालीगलौज करने लगे, उसने मना किया तो लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। ढोलक वादक की चीखपुकार सुनकर लोग मौके पर आए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने घायल अस्पताल बकेवर भिजवाने के बाद हमलावर भाइयों की तलाश शुरू की।

# अनदेखी में फफूंद थाना प्रभारी लाइन हाजिर

संवाददाता,फफूंद औरैया



सुरेश कुमार

- खनन अधिकारी की सूचना पर भी नहीं की थी कार्रवाई
- 26 जनवरी को पुरस्कृत हुए थे थाना प्रभारी

अमृत विचार। जिले में खनन का खेल बड़े स्तर से चल रहा है। बीती रात फफूंद थाने के गांव शेरपुर सरैया में कई जेसीबी से खनन हो रहा था। सूचना पर पहुंचे खनन अधिकारी को देख कर सब भाग गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर पुलिस पर मिलीभगत के आरोप लगे। मंगलवार की दोपहर एसपी चारु निगम ने फफूंद थाना प्रभारी की लाइन हाजिर कर मामले की जांच सीओ बिधूना को सौंपी है। फफूंद थाना प्रभारी 26 जनवरी को उत्कृष्ट विवेचना करने पर पुरस्कृत हुए थे।

सोमवार की रात शेरपुर शरैया गांव में बड़े स्तर से खनन हो रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने खनन अधिकारी को दी। खनन अधिकारी कुलदीप कुमार मौके पर पहुंचे तो सब भाग खड़े हुए और ट्रैक्टर व जेसीबी वहीं खड़ी रही। इस पर खनन अधिकारी ने फफूंद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और चालक को बुलाकर ट्रैक्टर आदि थाने नहीं ले गई, जिससे वाहन सीज की कार्रवाई नहीं हो सकी। मंगलवार सुबह सभी ट्रैक्टर और जेसीबी वहां से गायब हो गये। इस पर फफूंद पुलिस पर खनन माफियाओं से मिलीभगत का आरोप लगा और सोशल मीडिया पर मामला वायरल होने लगा। एसपी चारु निगम ने फफूंद थाना प्रभारी सुरेश कुमार को लाइन हाजिर कर मामले की जांच सीओ बिधूना को सौंपी है। खनन अधिकारी कुलदीप का कहना है की पुलिस की लापरवाही से खनन माफियाओं। पर कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि मैं सूचना पर फोर्स के साथ पहुंच गया था। खनन अधिकारी ने ट्रैक्टर को न तो सीज की और न तो चालान किया था। आरोप निराधार है।

**सियासत** यूपी की सभी 80 सीटें जीतेगी भाजपा– नीरज, अब यहां से लोकसभा चुनाव की गतिविधियों का होगा संचालन

# इटावा लोकसभा क्षेत्र का केंद्रीय कार्यालय खुला

कार्यालय संवाददाता, इटावा




कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर मौजूद सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया, कमलावती सिंह व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार**। लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही राजनैतिक गतिविधियां तेज हो गई है। भाजपा ने अपना इटावा लोकसभा क्षेत्र का केंद्रीय कार्यालय खोल दिया है। अब यहां से लोकसभा चुनाव की गतिविधियों का संचालन होगा।

यहां तकिया स्थित चौधरी पैलेस में केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी, लोकसभा सह-प्रभारी बाबा बालक दास पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी कमलावती सिंह, लोकसभा सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने फीता काटकर किया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. रमाकांत शर्मा की अध्यक्षता में सभा हुई। लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा है कि , इस बार यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करके तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। लोकसभा सह-प्रभारी बालक दास पाल ने कहा कि लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन हो गया है। जिस कार्यकर्ता को जो जिम्मेदारी दी जाए उसे पूर्ण रूप से निभाए। लोकसभा सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि कार्यकर्ता गांव चलो अभियान के तहत संगठन द्वारा प्रदत्त ग्राम में 24 घण्टे का प्रवास कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाए। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनाव में की जान से जुट जाए। पूर्व सांसद/ विधायक रघुराज सिंह शाक्य, औरैया जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, औरैया प्रभारी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, इटावा जनपद प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, लोकसभा संयोजक रजनीश पांडेय ने संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, गोपाल मोहन शर्मा, लोकसभा सह-संयोजक राकेश पाल, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, वरिष्ठ रोहित शाक्य मौजूद रहे।

# दस्तावेज गायब करने में मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- आरोपित पहले से जेल में है, पाठक दंपति की आत्महत्या से जुड़ा है मामला

**अमृत विचार**। एआरटीओ कार्यालय के वाहन चालान बैंक में जमा करने में हुए गबन में नया मोड़ आया है। एआरटीओ अशोक कुमार ने लेखाकार ललितकांत पर अभिलेख लापता करने का आरोप लगाते हुए दिबियापुर थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। गबन मामले में जांच कर रही कानपुर की परिवहन विभाग की टीम दो बार, एक साल में हुए चालान का ब्यौरा एआरटीओ से मांग चुकी है। ऐसे में कागजात न होने के चलते मामले में हुए गबन का सही दायरा स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पुलिस आरोपित को दंपति की आत्महत्या के मामले में पहले ही जेल भेज चुकी है।

गांव भाऊपुर निवासी शिवकांत पाठक व उनकी पत्नी सीमा ने 28 दिसंबर को आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में भाई की तहरीर के आधार पर एआरटीओ कार्यालय के लेखाकार ललितकांत कटियार, नेता मिश्रा व कुछ अज्ञात बैंक कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला था। इसमें एआरटीओ कार्यालय में 19 लाख रुपये के गबन की बात सामने आई थी। आरोपित लगातार शिवकांत पर रुपये जमा करने का दबाव बना रहे थे। मामले में पुलिस ने लेखाकार को पकड़ कर जेल भेज दिया था। वहीं नेता मिश्रा को पुलिस अभी तक नहीं गिरफ्तार कर सकी है। उधर, गबन की जांच के लिए कानपुर एआरटीओ अंबुज सिंह व सहायक लेखाधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ककोर स्थित एआरटीओ कार्यालय पहुंचे थे। स्थानीय अधिकारी उन्हें महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके थे। बाद में जांच अधिकारी ने दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए एआरटीओ अशोक कुमार को नोटिस जारी किया। दस्तावेज उपलब्ध न होने से जांच आगे नहीं बढ़ सकी। सोमवार को एआरटीओ अशोक ने लेखाकार ललित के खिलाफ सरकारी दस्तावेज गायब करने के आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। 23 जनवरी को लेखाकार के कक्ष का निरीक्षण किया। अलमारी में 2020 से 2023 तक की मुख्य कैशबुक, दैनिक कैश बुक, बैंक में जमा होने वाले चालान की रसीद,वेतन पंजिका के साथ कोषागार के महत्वपूर्ण कागज गायब मिले।ललित कटियार कानपुर देहात के राजपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। क्षेत्राधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपित नेता मिश्रा की लगातार तलाश की जा रही है। दिबियापुर थाने में लेखाकार के खिलाफ दस्तावेज गायब करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 838।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14800-15000 |
| अरहरस्पेशल1 | 12400-12600 |
| चनादाल | 6850-6950 |
| मटरदाल | 5400-5500 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7050-7100 |
| उड़ददाल | 8500- 12000 |
| उड़द धोवा | 10000- 12500 |
| मूँगदाल | 9000-10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 9100 - 11000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 7000 - 8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5050-5100 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# डिजिटलीकरण से जवाबदेही में होगा सुधार

## अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र में एआरडीबी, आरसीएस के कंप्यूटरीकरण की शुरू कीं परियोजनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 225 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सहकारी समितियों के पंजीयक के लिए कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के प्रयासों से उनके कामकाज में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) के लिए कंप्यूटरीकरण परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है।

शाह ने कहा कि परियोजनाएं संपूर्ण सहकारी तंत्र को एक डिजिटल मंच पर लाकर इसका आधुनिकीकरण करेंगी और इसकी दक्षता बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा- इससे सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि कंप्यूटरीकरण की कुल लागत 225 करोड़ रुपये होगी, जिसमें से 95 करोड़ रुपये आरसीएस के कंप्यूटरीकरण पर खर्च किए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआरडीबी के कंप्यूटरीकरण से किसानों को मध्यम और दीर्घकालिक ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी, कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण जरूरी था।

अमित शाह ने कहा कि किसानों को दीर्घावधि ऋण सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए इन एआरडीबी को पैक्स से जोड़ने की योजना है। पहली पहल के तहत, 13 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में एआरडीबी की 1,851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा।

### किसानों के विकास के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता



**जबलपुर (मप्र)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर क्षेत्र में 2,367 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जबतक देश के गांवों, गरीबों, मजदूरों और किसानों का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने न केवल सड़कें बनाई हैं, बल्कि पानी को इकट्ठा करने के लिए तालाब भी बनाए हैं जिससे जल संरक्षण भी होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा-जबतक गांव, गरीब, मजदूर तथा किसान का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'स्मार्ट' शहर के साथ 'स्मार्ट' गांव विकसित करने की जरूरत है और इसमें सड़कों की अहम भूमिका है।

### जी-सोनी विलय: एनसीएलटी ने सोनी को जारी किया नोटिस

**मुंबई।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलटी) ने जी एंटरटेनमेंट के एक शेयरधारक की उस याचिका को मंगलवार को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने अपनी भारतीय इकाई का सोनी के साथ विलय करने का अनुरोध किया था। नियामक की मंजूरी के बावजूद इस विलय समझौते को पिछले सप्ताह समाप्त कर दिया गया था। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (जील) के शेयरधारक मैड मेन फिल्म वेंचर्स द्वारा दायर एक याचिका पर सोनी को नोटिस जारी किया। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के नाम से जाना जाता था।

## ईपीएस-95 में न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर 7,500 रुपये मासिक करने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **पेंशनभोगियों ने भूख हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी**

सेवानिवृत्ति कोष प्रबंधक ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-1995 (ईपीएस-95) के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर पेंशनभोगियों ने मंगलवार को भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ईपीएस-95 योजना के तहत पेंशनभोगियों को इस समय 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन मिलती है। यह पेंशन सितंबर, 2014 में लागू नियमों के मुताबिक दी जा रही है। पेंशनभोगियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे 31 जनवरी को भूख हड़ताल शुरू करेंगे। देशभर से 50,000 से अधिक पेंशनभोगियों के इस आंदोलन में शामिल होने की उम्मीद है। ईपीएफओ के आंकड़े से पता चलता है कि देशभर में 78 लाख पेंशनभोगी हैं।

पेंशनभोगियों की मांगों के लिए संघर्षरत समिति ने बयान में कहा- ईपीएस-95 की राष्ट्रीय आंदोलन समिति के नेतृत्व में पेंशनभोगी न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपये प्रति माह तक बढ़ाने एवं अन्य लाभों की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर 31 जनवरी से दूसरी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। समिति ने कहा कि केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव के आश्वासन के बावजूद उनकी मांगें पूरी नहीं की गयी हैं। समिति के अध्यक्ष अशोक राउत ने कहा- यह हमारी अंतिम चेतावनी है। बार-बार आश्वासन देने के बावजूद हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,750। |

## कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, दवा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजनाओं में बदलाव पर विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और दवा सहित कुछ क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं में बदलाव करने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि शीर्ष अधिकारियों से बदलावों की मंजूरी लेने के लिए मंत्रिमंडल टिप्पणी (नोट) को अंतिम रूप दिया गया है। बदलावों से इन क्षेत्रों को अधिक कंपनियों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस योजना की घोषणा 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2021 में 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी। इसमें दूरसंचार, 'व्हाइट गुड्स', चिकित्सकीय उपकरणों का विनिर्माण, मोटर वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, ड्रोन और दवा शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक जैसे कुछ क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि अन्य का प्रदर्शन अभी तक उतना अच्छा नहीं रहा है। सरकार ने अक्टूबर तक इलेक्ट्रॉनिक और दवा समेत आठ क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।

### सोना 200 रुपये मजबूत चांदी में भी 300 रुपये की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये की मजबूती के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 पर बंद

**मुंबई, एजेंसी**

▶▶ **रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में हुई जमकर बिकवाली**



स्थानीय शेयर बाजार में एक दिन की जोरदार तेजी के बाद मंगलवार को फिर नरमी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 802 अंक लुढ़क गया। मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 801.67 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,139.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 865.85 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.50 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,522.10 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस 5.03 प्रतिशत नीचे आया। तिमाही परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तपसे ने कहा कि कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख का भी घरेलू बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा-बजट आने में एक दिन बचा है, ऐसे में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया है।

# राष्ट्रीय

# हमें नीतीश कुमार की कोई जरूरत नहीं: राहुल

## भारत जोड़ो-न्याय यात्रा: पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में रैली को कांग्रेस नेता ने किया संबोधित

**पूर्णिया, एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को बिहार के पूर्णिया में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए। ● एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों का महागठबंधन जदयू अध्यक्ष के बिना राज्य में समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा-(हमें) नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं है... हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा-हम किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। बिहार में किसान आर्थिक अन्याय के शिकार हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश को ओबीसी, दलित, आदिवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आदि की आबादी की सटीक संख्या निर्धारित करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राहुल गांधी की यह पहली बड़ी रैली है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को पूर्णिया पहुंची। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्णिया नहीं पहुंच सके। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद ने कहा कि दृश्यता कम होने के कारण उनका (खड़गे का) विमान पूर्णिया हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच सका। रैली को खरगे ने अपने एक वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।

### विपक्षी गठबंधन खुद ही मर जाएगा : प्रल्हाद जोशी



नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को विपक्षी दलों के गठजोड़ इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का, उसे "ब्रेन डेड" कहकर मजाक उड़ाया और कहा कि यह एक अप्राकृतिक गठबंधन है और जल्द ही अपनी मौत मर जाएगा"। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि अन्य दलों के साथ झगड़ा करना कांग्रेस का स्वभाव है।

### बलात्कार पीड़िता को मिली 23 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में एक बलात्कार पीड़िता की 23 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दे दी और राज्य सरकार के स्वामित्व वाले अस्पताल को इस उद्देश्य के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की सलाह भी दी है। अदालती सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। 27 वर्षीय पीड़िता एक समस्या का सामना कर रही थी और 21 सप्ताह के बाद जब उसकी गर्भावस्था का पता चला तो वह एक दर्दनाक स्थिति में थी। देश के कानून के अनुसार 20 सप्ताह या उससे अधिक पुरानी गर्भावस्था को अदालत की अनुमति के बाद ही समाप्त किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य ने मामले की सुनवाई करते हुए दक्षिण कोलकाता के एमआर बांगुर अस्पताल को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया।

## जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंध पर समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी**



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट सेवाओं की बहाली के लिए याचिकाओं पर विचार करने के समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। साथ ही न्यायालय ने प्रशासन से उन्हें प्रकाशित करने के लिए भी कहा।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज को निर्देश लेने और सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत को अवगत कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। पीठ 'फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स' द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंधों पर केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली एक विशेष समिति द्वारा पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करने की मांग की गई थी। नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता समिति के विचार-विमर्श के प्रकाशन की मांग कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-समीक्षा आदेश किसलिए हैं? समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। कहा-समिति के विचार-विमर्श को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं हो सकता है, लेकिन पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करना आवश्यक है।

### शुआट्स के कुलपति और अन्य को धर्मांतरण मामले में प्राप्त गिरफ्तारी से संरक्षण बढ़ा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध धर्मांतरण, दुष्कर्म और अनैतिक तस्करी के एक मामले में उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के कुलपति राजेंद्र बिहार लाल और संस्थान के कुछ अन्य अधिकारियों को प्राप्त गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण मंगलवार को बढ़ा दिया।

विश्वविद्यालय की एक पूर्व संविदा कर्मचारी ने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में चार नवंबर, 2023 को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कुलपति की याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-अगली सुनवाई की तारीख तक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

### एक नजर

#### राष्ट्रपति, मोदी ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यहां राजघाट पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपिता के सम्मान में कुछ देर का मौन भी रखा गया मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं।

#### धर्मांतरण के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में धर्मांतरण के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोकड़ा गांव में बगैर अनुमति के एक बड़ी धार्मिक सभा का आयोजन किया गया था। धर्मांतरण का आयोजन देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने रफैल नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ,जबकि ओड़िसा ईसाई मिशनरी का पास्टर सहित अन्य लोग पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही फरार हो गए।

## जब तक जीवित हूं, सीएए लागू नहीं होने दूंगी : ममता

**रायगंज (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठाने के लिए मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने जीवनकाल में राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लाभ लेने के लिए आगामी चुनावों से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम यानी सीएए का मुद्दा उठाया है। बनर्जी ने कहा, चुनाव नजदीक आते देख, भाजपा ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए फिर से सीएए का मुद्दा उठाया है। लेकिन मैं यह स्पष्ट कर दूं कि जब तक मैं जीवित हूं, पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने दूंगी।

## प्रेम प्रसंग में शिक्षक ने 2 सहकर्मियों की गोली मारकर की हत्या

**रांची, एजेंसी**

▶▶ **झारखंड के गोड्डा जिले के एक स्कूल में हुई वारदात**

झारखंड के गोड्डा जिले में एक सरकारी स्कूल के एक शिक्षक ने 'प्रेम प्रसंग' को लेकर अपने दो सहकर्मियों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुद को भी गोली मारकर बुरी तरह घायल कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर पोरइयाहाट के चतरा अपग्रेडेड स्कूल में पूर्वाह्न करीब 11 बजे घटी। गोड्डा के पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने बताया-दो शिक्षकों के शव स्कूल के एक कमरे में खून से लथपथ मिले जिनमें एक महिला थी। वहीं आरोपी शिक्षक भी गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गोली चलने की आवाज सुनी तो वे वहां पहुंचे और कमरे को अंदर से बंद पाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ दिया लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

# बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों को दिया गया आश्वासन**

सरकार ने मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं से कहा कि वह 31 जनवरी से आरंभ हो रहे संसद के बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। बजट सत्र के मद्देनजर सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बैठक में बातचीत बहुत सौहार्दपूर्ण रही और सरकार इस छोटे सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव से पहले यह आखिरी सत्र है।

रक्षामंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जदयू के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो-न्याय यात्रा पर हिंसक हमले और उस पर राज्य सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदियों का मुद्दा उठाया। उच्च सदन में कांग्रेस के उप नेता तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि देश में अघोषित तानाशाही कायम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इस बार 31 जनवरी से 9 फरवरी के बीच संसद सत्र होगा।

### सांसदों का निलंबन वापस लिया जाएगा

संसद के बजट सत्र में संसद में अनुकूल माहौल बनाने के लिए सरकार ने पिछले सत्र में निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव किया है और दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बुधवार से शुरु हो संसद के संक्षिप्त बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सांसदों का निलम्बन वापस लेने के बारे में लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्यसभा के सभापति से बात की है। उन्होंने कहा कि बैठक में कुल 30 दलों के 45 नेताओं ने हिस्सा लिया और सभी ने अनुकूल माहौल में अपनी बातें रखी। बैठक में सरकार ने सांसदों से आग्रह किया है कि यह 17वीं लोकसभा का आखिरी और बहुत छोटा सत्र हैं। सत्र में संसद का काम पूरा हो सके इसलिए सौहार्दपूर्ण माहौल में संसद चलाने और सदन में तख्तियां लेकर नहीं आएं।

### राजस्थान पीएफआई षड्यंत्र मामले में तीन के खिलाफ आरोप-पत्र दायर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने को उन्हें लड़ने के लिए हथियारों का प्रशिक्षण देने से संबंधित मामले में प्रतिबंधित पीएफआई के तीन कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर रोकथाम की कार्रवाई करते हुए राजस्थान पीएफआई षड्यंत्र मामले में वाजिल अली, मुबारक अली और शमशेर खान के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया गया है।

## संयुक्त परिवार का चलन समाप्त होने से वृद्धजनों की नहीं हो पा रही देखभाल

**मुंबई, एजेंसी**

**बंबई उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी**



बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अपनी मां के घर को खाली करने का आदेश दिया जिस पर उसने और उसकी पत्नी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। अपने फैसले में अदालत ने टिप्पणी की है कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण बुजुर्गों की उनके स्वजनों द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है।

न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, "संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण, बड़ी संख्या में बुजुर्गों की देखभाल उनके परिवार द्वारा नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विधवा महिलाएं अब अपने जीवन के अंतिम वर्ष अकेले बिताने को मजबूर हैं और भावनात्मक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं तथा भौतिक व वित्तीय सहायता की कमी से जूझ रहे हैं।" यह आदेश उपमंडल अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें उन्हें उपनगरीय मुलुंड में अपनी बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने का निर्देश दिया गया था। महिला के अनुसार, 2015 में उसके पति की मृत्यु के बाद, उसका बेटा और बहू उससे मिलने आए और उसके बाद घर छोड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर उसे परेशान किया और उसे घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। बाद में महिला अपने बड़े बेटे के साथ ठाणे में रहने लगी। उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी और व्यक्ति और उसकी पत्नी को 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने का निर्देश दिया।

